

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आम ने बढ़ाया यूपी का मान व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 288, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कानपुर नगर, रविवार, 8 जून 2025




**आज का मौसम**

40.4° अधिकतम तापमान | 25.6° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 14 | सूर्यास्त 07 :08


अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने को भारत तैयार नहीं ...14


## कश्मीर घाटी में वंदे भारत...



कश्मीर घाटी को देश से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का रियासी जिले के कटरा से श्रीनगर के लिए शनिवार को विधिवत संचालन शुरू हुआ। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से गुजरने वाली इस ट्रेन से तमाम यात्रियों ने अपनी पहली यात्रा की। ट्रेन और पुल को लेकर उनमें खासा उत्साह रहा। इसी शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने इस ट्रेन और पुल का लोकार्पण किया था।

# महाराष्ट्र चुनाव में हुई थी मैच फिक्सिंग,अब बिहार की बारी

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर धांधली का मढ़ा आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा ने मैच फिक्स करके जीता और अब बिहार में भी ऐसा ही किया जाएगा। गांधी ने एक्स पर एक अंग्रेजी दैनिक में छपे अपने लेख को पोस्ट करते हुए शनिवार को लिखा कि चुनाव की चोरी का पूरा खेल। वर्ष 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। अपने आर्टिकल में मैंने विस्तार से बताया है कि कैसे यह साज़िश कदम-दर-कदम रची गई।



उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले पैनल पर कब्ज़ा किया गया फिर वोटर लिस्ट में फर्ज़ी मतदाता जोड़े गए, फिर मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया और जहां भाजपा को जिताना था, वहां टारगेट करके फर्जी वोटिंग कराई गई और फिर सबूतों को छुपा दिया गया।

गांधी ने कहा कि चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग जैसी होती है,जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है। उन्होंने कहा कि हर ज़िम्मेदार नागरिक को सबूतों को खुद देखना चाहिए, सच्चाई समझनी चाहिए और जवाब मांगने चाहिए। गांधी ने कहा कि चुनाव में मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर हैं।

### चुनावी हारों से हताश हो लगा रहे आरोप : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट' करार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश हैं और इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं। नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि गांधी का लेख फर्जी विमर्श गढ़ने का एक ब्लूप्रिंट है। वह बेशर्मी से झूठ फैलाते रहते हैं। और, वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बिहार में उनकी हार निश्चित है।

### निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान : ईसीआई

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज करते हुए निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि अनुकूल चुनाव परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका काम है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग के आरोप पर निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

## एक नजर

### गोल्डी बरार और चार अन्य के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2024 में गुरुग्राम के दो क्लबों में बम हमलों से संबंधित मामले में कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादी गोल्डी बरार सहित पांच के खिलाफ आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। एनआईए ने पंचकूला की एक कोर्ट में दायर आरोपपत्र में सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार के साथ सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका के रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक पर बीएनएस, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं।

### टी रबी शंकर बने 16वें वित्त आयोग में सदस्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक पूर्णकालिक सदस्य पूर्व वित्त सचिव अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने के चलते यह नियुक्ति की गई। राष्ट्रपति ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया है। शंकर कार्यभार संभालने की तारीख से लेकर आयोग के अपनी रिपोर्ट सौंपने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक, जो भी पहले हो, अपने पद पर बने रहेंगे।

# शिक्षा प्रणाली में शामिल किए जाएं आपदारोधी उपाय : मोदी

### आपदारोधी अवसंरचना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय से आपदा से निपटने के लिए वित्त-पोषण की अभिनव व्यवस्था किए जाने और आपदा रोधी उपायों को शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाए जाने पर बल दिया है। मोदी ने आपदा रोधी अवसंरचना पर फ्रांस के नाइस शहर में चल रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए अभिनव वित्त पोषण की आवश्यकता है। हमें कार्रवाई योग्य कार्यक्रम तैयार करने चाहिए और वित्त तक विकासशील देशों की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि आपदा से निपटने के लिए पाठ्यक्रम, मॉड्यूल और कौशल विकास कार्यक्रम को उच्च शिक्षा का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कुशल कार्यबल का निर्माण होगा, जो भविष्य की चुनौतियों से निपट सकता है। शनिवार को सम्पन्न हो रहा दो दिन का यह शिखर सम्मेलन पहली बार यूरोप में आयोजित किया गया है। पिछले साल अप्रैल में नई दिल्ली में हुआ था। इस बार सम्मेलन का विषय था- तटीय क्षेत्रों के लिए सुदृढ़ भविष्य को आकार देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदाओं का सामना करने और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के विषय में दूसरे देशों के अनुभवों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन विषयों में सर्वोत्तम प्रथाओं का एक वैश्विक डिजिटल संग्रह तैयार करना लाभकारी होगा। मोदी ने कहा कि हम छोटे द्वीपीय विकासशील देशों को बड़े महासागरीय देशों के रूप में देखते हैं। उनकी अतिसंवेदनशीलता के कारण उन पर विशेष रूप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आपदाओं के संबंधी प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की मज़बूती और समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया।

### अवसंरचना निर्माण के लिए पांच प्राथमिकताओं का जिक्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अपनी पांच प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जिसमें कुशल कार्यबल, सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक वैश्विक डिजिटल संग्रह और अभिनव वित्तपोषण शामिल है। मोदी ने कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना और तालमेल बिठाना एक अन्य अहम पहलू है। आपदा रोधी बुनियादी ढांचे से आशय ऐसी लचीली अंवसरचना से है जो आपदा का सामना करने में सक्षम हो। फ्रांस में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को धन्यवाद दिया।

### किसान कल्याण के लिए और उत्साह से जारी रहेंगे प्रयास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान उनकी सरकार की कई पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि में बदलाव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने एक्स पर कहा कि अपने मेहनतकश किसानों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है... हमने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बहुत लाभकारी रहे हैं। आने वाले समय में किसानों के कल्याण की दिशा में हमारे प्रयास और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेंगे। मोदी ने कहा कि हमारे किसान भाई-बहनों को पहले जहां छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उधार लेने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं बीते 11 साल में हमारी सरकार के निर्णयों से उनका जीवन बहुत आसान हुआ है।

## छत्तीसगढ़ में दो महिला समेत पांच नक्सली मार गिराए

- गोला-बारूद का जखीरा और हथियार बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद दो महिला समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने पिछले चार दिनों में दो नक्सली नेता समेत कुल सात नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी सात नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार चार जून से बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

सुरक्षाबलों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन अन्य माओवादियों का शव बरामद किया। शनिवार को दो अन्य नक्सलियों का शव बरामद किया गया। बरामद पांच अज्ञात नक्सली शवों की पहचान करने का प्रयास जारी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिसमें दो एके-47 राइफल भी शामिल हैं।

### माध्यमिक विद्यालयों के लिए शासनादेश जारी

# एडेड विद्यालयों में अब ऑनलाइन तबादला भी

- आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन तबादले करने का शासनादेश शनिवार को जारी कर दिया गया है। इसके तहत आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे।

शासन की ओर से विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला करने का आदेश जारी किया है। यह पहली बार है जब एडेड माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन तबादले का अवसर मिलेगा। वहीं, आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे। यह जिले हैं सोनभद्र, चंदोली, बहराइच, श्रावस्ती, बररामपुर, फतेहपुर, चित्रकूट और सिंद्धार्थनगर। जारी आदेश में ऑनलाइन तबादले के मानक भी तय किए गए हैं।

बता दें कि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में लगभग हर काम ऑनलाइन ही हो रहा है पर एडेड कॉलेजों के शिक्षकों के तबादलों के लिए अभी तक ऑफलाइन प्रक्रिया ही अपनाई जा रही थी। इससे एडेड कॉलेजों के शिक्षकों में काफी रोष था।

### अंतर जनपदीय तबादले को नौ से आवेदन करें शिक्षक

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए आनलाइन आवेदन 9 से 12 जून तक होंगे। इससे पहले छह से सात जून तक आरटीई मानकों के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार शिक्षकों की आवश्यकता वाले और ज्यादा शिक्षकों वाले जिलों को चिह्नित कर सूची आनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। शिक्षकों को आवेदन की कापी संबंधित बीएसए कार्यालय में 13 जून तक जमा करनी होगी। 14 जून को आनलाइन सत्यापन के बाद 16 जून को स्थानांतरण सूची जारी की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने इस संबंध में सभी बीएसए को आदेश जारी किए हैं।

# सिक्किम में फंसे 76 सैनिकों को बचाया

- भूस्खलन प्रभावित छातेन से किए गए एयरलिफ्ट

गंगटोक, एजेंसी



सिक्किम से एयरलिफ्ट किए गए सेना के जवान। ● एजेंसी

उत्तरी सिक्किम में छातेन से 76 सैन्यकर्मियों को शनिवार को हवाई मार्ग से निकाला गया जहां भारी बारिश की वजह से भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क टूट गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही समन्वित निकासी प्रयास पूरा हो गया है। इस प्रयास के तहत वहां फंसे सभी पर्यटकों को भी बचाया जा चुका है। एक अधिकारी ने बताया कि कुल 76 सैन्यकर्मियों को तीन एमआई-17 हेलीकॉप्टर द्वारा हवाई मार्ग से निकाला गया। हेलीकॉप्टर ने सेना के जवानों को छातेन से पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे तक पहुंचाया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। हाल में भारी बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में कई जगह भूस्खलन हुआ जिससे क्षेत्र में सड़क संपर्क बाधित हो गया। इस आपदा के कारण लाचेन, लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में 1,600 से अधिक पर्यटक कई दिनों तक फंसे रहे जिन्हें बाद में सुरक्षित निकाल लिया। 140 से अधिक पर्यटकों को निकालने के लिए कई हेलीकॉप्टर की मदद ली गई।

## महेंद्र देव बने पीएम आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के पूर्व कुलपति एस महेंद्र देव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के नए चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला है।

प्रख्यात अर्थशास्त्री देव ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लिया, जो ईएसी-पीएम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी एक आदेश में पहले कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने दो साल के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है।

# केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की हाइवे पर लैंडिंग

- हार्ड लैंडिंग में पायलट चोटिल सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित
- टेल रोटर की चपेट में आने से सड़क पर कार क्षतिग्रस्त

मुख्य संवाददाता, देहरादून





रुद्रप्रयाग में सड़क पर हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में शनिवार दोपहर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम ले जा रहे हेलीकॉप्टर को टेक ऑफ के दौरान तकनीकी खराबी आने पर आपात स्थिति में सिरसी के पास हाइवे पर उतारना पड़ा।

पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि आपात लैंडिंग के दौरान पायलट चोटिल हो गया। रिहायशी भवनों के बहुत करीब उतारे गए इस हेली के टेल रोटर की चपेट में आने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि पायलट और सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित रहे। कोई अन्य व्यक्ति भी हेली की चपेट में नहीं आया।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि क्रेस्टेल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का एक हेलीकॉप्टर अपने बड़ासू स्थित बेस से केदारनाथ धाम के लिए पांच यात्रियों के साथ टेक-ऑफ कर रहा था। इसी दौरान उसमें कुछ तकनीकी खामी आ गई। खामी का पता चलते ही पायलट ने नज़दीक में खाली सड़क देखकर आपातकालीन लैंडिंग करवाई। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत छह लोग सवार थे और वे बाल-बाल बच गए। चोटिल पायलट को अस्पताल ले जाया गया।

## केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

- बेंगलुरु में भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी का दिया हवाला

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली खिताबी जीत के जश्न मनाने के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई दुखद भगदड़ के बाद नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे दे दिए हैं।

चार जून को हुई इस दुखद घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। शंकर और जयराम ने अपनी सीमित भागीदारी के बावजूद छह जून को केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को अपने इस्तीफे पत्र सौंप दिए। दोनों पदाधिकारियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमारी भूमिका हालांकि बहुत सीमित थी, हमने नैतिक जिम्मेदारी के कारण अपना इस्तीफा दे दिया है। इस त्रासदी के बाद आरसीबी, इवेंट आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स और केएससीए के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और सार्वजनिक सुरक्षा उल्लंघन सहित कई आरोपों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# प्रौद्योगिकी केवल पूरक हो, मानव मस्तिष्क की जगह न ले

### सीजेआई गवई ने कहा-न्यायिक निर्णय लेने में विवेक, सहानुभूति का कोई विकल्प नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए, बल्कि उसका पूरक होना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि न्यायिक निर्णय लेते समय विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या का स्थान कोई नहीं ले सकता। न्यायमूर्ति गवई लंदन विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय कानूनी प्रणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।



- भारतीय कानूनी प्रणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषयक व्याख्यान को किया संबोधित

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका स्वचालित वाद सूचियों, 'डिजिटल कियोस्क' और आभासी सहायकों जैसे नवाचारों का स्वागत करती है, लेकिन उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मानवीय निगरानी, नैतिक दिशानिर्देश और मजबूत प्रशिक्षण उनके कार्यान्वयन का अभिन्न अंग हों। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या का मूल्य अपूरणीय है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्यायपालिका देश की संवैधानिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप घरेलू नैतिक ढांचे के विकास को लेकर बेहतर स्थिति में है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि हमारे पास तकनीकी विशेषज्ञता, न्यायिक दूरदर्शिता और लोकतांत्रिक जनादेश है, जिससे हम ऐसी प्रणालियां विकसित कर सके जो समानता, सम्मान और न्याय के हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करती हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद पहले ही सप्ताह में, मैंने न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग पर एक व्यापक नोट तैयार करने के लिए उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान और योजना केंद्र के साथ चर्चा शुरू की थी।

सीजेआई ने कहा कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए, बल्कि उसका पूरक होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमेशा इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का उपयोग विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए किया जाए - न्याय के मूल में मानवीय विवेक का स्थान लेने के लिए नहीं।

### न्याय केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि न्याय तक पहुंच केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। विधि विद्यालयों, नागरिक समाज, कानूनी सहायता संस्थानों और सरकारों को ऐसे तकनीकी मॉडल विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए जो सुलभ, पारदर्शी और समावेशी हों। इस बीच, लंदन अंतर्राष्ट्रीय विवाद सप्ताह के अवसर पर आयोजित सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) और ट्राइलीगल के संयुक्त कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने मध्यस्थता को महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि हाल के दशकों में न्याय प्रक्रिया ने वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है।

# पांडु के दोनों ओर 100 मीटर हरित बफर जोन

## रिंग रोड के आस-पास आवासीय और व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी, पांडु नदी से सटाकर हो रही प्लाटिंग हटेगी

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** पांडु नदी के आस-पास यदि प्लाट खरीद रहे हैं तो रुक जाइये। नदी के दोनों ओर 100 मीटर के दायरे में हरित बफर जोन विकसित होगा। नये क्षेत्रों में यह प्लान लागू होगा। पांडु नदी के पुराने आवासीय क्षेत्रों में ग्रीन बफर का दायरा 30 मीटर ही रखा गया है। अधिकारियों के अनुसार इससे नदी और उसके जलग्रहण क्षेत्र की रक्षा होगी। वहीं, रिंग रोड के आस-पास के क्षेत्रों में आवासीय और व्यवसायिक गतिविधियां भी आने वाले समय में तेजी से बढ़ेगी। केडीए के मास्टर प्लान 2031 में इसकी रूपरेखा तय कर दी गई है। इसके साथ ही पूर्व में प्रस्तावित बस टर्मिनल को हमीरपुर रोड व ट्रक पार्किंग को पांडु नदी से आगे स्थानांतरित करने का बदलाव भी मास्टर प्लान में किया गया है।

बर्रा, मेहरबान सिंह का पुरवा में नदी के आस-पास केडीए व निजी कॉलोनियां विकसित की गई हैं। वहीं इसके आगे जब नदी बहती है तो बड़ी संख्या में निजी कॉलोनाइजर्स 30 मीटर के हटकर प्लाटिंग कर रहे हैं। जबकि नए स्थानों पर मास्टर प्लान 2031 के अनुसार 100 मीटर तक ग्रीन बफर जोन विकसित करना है। ऐसे में की जा रही नई प्लाटिंग भविष्य में हटाया जाना निश्चित है। इसके साथ ही मास्टर प्लान 2021 से 2031 में बहुत बदलाव किये गये हैं। यहां पूर्व में प्रस्तावित बस टर्मिनल की जगह को आवासीय करने की योजना है। केडीए के अधिकारियों के अनुसार 2021 का बस टर्मिनल अब डीएफसी और एनएचएआई के प्रस्तावित रिंग रोड के बीच में आ रहा है। इसलिये बस टर्मिनल को पांडु नदी से आगे शिफ्ट करने का प्रस्ताव है, ताकि इसे हमीरपुर रोड और नई रिंग रोड के साथ शहरीकरण योग्य क्षेत्र से बाहर विकसित किया जा सके। इसी तरह जिला पार्क से आवासीय और ग्रीन बफर, आवासीय से वाणिज्यिक क्षेत्र पूर्व में प्रस्तावित ट्रक पार्किंग से पीएसपी, सीवेज फार्म का कुछ हिस्सा एसटीपी और बाकी हिस्सा ग्रीन और जिला पार्क के लिये प्रस्तावित कर दिया गया है।


पांडु नदी के किनारे अभी तेजी से प्लाटिंग हो रही है। अमृत विचार

**2031** मास्टर प्लान में हुए कई बदलाव

**30** मीटर रहेगा पुराने क्षेत्रों का हरित बफर

- मास्टर प्लान 2031 में कई बदलाव, ट्रक पार्किंग को आगे स्थानांतरित करने का प्रस्ताव

### 100 मीटर चौड़ी सड़क का विकास संभव नहीं

मास्टर प्लान 2021 की 100 मीटर चौड़ी सड़क का हिस्सा हटाना है। जुगराजपुर गांव के पास डीएफसी से तिलसहरी गांव के पास हाई टेंशन लाइन तक प्रस्ताव है। एनएचएआई द्वारा नए रिंग रोड अलाइनमेंट के प्रस्ताव के कारण पूर्व की 100 मीटर चौड़ी सड़क का विकास संभव नहीं होगा। इसलिए नये मास्टर प्लान में कुछ हिस्सों को हटाने का प्रस्ताव है।

### पहले से ही मौरंग मंडी विकसित

- नये मास्टर प्लान में आवासीय का कुछ हिस्सा वाणिज्यिक के रूप में प्रस्तावित किया गया है क्योंकि जमीन पर पहले से ही मौरंग मंडी विकसित है। ट्रक पार्किंग को पीएसपी के रूप में प्रस्तावित किया गया है। क्योंकि यह अब डीएफसी और एनएचएआई के प्रस्तावित रिंग रोड के बीच भी आती है। ट्रक पार्किंग को पांडु नदी से आगे स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है ताकि इसे हमीरपुर रोड और नई रिंग रोड के साथ शहरीकरण योग्य क्षेत्र के बाहर विकसित किया जा सके। 2021 का बस टर्मिनल अब डीएफसी और एनएचएआई के प्रस्तावित रिंग रोड के बीच में आ रहा है। इसलिये बस टर्मिनल को पांडु नदी से आगे शिफ्ट करने का प्रस्ताव है।

## रिश्तेदारों ने हड़प लिए 13.56 लाख रुपये

**कानपुर।** रिश्तेदारों ने ही जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर लिए 13.56 लाख रुपये हड़प लिए। ठगी की शिकार महिला ने डीसीपी दक्षिण से शिकायत की और के आरोपी मौसा-मौसी समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

यशोदानगर के एन-ब्लाक निवासी गौरा देवी जायसवाल के अनुसार सितंबर 2022 को बांदा के अतर्रा छिवाव गांव निवासी उसकि मौसी मिथलेश गुप्ता, मौसा महेश गुप्ता, मौसेरा भाई आलोक गुप्ता और मौसेरी बहन दीप्ती गुप्ता उसके घर आए। उन्होंने बताया कि गांव के दबंग उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए उन्हें कुछ पैसों की जरूरत है। इस पर उन्होंने दो लाख रुपये दे दिए। उसके कुछ समय बाद और रुपये मांगे तो 91 हजार रुपये मौसेरी बहन के खाते में ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद बिल्डिंग मैटेरियल खरीदने के लिए 10.65 लाख और लिए। पैसों की वापसी के लिए पूछा तो बताया कि होम लोन होते ही लौटा देंगे। कुल 14 लाख रुपये लिए। बाद में कई बार में केवल 96 हजार रुपये की लौटाए। मांगने पर अभद्रता की और धमकी दी। पैसे ने देने का इरादा देखकर उन्होंने डीसीपी दक्षिण से शिकायत कर पूरी घटना बताई। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि लेनदेन का मामला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बिना वीडियोग्राफी नर्सिंग होम के लाइसेंस जनरेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाधिकारी ने दिए थे वीडियोग्राफी के निर्देश

**अमृत विचार।** जिले में कितने नर्सिंग होम का संचालन किस स्तर पर किया जा रहा है, इसकी वीडियोग्राफी के निर्देश जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दिए थे। नए लाइसेंस भी वीडियोग्राफी के बाद जारी करने के निर्देश दिए थे। लेकिन बिना वीडियोग्राफी के ही नए लाइसेंस बनाए व अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है।

कानपुर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई हॉस्पिटलों का संचालन किया जा रहा है, जो मानक के विहीन हैं। इसकी जानकारी तब होती हैं जब किसी मरीज की मौत होने पर परिजन हंगामा करते हैं या शासन से सख्ती होने पर नोडल अधिकारी जांच के लिए नर्सिंग होम जाते हैं। सख्ती दिखाते हुए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएमओ डॉ.हरि दत्त नेमी को सभी नर्सिंग का लाइसेंस वीडियोग्राफी के बाद जारी करने या अपडेट करने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ने सभी एसीएमओ व नोडल अधिकारी को निर्देश दिए थे, लेकिन स्वास्थ्य कर्मी बिना वीडियोग्राफी के नर्सिंग होम का लाइसेंस अपडेट कर रहे हैं। सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि इस संबंध में जानकारी नहीं है, अगर किसी स्वास्थ्य अधिकारी या कर्मचारी ने ऐसा किया है तो मामले की जांच कराकर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

## सार-संक्षेप



बैठक में महंत जितेंद्र दास और महंत श्रीकृष्ण दास। अमृत विचार

### 27 को निकलेगी जगन्नाथ यात्रा

**कानपुर।** भगवान जगन्नाथ जी रथ यात्रा (प्रथम दिवस) 27 जून को निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के विभिन्न इलाकों से होती हुई वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। यह जानकारी शनिवार को पनकी मंदिर के महंत जितेंद्रदास व कृष्णदास ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रा जगन्नाथ मंदिर बाई जी जनरल गंज से निकलेगी। कई मोहल्लों से होकर प्रयाग नारायण शिवाला के बाहर कुछ देर विश्राम करेगी। विश्राम के बाद यात्रा रथ सरसैया घाट जायेगा। वहां भगवान की आरती पूजा के बाद रथ लौट कर चटाई मोहाल, कमला टावर सिरकी मोहाल, लाठी मोहाल होते हुए जगन्नाथ जी कि गली जनरलगंज में पूर्ण विश्राम करेगी। यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ जी के साथ बलराम जी व माता सुभद्रा जी रजत जड़ित रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

### एनएसआई की प्रवेश परीक्षा आज

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) कानपुर की प्रवेश परीक्षा 8 जून को होगी। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का आयोजन देश के विभिन्न शहरो में बनाये परीक्षा केंद्रों पर होगा। दो पालियों में परीक्षा होगी। इसमें पहली पाली सुबह 11 से 12 बजे तक और दूसरी दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। संस्थान की ओर से बताया गया कि परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, ब्लूटुथ आदि ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। केंद्रों पर जांच पड़ताल के बाद परीक्षार्थी केंद्र के अंदर जा सकेंगे। संस्थान की निदेशक डा सीमा परोहा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में पहली बार अभ्यर्थियों का आधार प्रमाणीकरण करवाया गया है। इसका मिलान कॉउंसलिंग के दौरान किया जाएगा।

### पॉलीटेक्निक के परीक्षार्थियों को मौका

**कानपुर।** राजकीय पॉलीटेक्निक परीक्षा में उन छूटे परीक्षार्थियों को परीक्षा देने का मौका मिला है जो 5 व 6 जून को हुई परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से आयोजित करायी जा रही है। वर्ष-2025 की कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा में 5 जून व 6 जून को ग्रुप-ए में ऐसे परीक्षार्थी जो किन्हीं कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाये हैं ऐसे परीक्षार्थियों को उन्हें पूर्व में आवंटित अथवा उसी जनपद के अन्य परीक्षा केन्द्रों पर 8 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के तीनों पालियों में परीक्षा देने का मौका मिलेगा। इसी तरह 9 जून को प्रात : पाली (प्रथम पाली प्रात : पाली 8 से 10 :30 बजे तक) में पालीटेक्निक में प्रवेश के लिए दोबारा परीक्षा का अवसर दिया जा रहा है। उन्हें एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा।

### संदिग्ध हालात में किशोरी लापता, अपहरण की रिपोर्ट

**कानपुर।** सनिगवां में संदिग्ध हालात में 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने इलाके के एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सनिगवां निवासी पीड़िता के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बहन पिछले काफी समय से उसके साथ रह रही है। बीती पांच जून की शाम को वह घर से लापता हो गई। इंतजार के बाद उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीड़िता ने बताया कि उसे इलाके के एक युवक अनुज कुमार पर संदेह है। जो बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। किशोरी की तलाश की जा रही है।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते डॉ. अमित मोहन पद्मावत। अमृत विचार

# ज्योतिष महासम्मेलन 19 को नई दिल्ली में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ज्योतिषाचार्य, भागवताचार्य, आचार्य, वास्तु विशेषज्ञ शामिल होंगे

**अमृत विचार।** एमपी इंस्टीट्यूट आफ एस्ट्रोलॉजी एंड वैदिक साइंस की तरफ से नई दिल्ली में 19 जून को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एक दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य एक मंच पर उपस्थित होकर भारत को 2025 में विश्व गुरु बनने के बारे में व्याख्यान देंगे। यह जानकारी शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान आयोजक ज्योतिषाचार्य डॉ. अमित मोहन पद्मावत ने दी।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से ज्योतिषाचार्य, भागवताचार्य, आचार्य, वास्तु विशेषज्ञ शामिल होंगे। मुख्य अतिथि कानपुर लोकसभा के सांसद रमेश अवस्थी होंगे। विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद कुमार नंदी, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी अरुण पाठक, विनय वर्मा, मध्य प्रदेश से कैलाश सोनी, पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, दिल्ली क्राइम ब्रांच के कमिश्नर अक्षय रस्तोगी और हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी, आदित्य बिड़ला ग्रुप के वाइस चेयरमैन विनोद कुमार वर्मा आदि रहेंगे। प्रेस वार्ता में अजय पाठक, सत्यम शुक्ला, राजेश वर्मा, मोहित वर्मा, महेश वर्मा, राहुल मिश्रा, अजीत वर्मा, संजय तिवारी, शिव प्रताप परिहार, बबिता सोनी, राजेश वर्मा, उद्देश्य सचान, सचिन गुप्ता, अभिषेक कनौजिया आदि लोग मौजूद थे।

# बच्चे रोते रहे और मां ने लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति को बहाने से बाजार भेजकर दे दी जान

**अमृत विचार।** पति को बहाने से बाजार भेजकर पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। इस दौरान बच्चे रोते रहे। एक घंटे बाद लौटने पर पति ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। बच्चे ने पिता की आवाज सुनकर किसी तरह दरवाजा खोला। बच्चों को रोता पाकर पिता कमरे में पहुंचा तो पत्नी का शव फंदे से लटका देख सन्न रह गया। सूचना पर पहुंची रावतपुर पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

मूलरूप से उन्नाव के बांगरमऊ सिद्धपुर पलसिया निवासी सूरज कुशवाहा रावतपुर में रहकर मजदूरी करता है। चार माह पहले ही उसने राणा प्रतापनगर में राकेश के मकान में कमरा लिया था। परिवार में 23 वर्षीय पत्नी रोशनी, बेटा कृष्णा व सितांश हैं। सूरज ने उसने बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे पत्नी ने उसे 100 रुपये दिए और कहा कि बाजार से चिकन और बर्फ ले आओ।

इस पर वह घर से निकल गया, एक घंटे बाद लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खोलने के लिए उसने पत्नी को 16 कॉल की, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद कमरे से बच्चों के रोने की आवाज आई तो दरवाजा खटखटाने लगा। बड़े बेटे कृष्णा ने किसी तरह दरवाजा खोला। जब वह कमरे के अंदर दाखिल हुआ तो पत्नी का शव पंखे से लटका देखा। सूरज के अनुसार उस कमरे में पहले भी दो महिलाएं आत्महत्या कर चुकी हैं। 10 दिन पहले पत्नी ने उससे कहा था कि उसे कोई दिखता है और कहता है कि घर में पूजा कराओ। कुछ समय पहले पूजा भी कराई थी। रावतपुर थाना प्रभारी केके मिश्रा के अनुसार महिला ने आत्महत्या की है। आतमहत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** चकेरी में शनिवार सुबह इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय परिवार के लोग खेत पर थे। सनिगवां सराय निवासी अतर सिंह प्लंबर हैं। परिवार में पत्नी सुमन, 17 वर्षीय बेटी प्रियांशी वह छोटी बेटी नैंसी है। परिजनों ने बताया कि प्रियांशी इंटर की छात्रा थी। शनिवार तड़के उसके पिता खेत पर थे, मां जानवरों के लिए चारा की व्यवस्था में लगी थी। छोटा भाई आयुष व बहन नैंसी घर में कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान प्रियांशी ने आंगन में मां की साड़ी से आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने आंगन में फंदे से शव लटका देखा तो शोर मचाया। परिजन आए और पुलिस को सूचना दी। चकेरी इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजन आत्महत्या का का कारण नहीं बता सके हैं। जांच की जा रही है।

## रंजिश में वृद्ध को घेरकर पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** गांधीग्राम में रंजिश के चलते आरोपी ने वृद्ध को घेरकर मारापीटा। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांधीग्राम निवासी रामलखन यादव के अनुसार बीती पांच जून की रात दस बजे वह अपने बेटे अलौकिक को बाइक से सेंट्रल स्टेशन छोड़ने गए थे। लौटते समय आरोपी सोनू यादव, आकाश यादव, अमन यादव, अभिषेक यादव और अजीत समेत उनके दो अन्य ने उन्हें गांधीग्राम चौराहा के पास उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया।

# केंद्र सरकार की विफलताएं बताने के लिए कांग्रेस लगाएगी चौपालें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस का आरोप: हर मोर्चे पर भाजपा सरकार फेल


**अमृत विचार।** कांग्रेस का आरोप है कि 11 वर्षों से सत्ता सुख भोग रही केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल हो चुकी है। ऐसे में भाजपा सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वार्डस्तर पर चौपाल लगाएंगे।

शनिवार को कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में रामबाग में बैठक हुई जिसमें नगर अध्यक्ष ने कहा कि नोटबंदी ने देश को काफी पीछे धकेल दिया है। इंस्पेक्टर राज और जीएसटी के कारम व्यापार चौपट हो चुका है। करोड़ों युवा बेरोजगार हैं। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे खराब हालात में है। भाजपा सरकार अपनी उपलब्धियों को बताने के लिए जनता के बीच जाने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन भाजपाई जनता को झूठ परोसेंगे। कांग्रेस ऐसे झूठ का पर्दाफाश करेगी। पदम मोहन मिश्रा, राकेश साहू, नरेश त्रिपाठी, अवनीश सलूजा, रितेश यादव, राम शंकर राय, विजय नारायण शुक्ला, सुरेन्द्र भदौरिया आदि थे।

विकास | प्रमुख सचिव नगर विकास ने सराहा स्पोर्ट्स क्लब, मैच भी खेला

# दक्षिण और लखनऊ में भी बने स्पोर्ट्स हब : अमृत अभिजात


स्पोर्ट्स हब का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, साथ में महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार


प्रमुख सचिव ने कोर्ट में हाथ भी आजमाया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रमुख सचिव नगर विकास एवं लखनऊ स्थित क्षेत्रीय नगरीय एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र की शासी परिषद के अध्यक्ष अमृत अभिजात ने शनिवार को द स्पोर्ट्स हब का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायी और समाजोपयोगी पहल बताया। कहा कि यह प्लेटफॉर्म देश के प्रमुख शहरों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिक जीवन, स्वास्थ्य, पर्यावरण और समावेशिता को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने महापौर प्रमिला पांडे के साथ क्रिकेट और पिकल बॉल में हाथ आजमाए। टीएसएच का इंफ्रास्ट्रक्चर देखकर उन्होंने कहा कि ऐसा एक केंद्र कानपुर साउथ और लखनऊ में भी होना चाहिए।

अपर मुख्य सचिव ने मैदान में खेल रहे उन्नाव के डीएम गौरांग राठी से भी मुलाकात की और कहा लखनऊ में भी जगह तलाश कर वहां भी ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कराया जाएगा। ईडब्लूएस के तहत प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों से भी बात की। कहा कि यहां एक रूफ टॉप रेस्टोरेंट होना चाहिए इससे इसकी आय बढ़ेगी और लोगों को अपनी ओर और अधिक आकर्षित करेगा। संचालन करने वाली कंपनी से किसी भी अधिकारी को फ्री में मेंबरशिप ना देने के लिए भी कहा। टीएसएच में ही उन्होंने जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल द्वारा अल्प आय वर्ग के लोगों के घरों में होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों के लिए तैयार किए जा रहे मंगल भवन के मॉडल को भी समझा और उसे भी सराहा। इस दौरान एमएचपीएल के एमडी पीयूष अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त आवेश खान उपस्थित रहे।

### कूड़ा रोकने को सीसामऊ नाले के पास बनाएं दीवार

**कानपुर।** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारियों के साथ समीक्षा की। सीसामऊ नाले को देखने भी पहुंचे जो पूरी तरह बंद मिला। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाले के पास एक दीवार बना दी जाए जिससे गंगा नदी में कूड़ा न जाने पाए। सीसामऊ नाले के ऊपर स्लैब डालने के बाद ग्रीनरी विकसित की जाए जिससे नाले के ऊपर अवैध कब्जा न हो सके। अधिकारियों के साथ उन्होंने बजट और आमदनी पर भी चर्चा की। प्रमुख सचिव ने अमृत योजना के तहत हो रहे कार्यों की जलनिगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।



नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| $42.0^0$ | $31.0^0$ |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 00 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पिता के सामने बड़े भाई ने छोटे को मार डाला

## बादशाहीनाका का मामला, बिजली का बिल जमा नहीं होने पर पहले डंडे से पीटा फिर सीने में सूजा घोंपा

**रिश्तों का कत्ल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिजली का बिल नहीं जमा होने पर सजायाफ्ता बड़े भाई ने डंडे से पीटकर छोटे को बेदम कर दिया। इसके बाद बर्फ काटने वाला सूजा सीने में घोपकर भाग निकला। परिजन उसे उर्सला ले गए, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बादशाहीनाका पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आरोपी भाई को पकड़ लिया है।



जितेंद्र (फाइल फोटो)

- बीच-बचाव के लिए छटपटाता रहा विकलांग पिता, कोई बचाने नहीं आया
- आरोपी भाई पहले भी हत्या में 14 साल जेल काट चुका, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बादशाहीनाका के गुलियाना सब्जी मंडी निवासी पवन यादव की बर्फ की दुकान है। परिवार में पत्नी राजकुमारी, तीन बेटियां शादीशुदा और चार बेटे हैं। बेटों में जितेंद्र, राजेंद्र, शिखर व 35 वर्षीय बिजेंद्र था। दो बेटे जितेंद्र व बिजेंद्र का चट्टा है। पिता पवन ने बताया वह उनके घर में बिजली का प्रीपेड मीटर लगा है। दो माह से बिजली का बिल जमा नहीं हुआ था, इस कारण बैलेंस दो हजार रुपये माइनस में चला गया था। इस पर बिजली विभाग ने चार दिन पहले बिजली का कनेक्शन काट दिया था। इसको लेकर भाइयों में विवाद हो रहा था।

शनिवार सुबह करीब आठ बजे बिजेंद्र उनके पास बिल को लेकर बातचीत करने आया और कहासुनी होने लगी। इसी बीच बड़ा बेटा जितेंद्र भी आ गया और बिजेंद्र से बहस हो गई। देखते ही देखते दोनों में हाथापाई होने लगी और जितेंद्र ने डंडा उठाकर उसे पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह बेदम होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद जितेंद्र ने बर्फ तोड़ने वाला सूजा बिजेंद्र के सीने में घोप दिया और भाग निकला। परिजन बिजेंद्र को लेकर उर्सला अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। बादशाहीनाका थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी जितेंद्र का मोबाइल नंबर पुलिस ने सर्विलांस पर लगा दिया था। पुलिस ने उसके लोकेशन पर उसे ट्रेस करती रही और जल्द ही घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। उसके चेहरे पर कोई पश्चाताप नहीं दिखा।

### दबंग जितेंद्र को देखकर कोई सामने नहीं आया

- जितेंद्र जब बिजेंद्र को डंडे से पीटा रहा था तो विकलांग पिता ने उन्हें दूर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। जोर-जोर से चिल्लाकर बेटे को बचाने की मदद मांगने लगे, लेकिन दबंग जितेंद्र को देखकर कोई सामने नहीं आया। इसके बाद उसने पिता के सामने सूजा उठाया और भाई के सीने में उतार दिया। यह देखकर पिता फफक पड़े। जितेंद्र के भाग जाने पर बेटे को गोद में लेकर मदद के लिए परिजनों को बुलाया।



जितेंद्र के परिजन रोते रहे। अमृत विचार

### पहले भी हत्या में जेल जा चुका है जितेंद्र

बादशाहीनाका थाना प्रभारी ने बताया कि जितेंद्र आपराधिक प्रवृत्ति का है। 2007 में चिंकी की हत्या में जेल जा चुका है। वह 14 साल जेल की सजा भी काट चुका है। उसी मामले में कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा है और अब फिर हत्या कर दी।

# गुटखा थूकते दूसरी मंजिल से गिरा युवक, मौत

**कानपुर।** सेन पश्चिमपारा में मकान की दूसरी मंजिल पर खड़े होकर पान-मसाला थूकते समय युवक सिर के बल नीचे जमीन पर जा गिरा। परिजन उसे कांशीराम ट्रामा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। एकलौते बेटे की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सतबरी रोड निवासी रामनरेश मिश्रा प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी बीना बेटी खुशी और एकलौता बेटा 21 वर्षीय ऋषि उर्फ राज था। पिता ने बताया कि राज ने इंटर तक पढ़ाई की थी उसके बाद किराना दुकान में काम करने लगा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को लाइट नहीं आ रहीं थी। राज दूसरी मंजिल पर छत पर लेटा था। पान-मसाला खाने की लत होने के कारण रात करीब डेढ़ बजे वह मसाला थूकने के लिए उठा। दूसरी मंजिल पर बालकनी से ही झुककर उसने पान-मसाला थूका, तभी अंधेरा होने के कारण संतुलन खोने से नीचे जा गिरा। शोर सुनकर परिजन व पड़ोसी घर से निकले। राज को रामादेवी स्थित कांशीराम ट्रामा सेंटर ले गए, जहां रात करीब 2.30 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एकलौते बेटे की मौत पर राज के माता-पिता बेसुध हो गए। बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बार के पूर्व महामंत्री ने वकील पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुलाकर पीटा, गला दबाया, सीसीटीवी फुटेज हुआ वायरल
- नौबस्ता थाने में पूर्व महामंत्री सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री पर अधिवक्ता साथी को पीटने, गला दबाने का आरोप लगा है। पीड़ित अधिवक्ता ने पूर्व महामंत्री समेत पांच के खिलाफ मामले में नौबस्ता में जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता के अनुसार उसे गेस्ट हाउस बुलाकर पीटा गया, गला दबाकर मारने का प्रयास हुआ। किसी तरह बचकर भागा और पुलिस से शिकायत की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

एडीसीपी महेश कुमार ने बताया कि नौबस्ता बसंत विहार निवासी अधिवक्ता आशीष सचान ने तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार रात करीब 11.39 बजे उनके पास पूर्व महामंत्री कपिलदीप सचान का फोन उनके पास आया और मधुलोक अस्पताल के पास सीमा गेस्ट हाउस में आने को कहा। वहां पहुंचने पर कपिलदीप सचान अपने साथी आलोक सचान, राहुल सचान व दो अन्य के साथ एक कार से आए और गाली-गलौज करने लगे। कपिलदीप सचान उनका गला दबाने लगे। इससे वह जमीन पर गिर पड़े तो लात-घूसों से मारने लगे। उनके नाक, आंख सहित पूरे शरीर में चोटें आई हैं। पीटने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित अधिवक्ता के अनुसार मारपीट का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में कैद है, जो वायरल हो रहा है। एडीसीपी ने बताया कि तहरीर व वीडियो के आधार पर मामले में पूर्व महामंत्री कपिलदीप सचान, साथी आलोक सचान, राहुल सचान व दो अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कार्रवाई की जा रही है।

## पारा पहुंचा 40 पार, अभी और बढ़ेगी गर्मी

**कानपुर।** शहर में गर्मी फिर अपना रंग दिखाने लगी है। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार तक अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज किए जाने की संभावना जताई है। सीएसए विवि के मौसम विभाग के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 40 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25 .6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सीएसए विवि के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि आने वाले पांच दिनों में आसमान साफ रहने की संभावना है।

# आए भागवत, सोमवार तक रुकेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार को अपने 3 दिवसीय प्रवास पर शहर पहुंचे। दोपहर 3 बजे वह चकेरी एयरपोर्ट पर उतरे जहां से कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से आजाद नगर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय पहुंचे। मोहन भागवत आरएसएस पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, समान्य, विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेंगे।



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत चकेरी एयरपोर्ट से निकलते हुए।

- पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य, विशेष शिक्षा वर्ग में लेंगे भाग
- आखिरी दिन सभी वर्गों और समाज के लोगों के साथ संघ प्रमुख का संवाद होगा

प्रांत प्रचारक श्रीराम ने बताया कि पहले दिन संघ प्रमुख ने विश्राम किया। रविवार को शिक्षार्थियों के बौद्धिक और शैक्षिक वर्ग को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही तीसरे और आखिरी दिन सभी वर्गों और समाज के लोगों के साथ संघ प्रमुख संवाद करेंगे। मोहन भागवत कानपुर दौरे में नागरिक कर्तव्य, स्वबोध, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, सामाजिक समरसता का संदेश देंगे। समाज को जोड़ने के लिए गांव-गांव जाने की अलख जगाने पर शिक्षार्थियों से वार्ता करेंगे।

वह संघ की शाखा और मैदान में खेलकूद में भी हिस्सा लेंगे। मोहन भागवत संघ के शताब्दी वर्ष में तय हुए पंच परिवर्तन पर स्वयंसेवकों को बौद्धिक ज्ञान देंगे। इसके अलावा समाज को जाति से ऊपर उठकर उसे एक-दूसरे के मन में प्रेम की भावना जगाने का बोध कराएंगे, ताकि सशक्त राष्ट्र का संकल्प पूरा हो। बता दें कि दीनदयाल में 45 जिलों से लगभग 1200 से अधिक शिक्षार्थी प्रवास कर रहे हैं। 21 मई से शिक्षा वर्ग चल रहा है। मोहन भागवत कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन के मौके पर 9 जून को सभी वर्गों और समाज के लोगों के साथ संघ प्रमुख का संवाद होगा। इसमें अधिवक्ता, समाजसेवी, खिलाड़ी, उद्यमी और कारोबारी रहेंगे।




बड़ी ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार


फेथफुलगंज ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# ईदगाह से अमेरिका-चीन को ललकारा

## अमेरिका के विश्वगुरु होने का गुरुर तोड़ेंगे हमारे देश के वैज्ञानिक, ईदगाहों से ज्यादा मस्जिदों में भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के मौके पर ईदगाहों और 600 से अधिक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। गद्दियाना ईदगाह में पेशइमाम मौलाना हाशिम अशरफी ने अमेरिका और चीन को ललकारते हुए कहा कि तुम्हारा गुरुर (घमंड) हमारे देश के युवा वैज्ञानिक ही तोड़ेंगे। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्वगुरु होगा क्योंकि अमेरिका भारतीय वैज्ञानिकों की बदौलत ही विश्वगुरु है। वह दिन दूर नहीं जब हमारे युवा वैज्ञानिक अपने देश में ही हाई टेक्नालॉजी को बढ़ावा देंगे।

शनिवार को शहर की ईदगाहों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। गद्दियाना ईदगाह में मौलाना हाशिम अशरफी ने नमाज से पूर्व अपनी तकरीर में अमेरिका और चीन को बहुत फटकार लगाई और पाकिस्तान को भी होश में रहने की हिदायत दी। मौलाना ने मुल्क के युवाओं से शिक्षित होने के लिए जुट जाने को कहा। बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह में हाफिज व कारी सुब्हान इलाही नक्शबंदी ने नमाज अदा कराई और मुल्क के अमन-ओ-अमान के लिए दुआ की। अरमापुर ईदगाह में मौलाना मुश्ताक मुशाहिदी ने नमाज अदा कराई। जाजमऊ ईदगाह में मौलाना हसीब अख्तर ने नमाज अदा कराई। बगाही ईदगाह में हाफिज सैयद फैजान ने नमाज अदा कराई।

इसी प्रकार नई जामा मस्जिद, जामा मस्जिद शफियाबाद, हलीम प्राइमरी मस्जिद समेत शहर की मस्जिदों में नमाज अदा की गई। शिया जामा मस्जिद ग्वालटोली में मौलाना अली अब्बास ने नमाज अदा कराई। इस मस्जिद में दो बार नमाज पढ़ी गई। शहर की सभी शिया मस्जिदों में नमाज अदा की गई।


सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी। अमृत विचार

### पहले दिन 3 लाख से अधिक जानवर कुर्बान

शनिवार को बकरीद के पहले दिन लगभग 3 लाख छोटे बड़े जानवर कुर्बान किये गये। जिनके नाम से कुर्बानी की गई, उन्होंने रोजा रखा और कुर्बानी के बाद ही रोजा खोला। तमाम लोगों ने पहले दिन ही 3-3 जानवर अल्लाह की राह में कुर्बान किये और उसके बाद अपने रिश्तेदारों, गरीबों, बेसहारा को कुर्बानी का हिस्सा दिया। लोगों ने मुबारकबाद दी और एक दूसरे घर जाकर सिंवई खाई।

### फेथफुलगंज-सुजातगंज में महिलाओं ने पढ़ी नमाज

ईद-उल-अजहा के मौके पर मास्टर अब्दुल करीम ईदगाह फेथफुलगंज में मौलाना अब्दुस्समी ने नमाज अदा कराई। सुजातगंज ईदगाह में मौलाना रजा उल्लाह सलफिया ने नमाज अदा कराई। दोनों ही ईदगाह में पर्दे के पीछे रहकर महिलाओं ने भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की।

### ईदगाह में मुबारकबाद दी

बड़ी ईदगाह के बाहर लगे प्रशासनिक कैंप में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम राजेश कुमार, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर, डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बगाही ईदगाह और मछरिया ईदगाह का निरीक्षण किया और लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं कांग्रेस, सपा, बसपा ने भी कैंप लगाए जहां प्रमुख नेता मौजूद रहे और लोगों को मुबारकबाद दी।

# यूपीटीटीआई में जर्मनी की नौकरी होंगी ऑफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- नई कंपनियों की ओर से बातचीत पूरी, अगस्त से आएंगी कंपनियां
- प्रोडक्ट डेवलपिंग सहित अन्य पदों के लिए युवाओं को परखेंगी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीटीआई) में नए सत्र से जर्मनी और मॉरिशस की कंपनियां भी युवाओं को रोजगार देने आएंगी। संस्थान की ओर से निजी कंपनियों से बातचीत पूरी हो गई है। 15 अगस्त के बाद से यह कंपनियां संस्थान के प्लेसमेंट सेल में युवाओं को परखने आ रही हैं।

यह कंपनियां खासतौर पर प्रोडक्ट डेवलेपमेंट के लिए युवाओं को परखने आएंगी। इनमें मॉरिशस की कंपनी सीएमटी स्पिनिंग भी शामिल है। जर्मनी की कंपनी वॉयथ पेपर ग्रुप भी इस बार संस्थान में विदेशी कंपनी के रूप में जुड़ी है। इंडोरामा कंपनी भी प्लेसमेंट देने वाली विदेशी कंपनी में जुड़ी है। यह कंपनी इंडोनेशिया के साथ ही थाईलैंड, जर्मनी, इटली व भारत में भी काम करती है। शामिल होने वाली कंपनियों में रिलाइंस भी शामिल हैं। प्लेसमेंट सेल से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि यह कंपनियां संस्थान में प्रमुख रूप से टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी से जुड़े छात्रों को परखने की योजना पर काम कर रही हैं। प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो. जेपी सिंह ने कहा कि बेहतर रोजगार के लिए निजी कंपनियों के साथ लगातार बातचीत चल रही है। संस्थान में प्लेसमेंट सेल की ओर से युवाओं को नौकरी पाने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाता है। निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ साक्षात्कार का भी प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाता है।

### शोध पर कंपनियां सक्रिय

- शहर में टेक्सटाइल रिसर्च पर संस्थान के युवा बेहतर कार्य कर रहे हैं। देश विदेश की कंपनियां इन रिसर्च पर भी युवाओं को प्रोत्साहित कर रही हैं। खासतौर पर औद्योगिक टेक्सटाइल पर संस्थान पर हो रहे शोध को अब विदेशी कंपनियां भी शोधपरक छात्रों को अपने यहां पर रोजगार देने के लिए संस्थान से संपर्क कर रहीं हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## एक नजर

### स्वदेशी कॉटन मिल पार्क में कब्जे की शिकायत

**कानपुर।** स्वदेशी कॉटन मिल पार्क में अवैध कब्जे की शिकायत की गई है। किदवई नगर सब्जी मंडी निवासी अनुराग सिंह ने आईजीआरएस के द्वारा यह शिकायत की है। नगर निगम ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने जोनल को मौ के पर जाकर जांच कर आईजीआरएस मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**कानपुर।** श्यामनगर के पीएसी पुल पर शुक्रवार रात ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजकर कार को कब्जे में लिया तो उसके अंदर से शराब की बोतल और गिलास मिले। श्यामनगर के ई ब्लाक निवासी अमित शुक्ला ने बताया कि उनके बड़े भाई विनय शुक्ला शिवकटरा में एक वेटनरी मेडिकल स्टोर चलाते हैं। वह रोज की तरह शुक्रवार रात 10 बजे के बाद स्टोर बंदकर बाइक से घर आ रहे थे, तभी पीएसी पुल पर सामने से आ रही कार ने ओवरटेक के चक्कर में विनय की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे विनय घायल हो गए। कृष्णानगर चौकी प्रभारी सत्येंद्र यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### शरबत-पेठा बांटा

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित रामेश्वरम मंदिर में भारत विकास परिषद् किदवई नगर शाखा ने शरबत व पेठा का वितरण किया। महिलाओं ने भक्ति गीत का गायन किया। इस दौरान प्रमोद दादू, एमएल अग्रवाल, मनोज कुमार विश्नोई, अरुण जय, अर्चना गोयल, रवि त्रिवेदी, रवि गुप्ता, सतीश दीवान, शक्ति मिश्रा, शशि रंजन त्रिपाठी, ममता शर्मा रहीं।

# शहर में निवेशकों की संख्या पहुंची 11 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी में रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 2.50 करोड़ के आस-पास पहुंच चुकी है। शहर की बात की जाए तो यहां पर लगभग 11 लाख निवेश बाजार की उठा-पटक के बीच अपना रुझान जता रहे हैं। शेयर बाजार विशेषज्ञ निवेशकों की बढ़ती संख्या को बाजार के भविष्य के लिए बेहतर संकेत मान रहे हैं।

कई महीनों से गिरावट झेल रहे शेयर बाजार की चमक एक बार फिर लौटने लगी है। बाजार में तेजी का सेंटीमेंट बना हुआ है। रिजर्व बैंक द्वारा 6 जून को ब्याज दरों में कटौती के बाद बाजार में शानदार तेजी देखने को मिली। निफ्टी 25 हजार के ऊपर तो सेंसेक्स 82 हजार के ऊपर पहुंच गया। आंकड़ों की बात की जाए तो बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 21.77 करोड़ पहुंच गई है। इसी तरह यूपी में 2.48 करोड़ हुए रजिस्टर्ड निवेशक, देश में प्रदेश की हिस्सेदारी 11 फीसदी से ज्यादा है। आंकड़ों में प्रदेश पूरे देश में 2.48 करोड़ खातों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, वहीं 3.87 करोड़ खातों के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर बना हुआ है। शेयर बाजार में निवेश में लिए खुलने वाले खातों में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को पीछे छोड़ दिया है। क्रम में उत्तर प्रदेश अब महाराष्ट्र को कड़ी टक्कर दे रहा है।

**युवाओं की वजह से बढ़ी ताकत:** शेयर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार तेजी से बढ़ते इंटरनेट उपयोग, मोबाइल ऐप्स और आसान ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया ने युवाओं को शेयर बाजार की ओर आकर्षित किया है। आज का युवा निवेश के पारंपरिक तरीकों से हटकर अधिक जोखिम लेने और खुद से वित्तीय निर्णय लेने को तैयार है। पिछले कुछ वर्षों में 30 वर्ष से कम आयु यानि युवा निवेशकों की संख्या में खासी वृद्धि देखने को मिली है। युवाओं की बढ़ती भागीदारी और टेक्नोलॉजी के मिश्रण ने इसे रफ्तार दी है। तकनीकी प्रगति, कम ट्रेडिंग लागत और सूचना तक बढ़ती पहुंच के कारण तेज बढ़ोतरी हुई है।

### शहर में निवेशकों की बढ़ती संख्या

| वर्ष | निवेशक |
|---|---|
| 2025 | 1103320 |
| 2024 | 1019704 |
| 2023 | 713129 |
| 2022 | 509378 |
| 2021 | 363841 |



"शेयर बाजार में रुचि के चलते निवेशकों की संख्या में इजाफा हुआ है। यदि सिर्फ शहर की बात की जाए तो तमाम आशंकाओं और संभावनाओं के बीच निवेशक लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यह दर्शाता है कि शेयर बाजार व देश की आर्थिक प्रगति खासतौर पर युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रही है।

-राजीव सिंह
कोफाउंडर केश्री ब्रोकिंग

# अलग-अलग सड़क हादसों में गईं पांच जानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- पोस्टमार्टम में मिला तीन दिन से लापता वृद्ध का शव

**अमृत विचार।** बेकाबू वाहनों की टक्कर से अलग-अलग सड़क हादसों में पांच जानें चली गईं। नर्वल में सड़क हादसे का शिकार हुए वृद्ध का शव तीन दिन पोस्टमार्टम हाउस में पड़ा रहा। परिजन नाते-रिश्तेदारों के यहां तलाश करते रहे। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर शव देखकर परिजन बिलख पड़े।

किसाननगर में शुक्रवार देर रात रामगंगा नहर भैरमपुर पुल पर लालेहपुर गांव निवासी प्रकाश गौतम के 25 वर्षीय बेटे रामवीर को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीर की सूचना पर पहुंची सचेंडी पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास करने के बाद शव को हैलट मोर्चरी भिजवाया। युवक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को हादसे की खबर दी। रामवीर के बड़े भाई सिद्धिलाल ने बताया कि वह तीन भाइयों में छोटा था। एक प्राइवेट कंपनी में लोडिंग का काम करता था।

वहीं बिठूर में चौबेपुर के तातियागंज निवासी अजय कुमार के 23 वर्षीय बेटे अनिल को शुक्रवार देर रात रामनगर में किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

पिता के अनुसार अनिल की बिठूर में फुटवियर शॉप थी। शुक्रवार रात को दुकान बंद कर वह गांव के लिए निकला था। तभी रामनगर में वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस के साथ परिजनों को दी। गंभीर अवस्था में अनिल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। सालभर पहले ही अनिल की शादी हुई थी। पत्नी पूजा और तीन माह का बेटा है। हादसे की खबर मिलने पर मां पुष्पा और छोटा भाई शुभम फफक पड़े। उधर, चकेरी में आरकेपुरम सनिगवां निवासी बाल सागर विश्वकर्मा की 30 वर्षीय बेटी सुनीता को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार सुनीता नौबस्ता किसी काम से जा रही थी।

**लोडर की टक्कर से अधेड़ की मौत:** बिधनू के दलमपुर निवासी किसान 55 वर्षीय दयाराम को शुक्रवार रात भवानीपुर के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। खबर पाकर परिजन समीप के नर्सिंगहोम, फिर हैलट ले गए, जहां उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी शीतला, दो बेटे आकाश व मनीष हैं। बेटों ने बताया कि पिता बिधनू सब्जी मंडी से सबजी लेने के लिए निकले थे। भवानीपुर के लोगों ने बताया कि लोडर वाला टक्कर मारकर भाग गया।

### नर्वल मोड़ पर बेकाबू वाहन ने कुचला

- महाराजपुर में नजीराबाद के हर्षनगर निवासी 66 वर्षीय वृद्ध प्रकाश को नर्वल मोड़ पर किसी बेकाबू वाहन ने कुचल दिया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास करने के बाद शव हैलट मोर्चरी भिजवा दिया। इधर, प्रकाश के वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। तीन दिन खोजबीन के बाद शनिवार को बेटे पिंकू ने पोस्टमार्टम हाउस में पिता का शव देखा तो चीख पड़ा। पिंकू ने बताया कि बीते बुधवार को पिता घर से निकले थे, लेकिन यह नहीं बताया था कि कहां जा रहे हैं। उनके वापस न लौटने पर तीन दिन से उनकी खोजबीन कर रहे थे, पर कुछ पता नहीं चला। पिंकू के अनुसार उसकी ससुराल महाराजपुर के सुनैला में है, वहां पता किया तो नर्वल मोड़ पर हादसे की जानकारी हुई। इस पर शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

# फोरलेन के लिए 17 काश्तकार चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीडब्ल्यूडी चकेरी से पाली तक बनाएगा फोरलेन ग्रीनफील्ड मार्ग

**अमृत विचार।** चकेरी से पाली तक बनने वाली दो किलोमीटर ग्रीनफील्ड फोरलेन के लिए लोक निर्माण विभाग ने जमीन अधिग्रहण की रूपरेखा तैयार कर ली। 17 काश्तकारों को राजस्व विभाग ने चिन्हित कर लिया है। लेखपालों ने जमीन अधिग्रहण से संबंधित रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग को सौंप दी हैं।

चकेरी से पाली तक ग्रीन फील्ड फोरलेन मार्ग का निर्माण होना है। इस मार्ग का सबसे ज्यादा लाभ चकेरी औद्योगिक क्षेत्र और साढ़ स्थित डिफेंस कारिडोर के उद्यमियों को मिलेगा, जिसके बन जाने से उद्यमियों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। मार्ग के निर्माण में आने वाली 1519 हेक्टेयर की जमीनों के भूमिअधिग्रहण के संबंध में लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग द्वारा सर्वे कर लिया है। राजस्व विभाग ने वर्तमान में 17 काश्तकारों से जमीन चिन्हित कर ली है, जबकि शेष से विभाग द्वारा वार्ता की जाएगी। जल्द ही छतमरा में किसानों से जमीन खरीदने और रजिस्ट्री के लिए कैंप लगाया जाएगा। जमीन अधिग्रहण कर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार के मुताबित 100 करोड़ रुपये की धनराशि भूमि अधिग्रहण के लिए निर्धारित की गई है। ग्रीनफील्ड फोरलेन सड़क की चौड़ाई 28.50 मीटर होगी, जबकि लंबाई चकेरी से पाली तक दो किलोमीटर होगी। भूमि अधिग्रहण के संबंध कार्यवाही तेज है।

## सार-संक्षेप


डाउनलाइन टनल का निर्माण पूरा कर हासिल किया ब्रेकथ्रू।

### रावतपुर से कंपनी बाग चौराहे तक दोनों टनल का निर्माण पूरा

**कानपुर।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के 4.10 किमी अंडरग्राउंड सेक्शन का काम तेजी से बढ़ राह है। शनिवार को रावतपुर से कंपनी बाग की दिशा में निर्माणाधीन कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक लगभग 620 मीटर लंबे स्ट्रेच के डाउनलाइन टनल का निर्माण पूरा हो गया। सरस्वती टीबीएम मशीन ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच यह ब्रेकथ्रू हासिल किया। इस स्ट्रेच में अब अप-लाइन और डाउनलाइन टनल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इससे पहले गोमती ने अप-लाइन टनल का निर्माण पूरा किया था। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि रावतपुर से काकादेव होते हुए डबल पुलिया रैंप तक टनल निर्माण का कार्य तेजी से बढ़ रहा है।

### रोडवेज बसों के लिए 125 महिला कंडक्टर चयनित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने अपनी बसों में महिला कंडक्टरों को नियुक्त करने का फैसला लिया है। 2331 महिला कंडक्टर की भर्ती होना है। अभी तक 125 महिला कंडक्टर ही मिल सकी हैं जिन्हें ट्रेनिंग देने की तैयारी की जा रही है। इसमें कानपुर परिक्षेत्र की महिला कंडक्टर भी शामिल हैं। कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार की अगुवाई में सिग्नेचर सिटी बस अड्डा पर महिला कंडक्टर की भर्ती के लिए कैंप लगाया गया था जिसमें बड़े पैमाने पर महिलाओं ने आवेदन किया था। इनमें कई महिलाओं का चयन हो चुका है। शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि महिला कंडक्टरों की भर्ती का क्रम चल रहा है।

### जीनस कंपनी के पकड़े दोनों स्मार्ट मीटर डुप्लीकेट

**कानपुर।** केस्को विजिलेंस टीम को चमनगंज क्षेत्र में दो स्मार्ट मीटर जीनस कंपनी के लगे मिले थे, जो जांच में डुप्लीकेट पाए गए हैं। अब अधिकारी यह पता लगाने में लगे हैं कि यह डुप्लीकेट स्मार्ट मीटर उपभोक्ता कहां से लाए और किसकी मिलीभगत से मीटर को परिसर में लगाया। चमनगंज क्षेत्र में केस्को की विजिलेंस टीम बिजली चोरी रोको अभियान चला रही है। इसी दौरान टीम ने दो जगहों पर दो स्मार्ट मीटर पकड़े थे, जो जीनस कंपनी के थे। लेकिन क्षेत्र में जीनस कंपनी ने मीटर लगाए ही नहीं थे। यहां दूसरी कंपनी को मीटर लगाने का टेंडर मिला था। केस्को टीम ने दोनों मीटरों की जांच कराई तो मीटर डुप्लीकेट पाए गए हैं। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि अब केस्को की विजिलेंस टीम यह पता कर रही है कि यह डुप्लीकेट मीटर कहां से लाए गए थे। केस्को ने अब पूरे शहर में लगे स्मार्ट मीटरों की जांच कराने का फैसला लिया है, ताकि फर्जी स्मार्ट मीटरों के संबंध में और जानकारी हो सके। केस्को एमडी सैमुअल पॉल के मुताबिक अब नए सिस्टम के तहत केस्को कर्मी ही स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। पहले निजी कंपनी के कर्मियों ने मीटर लगाए थे।


**विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस** बिना देरी किए डॉक्टर से कराएं इलाज, दिमाग या उसके आसपास के सेल्स की असामान्य वृद्धि से हो जाता है ब्रेन ट्यूमर

# सोते समय सिरदर्द, शरीर का एक हिस्सा कमजोर हो तो रहें सतर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर आपके सिर में लगातार तेज दर्द होता है और सोने के बाद भी ठीक नहीं होता। सोते समय सिर में दर्द इतना बढ़ जाए कि नींद टूट जाए, सुबह उठते समय सिर में दर्द हो और शरीर के एक हिस्से में कंपन या कमजोरी हो तो नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं। लापरवाही न करते हुए तत्काल डॉक्टर से इलाज कराना चाहिए। प्रतिवर्ष लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आठ जून को विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है।

जीएसवीएसएस पीजीआई के न्यूरो विभाग में प्रतिमाह 45 से 50 मरीजों को ब्रेन ट्यूमर से निजात दिलाने के लिए उनकी सर्जरी की जा रही है। पहले के मुकाबले अब डॉक्टरों को मरीजों का सिर नहीं खोलना पड़ता है, जिसकी वजह से उनमें जटिलताएं अधिक नहीं होंती। पीजीआई में माइक्रोस्कोप व इंडोस्कोपिक विधि से ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन किया जा रहा है। जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल डॉ.मनीष सिंह ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क में या उसके आसपास की कोशिकाओं में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होता है। कैंसर कारक भी हो सकता है। परिवार में किसी को ब्रेन ट्यूमर हुआ हो तो अन्य लोगों को भी सावधान रहने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा प्लास्टिक और रसायन उद्योग में काम करने वाले लोगों में भी इसका खतरा हो सकता है। कई बार आनुवांशिकता और पर्यावरणीय जोखिम कारक इसके लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में ब्रेन ट्यूमर का जोखिम अधिक है। हालांकि ब्रेन ट्यूमर के सभी मामले कैंसर वाले हों ये जरूरी नहीं है। समय पर इलाज से गंभीर रूप लेने का खतरा कम किया जा सकता है।



### इनको रहता ब्रेन ट्यूमर होने का जोखिम अधिक

- जिनके परिवार में पहले किसी को ब्रेन ट्यूमर रहा हो
- बचपन में सिर पर रेडियोथेरेपी दी गई हो
- 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में जोखिम अधिक होता है
- आनुवांशिक कारण से बच्चों में भी हो सकता है
- कीटनाशक व रसायनों के अधिक संपर्क में रहने वाले लोग।
- इम्यून सिस्टम कमजोर है तो खतरा हो सकता है।

### ब्रेन ट्यूमर के अन्य लक्षण

- दि पनेशिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.विकास शुक्ला ने बताया कि लगातार या तेज सिरदर्द के अलावा बिना स्पष्ट कारण के उल्टी और मतली होना भी ट्यूमर का संकेत हो सकता है। ट्यूमर की समस्या वाले कई लोगों में धुंधला दिखाई देने, दृष्टि में परिवर्तन या दोहरी दृष्टि जैसी दिक्कत भी हो जाती है। ब्रेन ट्यूमर की स्थिति शारीरिक संतुलन और समन्वय की समस्याएं जैसे चलने या बैठने में कठिनाई भी पैदा कर सकता है। इसके कारण बोलने में समस्या, शब्दों को याद रखने में कठिनाई, व्यक्तित्व या व्यवहार में परिवर्तन भी देखा गया है। बेवजह सुस्ती या अत्यधिक नींद आना भी इस गंभीर समस्या की तरफ इशारा माना जाता है।

### कुछ मुख्य लक्षण

- तेज सिरदर्द बने रहना, सुबह अधिक गंभीर हो जाता है।
- दौरे पड़ना, सोचने-बोलने या भाषा समझने में कठिनाई।
- व्यक्तित्व में बदलाव की समस्या।
- शरीर के एक हिस्से या एक तरफ कमजोरी या लकवा जैसी समस्या।
- संतुलन बनाने में कठिनाई या चक्कर आना।
- दृष्टि संबंधी समस्याएं और सुनने में दिक्कत।
- चेहरे का सुन्न होना या झुनझुनी।
- अक्सर मतली या उल्टी लगना, भ्रम की समस्या।

### ऐसे करें बचाव

- संतुलित आहार फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन लें।
- नियमित शारीरिक गतिविधि जरूर करें, जिससे स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है।
- पर्याप्त नींद से शरीर को ठीक होने और ठीक से कार्य करने में मदद मिलती है।
- आवश्यक होने पर ही एक्स-रे कराएं और हमेशा सुरक्षा उपायों का पालन करें।
- तंबाकू का सेवन कई प्रकार के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है।
- शराब का सेवन भी कुछ प्रकार के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता।

# सूने घर से चोरों ने उड़ाया 30 लाख का माल

## चौबेपुर के कन्हैया विहार में शुक्रवार की रात हुई वारदात,पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी

संवाददाता, चौबेपुर


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार


लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बेला रोड स्थित कन्हैया विहार (नई बस्ती) में शुक्रवार रात सूना घर पाकर चोरों ने नकदी समेत करीब 30 लाख का माल पार कर दिया। घटना की जानकारी गृह स्वामी को सुबह पड़ोसी द्वारा मिली। जानाकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के साथ आसपास क्षेत्र में छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। वहीं आशंका के चलते पुलिस ने मोहल्ले के ही एक युवक को हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू की है।

क्षेत्र के डिंगरापुर गांव निवासी राजेश यादव पुत्र सुखलाल यादव आरएस पीएल की चौबेपुर स्थित एक यूनिट में ठेकेदारी का काम करते हैं। कुछ वर्ष पहले उन्होंने कस्बे की नई बस्ती कन्हैया विहार में मकान बनवाया है। जहां वह अपनी पत्नी आशा व तीन बच्चों तनु ,निधि व शिवांश के साथ रहते हैं। बताया गया है कि शुक्रवार रात राजेश अपने परिवार के साथ डिंगरापुर गांव गए थे। तभी देर रात मौका पाकर चोरों ने मकान के मुख्य दरवाजे का लॉक तोड़ने का प्रयास किया। असफल रहने पर निकट ही लगी कमरे की खिड़की का कांच तोड़ दिया और घर के अंदर घुस गये। अंदर कमरों मे भी इंटरलॉक लगे होने से यहां भी खिड़की के काँच तोड़कर चोर अंदर घुसे। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़ उसमें रखे सोने व चांदी के जेवरात व नकदी पार कर दी।

सुबह पड़ोस के ही संजय यादव घर की खिड़की के शीशे टूटे देख मामले की जानकारी गृहस्वामी को दी। इसके बाद घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने बताया कि चोर करीब डेढ़ सौ से 200 ग्राम सोने के जेवरात के अलावा चांदी के जेवरात व करीब 2 से 3 लाख की नकदी उठा कर ले गए हैं। इससे करीब 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

पुलिस ने जांच पड़ताल कर आसपास क्षेत्र में छानबीन कराई। इसके अलावा दूर-दराज लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मामले की पड़ताल कराई जा रही है,जल्द ही घटना का खुलासा हो जाएगा।

### थाने से चंद मीटर की दूरी पर हुई घटना

**चौबेपुर।** कस्बे के कन्हैया विहार में शुक्रवार रात्रि चोरी की बड़ी घटना ने पुलिस की रात्रि गशत पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। बता दें कि थाने से मात्र 500 मी दूर स्थित मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। गौरतलब है कि बीती 16 नवंबर को भी कस्बा निवासी किराना व्यापारी राजेंद्र गुप्ता के घर से भी लाखों की चोरी हुई थी। घटना की रात गृहस्वामी व उसका परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कानपुर शहर गया हुआ था। सीसीटीवी फुटेज में चोर ताला तोड़कर घर के भीतर घुसते हुए नजर आया था, और वारदात के बाद बैग लेकर गली से वापस जाता भी दिखाई दिया था। लेकिन घटना का खुलासा नहीं हो सका। इसके बाद घनश्यामपुर गांव में भी चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये का माल पार कर दिया था। चोरी की उक्त बड़ी घटना का भी अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। एक के बाद एक हो रही चोरी की बड़ी घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है।

## पंखे का तार जोड़ते समय करंट से युवक की मौत

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलसड़ा गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह घर पर पंखे का तार जोड़ रहा था। तभी बिजली का करंट लग गया। घर में कोई नहीं था, जिससे उसको मदद नहीं मिल सकी। काफी देर तक करंट में चिपके रहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान महेश कुरील 28 के रूप में हुई है। महेश अविवाहित था और बचपन से ही बधिर था। वह अपने माता-पिता के साथ रहता था। परिजनों बताया कि सुबह वह पंखे में तार जोड़ रहा था। तभी हादसा हुआ है। जब तक परिवार के लोग पहुंचे तब तक वह बेहोश हो गया। जबतक उसे डॉक्टर के पास पहुंचाया जाता तबतक उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पतारा पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि यह हादसा करंट लगने से हुई मौत का मामला है। परंतु फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# माटी कला को प्रोत्साहन देने की शुरू हुई पहल

संवाददाता घाटमपुर

- भद्ररस गांव में 50 कुम्हार परिवारों को चिह्नित कर मिट्टी स्थल का किया आवंटन
- माटी कला हमारे सांस्कृतिक व ग्रामीण जीवन की पहचान इसे जीवंत करने की आवश्यकता : एसडीएम

**अमृत विचार।** माटी कला को प्रोत्साहन देने की पहल घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने शनिवार को तहसील के भद्ररस गांव से शुरू की है। यहां पर भद्ररस गांव में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एसडीएम ने 50 कुम्हार परिवारों की पहचान कर उन्हें मिट्टी उपलब्ध कराने के लिये निर्धारित स्थल का आवंटन किया।

पारंपरिक माटी कला को संजीवनी देने की दिशा में घाटमपुर प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। शनिवार को तहसील के भद्ररस गांव में एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने ग्रामीण चौपाल के माध्यम से स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।

इस दौरान उन्होंने माटी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए कुम्हारो के लिए मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । प्रशासन की ओर से कुम्हारों को तकनीकी प्रशिक्षण दिए जाने की भी योजनाएं है। जिससे वह पारंपरिक शिल्प को आधुनिक बाजार मांग के अनुसार ढाल सके। इस मौके पर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने कहा की माटी कला हमारे सांस्कृतिक और ग्रामीण जीवन की पहचान है। लेकिन इसके प्रति घटती रुचि चिंता का विषय। प्लास्टिक उत्पादों का बढ़ावा बढ़ता उपयोग न केवल कुम्हारों की आजीविका पर असर डाल रहा है।

बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। ऐसे में हमें माटी कला को फिर से जीवंत करने की आवश्यकता है। इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजी गई है। जल्दी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने की संभावना है।

# शादी के वक्त पर की मारपीट व तोड़फोड़

संवाददाता, चौबेपुर

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, चार लाख रुपये के नुकसान का आकलन

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के एक गांव में शादी के ऐन वक्त पर पहुंची एक महिला व उसके परिजनों ने हंगामा कर जमकर तोड़फोड़ की। अचानक हुई इस घटना से कार्यक्रम में हड़कंप मच गया और शादी संपन्न नहीं हो सकी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू की है।

क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गत 28 मई को बिहू, थाना घाटमपुर, कानपुर नगर से उसकी बारात आई थी। शादी के लिए मंधना रोड स्थित है गेस्ट हाउस में तैयारियाँ पूरी हो गई थीं। तभी रात करीब 11:00 बजे कोमल वर्मा उसके पिता राकेश, पत्नी रेखा और भाई कपिल निवासी गंगापुर ,बिधनू, कानपुर नगर व उनके साथ तीन-चार अज्ञात लोग मौके पर आ पहुंचे और जनातियों व बरातियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, द्वारचार के लिए रखे बर्तन भी तोड़ डाले। मारपीट में कई लोगों को चोटें आईं। जिनका उपचार निजी अस्पताल में कराया गया। बताया कि घटना में करीब 4 लाख रुपये का नुकसान हुआ और उसकी शादी भी संपन्न नहीं हो पाई। बताया कि उक्त लोग आगे भी शादी करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

## शर्बत वितरण कर राहगीरों को दी राहत

**घाटमपुर।** साढ़ क्षेत्र में चिलचिलाती धूप में लोगों के लिए शर्बत वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों राहगीरों ने शर्बत पीकर राहत महसूस की। शर्बत पीने वाले राहगीरों ने आयोजकों के इस नेक कार्य की सराहना की।

भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिये जय हनुमान सेवा समिति के द्वारा आज साढ़ चौराहे पर शर्बत का वितरण किया गया। शर्बत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली। दोपहर ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक दुकानदार भाइयों की व्यवस्था देखकर लोगों के चेहरे में खुशी नजर आई। यहां पर आशु राणा, धीरू ठाकुर, राहुल ठाकुर, सोनू सिंह, गोविंद शुक्ला, भोली शुक्ला, कुलदीप अवस्थी, लकी मेडिकल स्टोर आदि लोग मौजूद रहे। आशु राणा के द्वारा कई गांव में नल मंगल और शनिवार को कुंडली मंदिर में भी शर्बत की व्यवस्था रहेगी ।


ब्लाक अध्यक्ष की घोषणा करते चुनाव अधिकारी। अमृत विचार

# विशाल, केके पाल व प्रियंका बनीं अध्यक्ष

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर ग्राम पंचायत अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण एवं जनपद कानपुर नगर के सभी विकास खंडों के ब्लॉक अध्यक्षों का चयन जिला अध्यक्ष सुशील कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इसमें घाटमपुर विकासखंड में विशाल कुमार, पतारा विकासखंड में प्रियंका मिश्रा, भीतरगांव विकासखंड में केके. पाल को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। इनके चयन पर ग्राम पंचायत अधिकारियों ने हर्ष जताया। इसी तरह सरसौल में अरुण कुशवाहा, विधनू में रिचा उमराव, कल्याणपुर में नीतू शुक्ला, चौबेपुर में शिव प्रताप, शिवराजपुर में अंजली पांडे, ककवन में जगर्भन सिंह, बिल्हौर में अरुण कुमार का चयन किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ शाखा कानपुर नगर के विस्तार में नेहा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया।

# ईद-उल-अजहा पर की गई अमन और चैन की दुआएं

संवाददाता, चौबेपुर


नमाज अदा करते नमाजी। अमृत विचार

- कस्बा स्थित ईदगाह में नमाज के लिए जुटी लोगों की भारी भीड़

**अमृत विचार ।** क्षेत्र में ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व परंपरागत ढंग से सौहार्द पूर्वक मनाया गया। पर्व पर कस्बे की ईदगाह में नमाज अदा करने के पश्चात लोगों ने देश में अमन चैन खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे।

बकरीद पर्व को लेकर शनिवार सुबह से ही लोगों में उत्सुकता दिखी स्थानीय लोगों के अलावा आसपास गांवों से भी मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह पहुंचे। त्योहार को लेकर बच्चों, युवाओं व वृद्धजनों में खासा उत्साह नजर आया। सुबह 7:30 बजे पहली,जबकि दूसरी नमाज 8:30 बजे ईदगाह के पेश इमाम कारी रईस द्वारा अदा कराई गई। इस दौरान लोगों ने अल्लाह ताला से मुल्क में अमन चैन, खुशी, आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण की दुआ मांगी। नमाज के उपरांत एक दूसरे को गले लगा कर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर कस्बे में कई स्थानों पर पानी व शरबत का इंतजाम भी किया गया। पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

## शीतलपुर ने महाकाल स्पोर्ट्स को 25 रन से हराया...




**घाटमपुर।** जनता महाविद्यालय ग्राउंड में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को शीतलपुर रॉयल्स ने महाकाल स्पोर्ट्स की टीम को 25 रन से हरा दिया। इस दौरान मैच देखने के लिये सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। टॉस जीतकर शीतलपुर रॉयल्स ने पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। पहले खेलते हुए शीतलपुर रॉयल्स ने 143 रन बनाए। इसमें यश सचान ने 26 और राजवीर मल्होत्रा ने 30 रन का योगदान दिया। महाकाल स्पोर्ट्स की तरफ से ऋषभ ने 2 विकेट और गगन ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल स्पोर्ट्स 118 रन ही बना सकी। जिसमें आदित्य ने 29 व राज प्रताप ने 30 रनों का योगदान दिया। शीतलपुर की तरफ से यश सचान ने 3 विकेट, विजय ने 3 विकेट लिए। यश सचान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रिंकल सचान, मनोज सचान, राहुल सचान, प्रेम सिंह, विशाल राजावत द्वारा दिया गया। • अमृत विचार

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की गई जान

संवाददाता घाटमपुर

- घर से दवा लेने जाने को निकली थी महिला

**अमृत विचार।** घाटमपुर के गोपालपुर रोड रेलवे क्रासिंग में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव निवासी सुरेश कुमार की पत्नी संतो देवी शनिवार सुबह दवा लेने की बात कहकर घर से निकली थीं। कानपुर बांदा रेलवे लाइन पर स्थित गोपालपुर रोड रेलवे क्रासिंग के पास संतो देवी मालगाड़ी की चपेट में आ गईं,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल करने के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वहीं घटना के बाद से परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी, परिजनों को जानकारी देने के साथ महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।


संतो देवी।

## गंगा में डूबे तीन मृतकों के परिजनों को मिला मुआवजा

**बिल्हौर।** 5 जून को गंगा नदी में डूबने से असामयिक मृत्यु का शिकार हुए तीन व्यक्तियों के परिजनों को आज ग्राम अकबरपुर सेंग में दैवीय आपदा राहत कोष के अंतर्गत चार -चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि बिल्हौर क्षेत्र के विधायक राहुल सोनकर 'बच्चा' द्वारा मृतकों के परिजनों को सौंपी गई। 5 जून को गंगा स्नान के दौरान हुए एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में तीन ग्रामीण गंगा नदी में डूब गए थे, जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी। शनिवार को विधायक राहुल सोनकर 'बच्चा' ने स्वयं ग्राम अकबरपुर सेंग पहुंचकर मृतकों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख की चेक प्रदान किया।

## सार-संक्षेप


कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद अपना दल के महासचिव आशीष पटेल। अमृत विचार

### पलायन की सूचना पर पहुंचे अपना दल के आशीष पटेल

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र के खासपुर गांव में बीते कई दिनों से लगातार राजनीतिक गहमा- गहमी के बीच शनिवार को अपना दल के महासचिव व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल भी गांव पहुंच गए। खासपुर गांव में बीते दिनों एक दलित परिवार की दबंगई से कुर्मी समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। 26 मई की रात पूर्व प्रधान अशोक कटियार पर एक परिवार के चार लोगों ने हमला कर दिया जिसमें उनकी हालत नाजुक स्थिति में पहुंच गई । इस बीच क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर की पहल पर दूसरे आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि घटना से जुड़े एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। शनिवार को कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा, सुशील कटियार ,जेपी कटियार ,अपना दल के अमित श्रीवास्तव ,बब्लू कटियार ,शुभ्राशुं कटियार के साथ मिलकर गांव के तमाम लोगों से बातचीत करते हुए पूरी घटनाक्रम को विस्तार पूर्वक जाना तथा घटना में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कानपुर के पुलिस कमिश्नर से भी बातचीत की।

आश्चर्यजनक | बूंदों के आकार से पता चल जाता है कि बारिश कम होगी या ज्यादा

# वो मंदिर जहां मानसून आने का मिलता है संकेत

संवाददाता घाटमपुर



बेहटा बुजुर्ग में स्थित जगन्नाथ मंदिर व मंदिर में वह स्थान जहां से पानी टपकता है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर के बेहटा बुजुर्ग गांव में जगन्नाथ जी का मदिर स्थित है। यहां पर मॉनसून आने के पहले मंदिर से बूंदे टपकने लगती हैं। इन बूँदों को देखकर अंदाजा लगाया जाता है कि कितनी बरसात होगी। छोटी बूंदे मतलब कम बारिश और बड़ी बूंदे मतलब ज्यादा बारिश होगी। वहीं यहां के लोगों का कहना है कि यहा परंपरा हमारे यहां पर बहुत पहले से चली आ रही है। हम लोग इसे देखकर ही यह अंदाजा लगा लेते हैं कि इस बार पानी कितना बरसेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि बेहटा बुजुर्ग गांव में जगन्नाथ जी के मंदिर में बारिश से पहले टपकने वाली बूंदें यह संकेत दे देती हैं कि इस बार कितनी बारिश होगी। अगर कम और छोटी बूंदें गिरती हैं तो कम बारिश के आसार होते हैं वहीं अगर बड़ी और ज्यादा बूंदें गिरती हैं तो ज्यादा बारिश के आसार होते हैं। इस मंदिर में जगन्नाथ जी के साथ साथ बलदाउ जी की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर से रथ यात्रा भी निकाली जाती है। यह यात्रा आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को निकाली जाती है । मंदिर के प्रमुख पुजारी केपी शुक्ला ने बताया कि इस बार ज्यादा बड़ी बूंदे नहीं हैं इसलिए ज्यादा बारिश की ज्यादा बारिश की संभावना नहीं है।

यह मंदिर ऐसा है जहां पर दूर दूर से भक्त दर्शन करने आते हैं यह एक अनोखा मंदिर है जिसे मानसूनी मंदिर भी कहा जाता है। यहां पर रथ यात्रा में शामिल होने के लिये हज़ारों की संख्या में भक्त आते हैं ।

## पांच घंटे रहा बाधित कानपुर-सागर हाईवे

**घाटमपुर।** घाटमपुर में हाईवे पर इलेक्ट्रिक बस खराब हो गई। इससे यहां पर जाम लग गया। हालांकि पांच घंटे बीतने के बाद भी हाईवे पर तिरछी खड़ी इलेक्ट्रिक बस को जिम्मेदार अधिकारियों ने नहीं हटवाया है,जिसके चलते कानपुर सागर हाईवे पर यातयात प्रभावित रहा। घाटमपुर नगर के मुख्य चौराहे के पास शनिवार दोपहर बस स्टॉप से निकलकर घाटमपुर की ओर से कानपुर की ओर जा रही इलेक्ट्रिक बस अचानक खराब हो गई। इसके बाद बस चालक और कंडक्टर बस को हाईवे पर तिरछा खड़ा छोड़कर भाग गये। इसके बाद से कानपुर सागर हाईवे पर जाम के हालात बन गए। धीरे धीरे जाम बढ़ता गया लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंगी।

# नकली ऑटोमोबाइल आयल बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

संवाददाता बिल्हौर


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना बिल्हौर पुलिस द्वारा नकली ऑटोमोबाइल तेल बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में नकली तेल ,रैपर ,सील मुहर और उपकरण बरामद किए गए हैं।

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के चण्डाली अंडरपास के समीप तैनात पुलिस बल ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक कार को रोका और उसकी चेकिंग की तो उसमें से नामी ऑटोमोबाइल कंपनी नकली के डिब्बे बरामद किये। साथ ही तमाम अन्य उपकरण भी बरामद हुए। इसके बाद में कंपनी के एक प्रतिनिधि को बुलाकर पुलिस ने जब तेल की जांच कराई तो वह नकली निकला । कार से पकड़े गये सुशांत कुशवाहा व विनोद कुमार ने बताया कि वे बिल्हौर तहसील क्षेत्र के कई इलाकों में नकली तेल की सप्लाई करते थे। आरोपियों के पास से 1 लीटर के 58 डिब्बे मोबाइल इंजन ऑयल रखने का प्लास्टिक के खाली डिब्बे तथा तथा नीला रंग आदि सामग्री भी बरामद हुई है। थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि बिल्हौर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है ।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार पेंटर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर जाते समय गौरियापुर के पास हाईवे पर हुआ हादसा
- कानपुर में वाल पेंटिंग का काम करता था औरैया का युवक

**अमृत विचार।** गौरियापुर के पास हाईवे पर जनपद औरैया निवासी एक बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज भेजा। जहां ईएमओ ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

औरैया जनपद के ग्राम भीखमपुर दयालपुर निवासी जितेंद्र कुमार (46) कानपुर नगर में रहकर वॉल पेंटिंग का काम करता था। शुक्रवार की देर शाम वह औरैया से कानपुर नगर जाने के लिए बाइक से निकला था। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के गौरियापुर गांव के पास कानपुर-इटावा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में अकबरपुर मेडिकल कालेज भेजा जहां ईएमओ डॉ. अनुज शुक्ला ने जितेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी पर मृतक की मां विमला देवी, भाई लालाप्रसाद, भतीजे हेमचंद्र, भोपाल सिंह समेत अन्य परिजन रोते-बिलखते रहे। मेडिकल कालेज से भेजे गए मेमो पर पहुंचे एसआई बृजकिशोर ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं कोतवाल सतीश कुमार ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन खड़े पेंटर के परिजन। अमृत विचार

# मौसम का मिजाज फिर गरम, थपेड़ों ने ढाया सितम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**40.8** डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**25.6** डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

- दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा रहा
- जरूरी काम से निकले लोगों के झुलस गए बदन

**अमृत विचार।** पिछले दिनों आंधी-बारिश के साथ मौसम का मिजाज कुछ नरम हुआ था, मगर तापमान बढ़ने के साथ ही मौसम का मिजाज एक बार फिर गरम हो गया है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। धूप की तपिश और व लू के गर्म थपेड़े बदन को झुलसाते रहे, जिससे राह चलते लोग गर्मी से खासा परेशान रहे।

आज कल सुबह की धूप कुछ देर बाद ही भीषण तपिश का एहसास कराने लगती है। नौ बजे के बाद घरों के बाहर बैठना मुश्किल हो जाता है। दोपहर में धूप की तपिश सितम ढाने लगती है। गर्मी बढ़ने के साथ ही गर्म हवा के झोंके बदन झुलसाने लगते हैं। शनिवार को दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा रहा। बाजारों में भी ग्राहकों की संख्या काफी कम नजर आई। हाईवे पर भी आवागमन की रफ्तार पर ब्रेक सा लगा रहा।

तापमान के तीखे होते तेवर देख मौसम विशेषज्ञ बताते हैं कि गर्मी के तेवर अगले पांच दिन तक कम होते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल करना शुरू कर दिया है। जिससे नहर-तालाब में नहाने वालों की संख्या बढ़ गई। गर्मी से बचने के लिए देहात क्षेत्रों में तो बच्चे व युवा ट्यूबवेल के पानी में नहाते दिख रहे हैं।

दोपहर में सूर्य की तपिश से बचने के लिए महिला व पुरुष सिर व मुंह को ढक कर चल रहे हैं। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पूर्वी हवाएं करीब तीन किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग ने पांच दिन आसमान साफ रहने व गर्मी की संभावना जताई है। गर्मी में बिजली की कटौती का समय बढ़ जाता है। अफसर तर्क देते हैं कि ऊपर से जितनी बिजली आ रही है। उसी हिसाब से दी जा रही है।


तपिश में वाटर कूलर से प्यास बुझाते बच्चे। अमृत विचार

### कोढ़ में खाज बन गई बिजली की कटौती

मौसम में बदलाव के बाद तापमान 41 डिग्री पहुंचा तो लोगों को बिजली की अधिक जरूरत पड़ने लगी। पंखे गर्म हवा फेंकने लगे तो लोगों ने कूलर चालू कर लिए। आफिसों और घरों में एसी चलाए जा रहे हैं। इसके कारण बिजली की अधिक जरूरत पड़ रही है। दिन और रात में बिजली की कई बार कटौती हो रही है। अभी तक कई स्थानों पर बिजली की लाइनें नहीं बदली हैं। जर्जर लाइनें होने के कारण आए दिन टूटती रहती हैं।


राजपुर में बकरीद की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार


ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम भाई। अमृत विचार


अकबरपुर ईदगाह के बाहर सुरक्षा व्यवस्था जांचते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

# नमाज अदा कर कुर्बानी, खुदा से मांगी मेहरबानी

## पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व, इबादत में उठे हजारों हाथ, खुशहाली की मांगी गई दुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले भर में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज के बाद दुआ के लिए एक साथ हजारों लोगों के हाथ उठे और मुल्क़ में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस दौरान एसपी समेत अन्य अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था जांचते रहे।

अकबरपुर कस्बे की बड़ी ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई। इसके बाद मुल्क में अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी गई। इसी तरह भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के अहरौली शेख, पुखरायां, हरदुआ, बिल्हापुर, चांदापुर, अमरौधा, भोगनीपुर, मावर, बरौर, हैदरपुर, मोहम्मदपुर, सट्टी आदि जगहों पर नमाज अदा की गई। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों व सामाजिक संस्थाओं ने कैंप लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार व पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया और लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। एसपी समेत अधिकारियों ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद भी दी। इसी तरह राजपुर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को राजपुर, सिकंदरा, जल्लापुर, सटटी, अफसरिया की ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज़ सकुशल ढंग से अदा की गई। इसके बाद दुआ के लिए एक साथ हजारों लोगों ने मुल्क़ में अमन चैन, खुशहाली की दुआ की और एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके बाद मान्यता के अनुसार कुर्बानी दी गई।

सिकंदरा की ईदगाह में हाफिज यासीन व खजूर वाली मस्जिद में हाफिज मुजीब रजा, मदीना मस्जिद में हाफिज सोहिल, बाबा वाली मस्जिद में कुर्बान अली ने नमाज अदा कराई। राजपुर की ईदगाह में मौलाना अनीसुर्रहमान पुरानी जामा मस्जिद में मौलाना नियामत उल्लाह, नूरी जामा मस्जिद में मौलाना अजमत अली ने ईद-उल-अजहा की। नमाज के बाद मुल्क की खुशहाली और तरक्की की दुआ की गई। इस मौके पर सभासद चांद बाबू, अनीस खान, अनवार खां, अरशद मंसूरी, इशहाक मंसूरी, अब्दुल्ला मंसूरी, अनवार बाबू, सादिक मास्टर, हाजी नूर बख्श मास्टर, हाजी इकबाल मंसूरी, हाजी नफीस खान मास्टर, इरशाद मास्टर, ताज मोहम्मद, जावेद खान, शादाब इदरीसी, छोटे राईन, युवा नेता रिहान राईन आदि रहे।


शिवली की ईदगाह के बाहर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

### ईदगाहों के बाहर तैनात रहा भारी पुलिस बल

**शिवली/राजपुर।** क्षेत्र में बकरीद का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। शिवली ईदगाह, बाघपुर, औनहा, मैथा, भाऊपुर, मकरंदापुर सहित चौदह जगहों पर सुबह नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद एक दूसरे को लोगों ने बधाई भी दी। शिवली ईदगाह में एसडीएम राजकुमार चौधरी, इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी, कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी तरह ईद-उल-अजहा की नमाज के दौरान सिकंदरा में तहसीलदार सुभाष चंद्र, सीओ आलोक कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इधर राजपुर में थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा, नायब तहसीलदार सुधीर कुमार, ईओ नीति त्रिपाठी ने ईदगाह और मस्जिदों के बाहर जायजा लिया। सटटी में सीओ संजय सिंह व इंस्पेक्टर संजेश कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ लगातार मस्जिदों का भ्रमण किया।

# सामुदायिक शौचालय में ताला, पर खर्च नौ हजार

संवाददाता, रूरा

- डेरापुर ब्लाक के बिसोहा में लोग खुले में जाने को मजबूर



बिसोहा के शौचालय में लटका ताला।

**अमृत विचार।** शासन द्वारा ग्रामीण अंचल के शौचालय विहीन परिवारों के लोगों को खुले में शौच जाने से रोकने के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाए गए हैं, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से उनका संचालन नहीं हो सका है। ऐसे में ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। वहीं कागजों पर ही शौचालयों का संचालन दिखाकर पंचायत निधि राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

डेरापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बिसोहा के सामुदायिक शौचालय में का ताला बंद रहता है। शौचालय में पानी टंकी न होना, उसके संचालन की पोल खोल रही है, लेकिन जिम्मेदार कागजों पर संचालित दिखा कर हर माह केयरटेकर का मानदेय दे रहे हैं जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। गांव के लोग शौचालय में तालाबंदी होने से खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। जबकि शासन की ओर से सामुदायिक शौचालय के लिए शासनादेश में स्पष्ट है कि रखरखाव में लगाए गए समूह को कम दो बार सफाई करने के लिए छह हजार रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। इसी प्रकार मरम्मत (बिजली, प्लबिग, गल व टोंटी) के लिए प्रतिमाह 500 रुपये, यूटिलिटी चार्जेज (पानी, बिजली, व सालिड वेस्ट मैनेजमेंट) के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये, सफाई सामग्री 1200 रुपये (छह माह में एक बार), निसंक्रामक सामग्री एक हजार रुपये तथा अन्य खर्च के लिए तीन रुपये प्रति माह दिए जाने की व्यवस्था है। इसे लेकर प्रति माह कुल नौ हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इस प्रकार मरम्मत व यूटिलिटी चार्जेज दोनों मद में प्रतिमाह 1500 रुपये अर्थात वर्ष में 18 हजार रुपये समूह को प्राप्त हो रहे हैं। इस बावत बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने बताया कि सभी सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं। बिसोहा में संचालन न होने का मामला संज्ञान में है। निरीक्षण कर शौचालय संचालित कराने का प्रयास किया जाएगा। लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉलियों से उड़ती बालू खराब कर रही आंख

संवाददाता, शिवली

- औनहां के व्यापारियों ने पुलिस से कार्रवाई की उठाई मांग

**अमृत विचार।** बालू खनन में लगे लोगों द्वारा लापरवाह तरीके से ढुलाई से परेशान व्यापारियों व लोगों ने चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा देकर कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने कार्रवाई न होने पर धरने का अल्टीमेटम दिया है।

शनिवार को औनहां व्यापार मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने व्यापारियों के साथ औनहां चौकी पर पहुंचकर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी परेशानी बताई। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बालू खनन में लगे लोगों द्वारा कई दर्जन ट्रैक्टरों व डंपरों से रात दिन बालू की ढुलाई की जा रही है। बालू को बिना ढके एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे हैं।

भीषण गर्मी में बालू उड़ते हुए राहगीरों व बाइक सवारों के आंखों में जाती है और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ट्रैक्टर चालक बिना गति कम किए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से निकलते हैं। जिससे कई बार हादसे का शिकार होते-होते साइकिल और बाइक सवार बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने कहा कि नियमों को ताक पर रखकर सिल्ट ढुलाई करने वालों पर कार्रवाई नही हुई तो सभी व्यापारी आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे। इस मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी मनोज तिवारी, अनिल अवस्थी, रियाज सिद्दीकी, जयम शुक्ला, सौरभ शुक्ला, शिवकांत द्विवेदी, सोनू अग्निहोत्री, राजकिशोर राजपूत, पूरन कठेरिया, विवेक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।


शनिवार को औनहां चौकी इंचार्ज को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार


बिना ढके बालू ले जाता ट्रैक्टर।

> व्यापारियों ने नियमों के विपरीत मनमाने ढंग से बालू ढुलाई करने की शिकायत की है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –धर्मेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी औनहां

### सड़क पर गिरती मिट्टी भी बन गई आफत

नहर और बंबे की सिल्ट ढुलाई में लगे जिम्मेदार मनमानी पर उतारू हैं। दो दिन पहले सिल्ट ढुलाई से शिवली कस्बे के स्पीड ब्रेकरों पर गिरी-मिट्टी कई दिन तक उड़कर दुकानदारों व राहगीरों के लिए आफत बनी रही, जिसे बाद में व्यापारियों ने साफ कराया। सिल्ट ढो रहे जिम्मेदारों ने इस तरफ ध्यान तक नहीं दिया। व्यापारियों ने ऐसी लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अभिषेक गिरोह पर लगाया गया गैंगस्टर

**पुखरायां।** अभिषेक गिरोह के सदस्यों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लवरसी मूसानगर का अभिषेक द्विवेदी गैंग बनाकर लोगों को भय दिखा वसूली करता था। उसके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि अभिषेक द्विवेदी गैंग के सदस्य अनवार अहमद (सट्टी), रागिनी गौतम (देवीपुर), सुरेंद्र सिंह (जहांगीरपुर सट्टी), जंगबहादुर सिंह उर्फ जंगी (अमरौधा) व गौरव कुमार (लवरसी कछगांव मूसानगर) के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गिरोह द्वारा पूर्व में प्राप्त जमानत का उल्लंघन करते हुए अपराध किया गया है।

## सार-संक्षेप


बच्चों को कूड़ा प्रबंधन की जानकारी देतीं प्रधानाध्यापिका शबाना। अमृत विचार

### बकरीद पर शबाना मैम ने गौरैया के लिए बनवाए घोसले

**राजपुर।** राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर में प्रधानाध्यापिका ने छात्रों के साथ कचरा प्रबंधन में गीला कचरा हरा डब्बा, सूखा कचरा नीला डब्बा में डालने की जानकारी दी। विद्यालय में गौरैया के लिए घोसला व दाना-पानी की व्यवस्था की। समर कैंप में प्रतिदिन नई-नई गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को कुछ नया सिखाया जा रहा है। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर प्रधानाध्यापिका शबाना ने विद्यालय में गौरैया को संरक्षण देने के लिए घोसले का प्रबंध किया और छात्रों के साथ कचरा प्रबंधन के लिए दो प्रकार के डस्टबिन बनाए। सूखा कचरा नीला डब्बा जिसमें ठोस पदार्थ बोतल, रद्दी कागज, लोहा आदि डालने की जानकारी दी। गीला कचरा हरा डब्बा में सब्जी व फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन डालने और उससे खाद तैयार करने की बारे में बताया।


शनिवार को नए थाना प्रभारी का स्वागत करते शिवली के व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत कर मांगी सुरक्षा

**शिवली।** कस्बा शिवली के व्यापारियों ने नवागत थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी का शनिवार को स्वागत किया। शिवली व्यापार मंडल अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री के नेतृत्व में व्यापारी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और कस्बे में बेहतरीन पुलिसिंग की व्यवस्था कर व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने की मांग की। इस मौके पर कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी, युवा व्यापार मंडल के जिलामंत्री हिमांशु शर्मा, कोषाध्यक्ष टीटू गुप्ता, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष चंदन गुप्ता, संजू गुप्ता, महामंत्री मोनू चंदेल, रोहित कुशवाहा आदि रहे।

# बच्चों की तरह बीएसए भी पांच दिन तक करेंगे पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में निपुण भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए बीएसए को पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन लखनऊ में दिया जाएगा। प्रशिक्षण दो चरणों में होगा।

परिषदीय स्कूलों में निपुण भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश के सभी बीएसए को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 9 से 13 जून, द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 23 से 27 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण में यह बताया जाएगा कि निपुण भारत मिशन को जमीनी स्तर पर बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जाए। बच्चों की पढ़ाई में सुधार के लिए कौन-कौन से उपाय किए जा सकते हैं और मिशन के लक्ष्यों की निगरानी कैसे की जाए। वित्तीय एवं विभागीय प्रक्रियाओं को बेहतर तरीके से कहां से किया जाए। सीखने की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण में गतिविधियां, केस स्टडी और समूह चर्चा जैसे तरीके कैसे अपनाए जाएं। इसके लिए विषय विशेषज्ञों और अनुभवी प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। हर प्रशिक्षण बैच के लिए आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं की पूरी तैयारी की जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

मांग पूरी | 'अमृत विचार' ने उठाया था मुद्दा, फिलहाल एक बस चलेगी, जरूरत पर बढ़ेगी संख्या

# अकबरपुर से शिवली रोडवेज बस सेवा शुरू

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** आखिर परिवहन निगम ने शिवली से जिला मुख्यालय माती व अकबरपुर के लिए सीधी बस सेवा शुरू कर दी। फिलहाल एक बस चलेगी और जरूरत बढ़ने पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

रोडवेज की बस सेवा अकबरपुर, रूरा, शिवली होकर कानपुर जाएगी और उसके बाद इसी रूट से वापस अकबरपुर पहुंचेगी। विभिन्न बस स्टॉपेज का किराया भी निर्धारित कर दिया गया है। रूरा से शिवली के बीच 26 रुपये किराया लगेगा। अकबरपुर माती तक बस सेवा शुरू किए जाने को लेकर पत्रकार विधिक वेल्फेयर एसोसिएशन ने क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार को ज्ञापन भी सौंपा था। बीती 7 मार्च को अमृत विचार ने ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। जिसपर हरकत में आए परिवहन अधिकारियों ने बस सेवा शुरू की है। बस सेवा शुरू होने पर आशुतोष द्विवेदी, बृजबिहारी द्विवेदी, रमाकांत अग्निहोत्री, मनीष सैनी, आशुतोष त्रिवेदी, राजू शुक्ला, मोहम्मद यासीन, संतोष, आशीष यादव आदि ने खुशी जताई है।


शिवली से माती तक बस की मांग
संवाददाता, शिवली

7 मार्च को अमृत विचार में छपी थी खबर।



अकबरपुर से शिवली के लिए चली बस।

> अकबरपुर, रूरा से होकर रोडवेज बस शिवली पहुंचेगी। इसके बाद कानपुर जाएगी। मांग को देखते हुए अभी एक बस शुरू की गई है। मांग बढ़ने पर और बसें संचालित की जाएंगी
>
> –शशि सिंह, एआरएम माती डिपो

### डेढ़ सौ गांवों को फायदा

अकबरपुर तक सीधी बस सेवा शुरू होने से काफी सहूलियत मिलेगी। फत्तेपुर, बाघपुर, बैरी, मैथा, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिकरू, शिवली, देवीपुर, कड़री, गहलों, काशीपुर, बन्नापुर, रूरा, भेवान, भोलानिवादा, मवैया, करोम, अश्वनीपुरवा सहित करीब डेढ़ सौ गांवों के लोगों को सुविधा होगी।

# भीषण गर्मी में तय शेड्यूल से दी गई ज्यादा बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार के प्रयासों से जिला मुख्यालयों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति की गई सुनिश्चित
- ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे से अधिक और तहसील में 21.30 घंटे से अधिक हुई आपूर्ति

**अमृत विचार:** अप्रैल और मई 2025 में जब पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में था, तब योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति को लेकर मिसाल पेश की। जिला मुख्यालयों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे से अधिक और तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे से अधिक आपूर्ति हुई।

अप्रैल और मई में यूपी की चारों प्रमुख डिस्कॉम इकाइयों (पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल और पश्चिमांचल) के साथ-साथ केस्को के तहत बिजली आपूर्ति के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि प्रदेश सरकार ने हर स्तर पर पूरी तैयारी कर रखी थी। ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन 18.18 घंटे बिजली दी गई, जबकि निर्धारित शेड्यूल 18 घंटे का था। तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे के तय शेड्यूल के मुकाबले औसतन 21.32 घंटे बिजली दी गई। जिला मुख्यालयों में 24 घंटे के लक्ष्य के सापेक्ष 23.45 घंटे की औसत आपूर्ति दर्ज की गई, जो खुद में उल्लेखनीय उपलब्धि है।

पूर्वांचल डिस्कॉम क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों को 18.20 घंटे, तहसील मुख्यालय को 21.31 घंटे और जिला मुख्यालयों को 23.49 घंटे बिजली मिली। इसी तरह मध्यांचल में क्रमशः 18.13 घंटे, 21.38 घंटे और 23.51 घंटे की आपूर्ति रही। दक्षिणांचल में ग्रामीण इलाकों को 18.50 घंटे, तहसील मुख्यालय को 21.28 घंटे और जिला मुख्यालयों को 23.52 घंटे बिजली मिली। पश्चिमांचल में ग्रामीण क्षेत्रों को 17.51 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 21.32 घंटे और जिला मुख्यालयों को 23.26 घंटे की विद्युत आपूर्ति दी गई। केस्को के अंतर्गत आने वाले कानपुर में भी 23.26 घंटे बिजली आपूर्ति दर्ज की गई।


# निजीकरण को लेकर संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पूछे सवाल

## 22 को होने वाली बिजली महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन भी होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शनिवार को निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल पूछे। इस बीच, समिति 22 जून को बिजली महापंचायत की तैयारी शुरू कर दी है। महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन शामिल होंगे।

संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रबंधन से पांच सवाल पूछे जाएंगे। समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री



अरविंद कुमार शर्मा ने 6 जून को चंडीगढ़ में हुए बिजली मंत्रियों के सम्मेलन में प्रदेश की बिजली वितरण व्यवस्था को देश में श्रेष्ठतम बताया। जब सरकारी क्षेत्र में प्रदेश की बिजली व्यवस्था देश में श्रेष्ठतम हो गई है, तब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। अगर घाटे के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है तो चंडीगढ़ और दादरा नगर हवेली दमन व दीव जहां एटीएंडसी हानियां क्रमशः तीन प्रतिशत और 8 प्रतिशत थीं और इन दोनों स्थानों पर बिजली विभाग मुनाफे में था तो दादरा नगर हवेली दमन व दीव और चंडीगढ़ का बिजली का निजीकरण क्यों किया गया। दिल्ली में निजीकरण के 22 साल बाद भी दिल्ली विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए उपभोक्ताओं के बिजली बिल में निजी कंपनियां सात प्रतिशत की दर से पेंशन का सरचार्ज वसूलती हैं तो सवाल है कि निजीकरण के बाद प्रदेश में पेंशन देने के एवज में निजी कंपनियां उपभोक्ताओं से कितने प्रतिशत सरचार्ज वसूलेंगी।

### आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन दिया 9 लाख में

निजीकरण के बाद बिजली कनेक्शन देने के लिए क्या निजी कंपनियों को उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूलने का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी 2025 को आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन देने के लिए उपभोक्ता से 9 लख रुपए वसूले। क्या निजीकरण के बाद प्रदेश में पूर्वांचल व दक्षिणांचल की गरीब जनता के साथ यही होने जा रहा है। समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण होने के बाद गरीब किसानों, बुनकरों और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी या नहीं? ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के 34 साल बाद भी किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती जबकि पूरे प्रदेश में किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही।

## एक नजर

### गरीबी मुक्त भारत का संकल्प हो रहा पूरा :ब्रजेश पाठक

**अमृत विचार लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में गरीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो रहा है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 11 वर्षों में असाधारण नीतियों से बढ़ती अर्थव्यवस्था व गरीबों को सीधा लाभ पहुंचने वाली योजनाओं से देश में गरीबी से मुक्ति की राह आसान हो रही है। उन्होंने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार 11 वर्षों में निरपेक्ष गरीबी 27.1 प्रतिशत से घटकर 5.3 फीसदी हो गई है। गरीबी के मोर्चे पर भारत ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

### विधायक राजेश्वर सिंह का लंदन में सम्मान

**अमृत विचार लखनऊ।** लखनऊ के सरोजनीनगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह को यूके-इंडिया लीगल पार्टनरशिप की ओर से लंदन में 'एक्सीलेंस इन पॉलिटिकल एंड पब्लिक लाइफ' अवार्ड से सम्मानित किया गया। हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। राजेश्वर सिंह ने इसे सरोजनीनगर के विकास कार्यों की वैश्विक स्वीकृति बताया। राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स का यह भव्य भवन न केवल ब्रिटिश विरासत की आत्मा, बल्कि लोकतंत्र की जड़ और संवैधानिक चेतना का प्रतीक भी है।

### महराजगंज में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने किसानों से किया संवाद

**अमृत विचार लखनऊ:** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत शनिवार को महराजगंज के विकास खंड पनियरा के ग्राम बैजूदेहरा में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किसानों से संवाद किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि व अन्य फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वित्त राज्य मंत्री ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


# जल्द पूरे होंगे 20 विभागों निर्माण कार्य

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा प्रोजेक्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश 20 विभागों से संबंधित बड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत भवन सेल द्वारा 95 निर्माण कार्यों को 18767 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें विभागों के कार्यालयों समेत विभिन्न प्रकार के आवासीय-अनावासीय अवसंरचनाओं का निर्माण शामिल है।

कार्ययोजना के अनुसार गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों को 6550 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि, चिकित्सा शिक्षा, कारागार व उच्च शिक्षा विभाग के भी कई



- गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्य पर खर्च होंगे साढ़े छह हजार करोड़

बड़े निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि इन 95 निर्माण कार्यों में से 26 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है, जबकि 10 कार्यों की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत के बीच है। बड़ी बात यह है कि 17 कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर लिया गया है।

गृह विभाग के बाद ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) मोड पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें कुल 5357 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के 6 निर्माण कार्यों को 773 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। कारागार विभाग के कुल 7 निर्माण कार्यों को भी 1334 करोड़ रुपए से पूरा करने की तैयारी है। इसी प्रकार, न्याय विभाग के कुल 3 कार्यों को 1227 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 3 कार्यों को 312 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 324 करोड़ रुपए की लागत से 3 निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### राजस्व व आपदा विभाग के दो कार्य पर खर्च होंगे 350 करोड़

राजस्व एवं आपदा विभाग के लिए 350 करोड़ से 2 कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 229 करोड़ की लागत से 2 कार्य, श्रम विभाग के लिए 149 करोड़ की लागत से 2 कार्य तथा राज्य संपत्ति विभाग के लिए 2 निर्माण कार्यों को 182 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, आयुष विभाग के लिए 267 करोड़ रुपए, माध्यममिक शिक्षा विभाग के लिए 153 करोड़ रुपए, खेल विभाग के लिए 388 करोड़, नागरिक उड्डयन विभाग के लिए 103 करोड़, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के लिए 95 करोड़, वित्त विभाग के लिए 187 करोड़, पशुधन विभाग के लिए 277 करोड़, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के लिए 434 करोड़ तथा धर्मार्थ कार्य विभाग के लिए 65 करोड़ की लागत से एक-एक कार्य को पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

# बीएनए में 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा दस से

**अमृत विचार, लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में शैक्षिक सत्र 2025-27 में परास्नातक में प्रवेश के लिए पहली बार 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 जून से शुरू हो रही है। अभ्यर्थियों का चयन 15 जून तक आयोजित प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार से किया जाएगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डा. सुमित श्रीवास्तव ने दी। बताया कि योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार 10, 11 व 12 जून को सुबह 10 बजे से कराई जाएगी। संस्थान ने प्रथम चरण की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों के साथ 10 जून को अकादमी बुलाया है। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर अंतिम चयन (कार्यशाला) के लिए लगभग 60 अभ्यर्थी चयनित किए जाएंगे। इनकी परीक्षा 13, 14 व 15 जून को सुबह 10.30 बजे से कराई जाएगी।

# माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने जारी किए निर्देश
- गंगा की निर्मलता होगी अभियान का हिस्सा, स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे छात्र

**अमृत विचार:** योगी सरकार माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी। विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं। गंगा की निर्मलता अभियान का खास हिस्सा होगी। छात्र-छात्राएं स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे।

प्रदेश की ओर से जारी अकादमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने पर भी बल दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का निर्देश भी दिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से संबंधित गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा।छात्र छात्राओं को समूह आधारित फील्ड वर्क से जोड़ा जाएगा। किसी नदी या तालाब के पास ले जाकर विद्यार्थियों से लघु रिपोर्ट बनवाई जाएगी। इसी तरह किसी गांव, कस्बे का भ्रमण कराते हुए वहां के जल प्रबंधन और जल संरक्षण बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी।

# 'त्रिवेणी वन' बसाकर महाकुंभ की स्मृति को ताजा रखेगी योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी वन में लगाए जाएंगे नीम, पीपल व बरगद के पौधे

**अमृत विचार:** महाकुम्भ की स्मृतियों को ताजा रखने के लिए सभी 75 जिलों में योगी सरकार की तरफ से त्रिवेणी वन लगाया जाएगा। इसमें नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर वन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है।

त्रिवेणी वन की शुरुआत पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से कर दी है। जुलाई में होने वाले पौधरोपण महाभियान में हर जिले में इसकी स्थापना की जाएगी। मिशन से जुड़े अधिकारी इसके संरक्षण पर भी जोर देंगे। नर्सरियों में 52.33 करोड़ पौधे तैयार किए जा चुके हैं। इसमें सिर्फ वन विभाग की नर्सरियों 5.75 करोड़ औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें नीम के लगभग 52 लाख, बरगद के 29 लाख व पीपल के 29 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन पर्यावरणीय पौधों को रोपित करने के साथ ही इनके संरक्षण पर भी विभाग का जोर रहेगा।

> प्रदेश सरकार के निर्देशन में इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण होगा। इसी क्रम में इस वर्ष प्रदेश के सभी जिलों में त्रिवेणी वन स्थापित होगा। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने अयोध्या से की है। त्रिवेणी वन के अंतर्गत नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे।
>
> -सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष वन विभाग

# लाभ के बाद भी बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों: उपभोक्ता परिषद

**अमृत विचार लखनऊ:** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाते हुए कहा कि लाभ के बाद भी आखिर बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। परिषद ने कहा कि स्मार्ट मीटर से पावर कॉरपोरेशन को 1500 करोड़ का फायदा तय है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ में ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अगस्त 2025 तक सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने की बात कही है। बिजली कंपनियों ने नियामक आयोग को दिये गये प्रस्ताव में 40 रुपये प्रति उपभोक्ता से हर साल वसूलने की बात कही है। तीन करोड़ उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियों को लगभग 120 करोड़ का लाभ हर महीने होगा। यह साल में लगभग 1500 करोड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बिजली कंपनियों पर आरडीएसएस योजना के तहत 43,454 करोड़ व बिजनेस प्लान के तहत लगभग 5000 करोड़ का खर्च हो रहा है।

# चिन्हित गरीब युवाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के दिये निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश में चिन्हित गरीब परिवारों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव शनिवार को जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवारों के युवाओं के उन्नयन व उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पिकप भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान का लक्ष्य प्रत्येक निर्धनतम परिवार को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, शिक्षा व आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही, उनके लिए सतत आय का स्रोत सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से जीवकोपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाय, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने बताया कि वर्तमान में 13.57 लाख अत्यंत गरीब परिवारों के युवक-युवतियों को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पारंपरिक व आधुनिक कोर्स में रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण निशुल्क है, जिसमें पाठ्यसामग्री, दो यूनिफॉर्म और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की ओर से मान्यता प्राप्त है। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को सॉफ्ट स्किल जैसे अंग्रेजी भाषा, संवाद कौशल, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान व औद्योगिक व्यवहार का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# 60,244 सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

## गृह मंत्री का लखनऊ आगमन 15 को, पंचायत चुनाव पर भी करेंगे मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गृह मंत्री अमित शाह 15 जून को लखनऊ आएंगे। वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 60,244 नव नियुक्त सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव पर भी मंथन करने का कार्यक्रम है।

राज्य सरकार सिपाही भर्ती का नियुक्ति पत्र देने के समारोह के बहाने युवाओं को बड़ा संदेश देने का प्रयास करेगी। खासकर विरोधी दलों के नेता भर्ती में धनउगाही और पक्षपात करने के आरोपों को लेकर निशाने पर होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 15 जून को लखनऊ के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। डिफेंस एक्सपो मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण कराने की तैयारियां चल रही हैं। समारोह में कई मंत्री व वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। यह प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी भर्ती है, जिसमें 12048 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। पहले परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद कर दी गई थी, जिसे बाद में दोबारा कराया गया।

### डीजीपी ने अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड के लेकर दिए निर्देश

डीजीपी राजीव कृष्ण ने अभ्यर्थियों को समारोह में लाने और उनके ड्रेस कोड को लेकर विस्तृत निर्देश दिए हैं। राजपत्रित अधिकारी अभ्यर्थियों को लखनऊ लेकर आएंगे। उनके ठहरने व अन्य सुविधाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में यह कार्यक्रम इकाना स्टेडियम में आयोजित कराने की तैयारी थी, लेकिन अब वृंदावन योजना में समारोह होगा।

# भाजपा सरकार में नहीं बचा वरिष्ठ-कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब:अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस के वरिष्ठतम लोग वर्तमान व्यवस्था में महत्वपूर्ण पदों से वंचित रह गए हैं। वे अनैच्छिक परिस्थितियों में ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने को मजबूर हैं। इससे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का मनोबल टूटता है।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये डीजीपी की नियुक्ति की ओर से संकेत करते हुए कहा कि अधिकारियों का मनोबल टूटने का खामियाजा प्रदेश की कानून-व्यवस्था व जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भाजप सरकार में वरिष्ठ-कनिष्ठ का मतलब ही नहीं बचा है तो वरिष्ठता क्रम की सूची बनाने का क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठता में एक-दो के फेरबदल को तो कार्य के स्वरूप के आधार पर या किसी अन्य पैमाने पर उचित ठहराया भी जा सकता है।

## वर्ग पहेली- 455

**बाएं से दाएं**

4.1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**


1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5.1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना, प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



### वर्ग पहेली -454 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | | | | 2 तु | |
| गा | | 3 सु | | ल | |
| ना | | हा | | नी | |
| | 4 कु | व | ल | य | |
| 5 र | ल | ना | | | 6 खु |
| | प | | | | र |
| 7 इ | ति | हा | स | | हा |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी- 07.17 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज आपके प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे।

**वृष:** आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक कार्य सम्भालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**मिथुन:** आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। प्रेमी जन को आज मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ट और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण कार्य न छोड़ें। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग बिल्कुल न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी।

**सिंह:** आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**कन्या:** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। बड़बोलेपन वाले व्यवहार से बचें। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला:** आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

**धनु:** आज फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**मकर:** आज आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ:** आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के अतिरिक्त दूसरे कार्यों में अधिक समय व्यर्थ करेंगे। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**मीन:** आज आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी। इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नवीन कार्य आरंभ करने से बचें। महिलाएं किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- स्वाती 12.42 तक तत्पश्चात विशाखा।

## सुडोकू -2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | 1 | | | 4 | |
| 9 | | 4 | | | | 1 | | 8 |
| | 3 | 5 | | | 6 | | | 2 |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | | 3 | 5 | | 9 | |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 5 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 4 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | 1 | |

### सुडोकू - 1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र अद्वैत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे।

जीवन संघर्ष नहीं है। संघर्षपूर्ण जीवन तनाव देता है। पूरे जीवन को संघर्ष मानने का मूल द्वैतवाद है। द्वैतवाद का अर्थ है कि यहां इस जगत में दो प्रमुख पक्ष हैं। एक मैं हूं और दूसरा यह संसार। मैं हूं और दूसरे आप। मैं और तुम दो हैं। आध्यात्मिक तल पर ईश्वर एक है, दूसरा मैं हूं। भक्त और भगवान दो हैं। प्रकृति में प्रकाश और अंधकार का द्वैत है। शीत और ताप का द्वैत है। सब तरफ दो का दर्शन। सृष्टि में अनेक जीव हैं। वनस्पतियां हैं। सबके रूप भिन्न-भिन्न हैं। जैव विविधता खूबसूरत है। सामाजिक क्षेत्र में पंथिक विभाजन हैं। आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है।

शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।" बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत् चित् आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं कि, "लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।" फिर कहते हैं, इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है। संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं। लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है।

कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था। मार्ग में उन्हें अनेक संतों विद्वानों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने विद्वानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। शंकर ने रामेश्वरम में पूजा की। फिर वह पांड्य और चोल क्षेत्रों की ओर बढ़े। जगह-जगह पर शास्त्रार्थ होते थे और वह सदाचरण व वेदांत को श्रेष्ठ बताते रहे। हस्तगिरि पर्वत पर अवस्थित कांचीनगर में आचार्य ने देवी के मंदिर की स्थापना की। फिर वे विदर्भ पहुंचे। राजा ने उनका स्वागत किया। वहां भैरवमातावनुयायियों की संख्या ज्यादा थी। आचार्य ने उन सबके बीच भी वेदांत दर्शन का विचार रखा। कर्नाटक प्रवास में आचार्य का सामना कापालिक मतानुयायियों से हुआ। इस मत का मुखिया आचार्य का विरोधी था। 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक में जयराम मिश्र ने लिखा है कि, कापालिकों की पराजय हुई। आचार्य शंकर ने स्वयं भी महाकापाली भैरव की स्तुति की। फिर आचार्य पश्चिमी समुद्र के प्रसिद्ध तीर्थ गोकरना पहुंचे। शंकर और नीलकंठ का शास्त्रार्थ हुआ।

नीलकंठ और आचार्य के मध्य हुआ प्रश्नोत्तर दर्शन की अमूल्य निधि है। अंततः नीलकंठ ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। आचार्य शंकर ने शिष्यों के साथ सौराष्ट्र क्षेत्र का भी भ्रमण किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने अद्वैत का प्रचार किया। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रसिद्ध नगरी द्वारिका में प्रवेश किया। यह वैष्णवों का गढ़ था। शंकर के तर्क स्वीकार्य योग्य माने गए। उन्होंने उज्जैनी की यात्रा में भी संवाद बनाया। वे शिष्यों को लेकर महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी गए। भट्ट भास्कर उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। शास्त्रार्थ के दौरान भट्ट भास्कर ने शंकर से सहमति व्यक्त की। परम पूर्ण तत्व को अलग-अलग विभाजित देखना भ्रम है और एकात्म देखना सत्य है। आचार्य का जैन मतावलंबियों से भी शास्त्रार्थ हुआ और उन्होंने उनको भी अद्वैत से सहमत कराया। बौद्ध मतावलंबियों का प्रभुत्व अभी कम नहीं था। अनेक बौद्ध विद्वानों ने वैदिक धर्म स्वीकार कर लिया। वह जगन्नाथ पुरी भी गए। मगध मार्ग से जाते मगधपुर, यमस्तपुर आदि अनेक नगरों में बौद्धों का बहुमत रहा है। मगध में अनेक मत प्रचलित थे। उस समय कुबेर के उपासक, इंद्र के उपासक और यम उपासक आदि अनेक मत थे। वह सब अपने को वेद का अनुयायी मानते थे। शंकराचार्य की अद्भुत प्रतिभा ने उनके अंधविश्वास दूर कर दिए।

आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे। काशी में उन्होंने महादेव विश्वनाथ के दर्शन किए। पूजा की। पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण आचार्य शंकर की धूम थी। वह उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य तीर्थ भी गए। यह प्राचीन काल से ही प्रतिष्ठित स्थान है। यह एक समय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहां कर्मकाण्ड की प्रधानता थी। वहां पहुंचने पर आचार्य को प्राचीन संस्कृति के कोई लक्षण नहीं दिखलायी पड़े। इससे वे बहुत दुखी हुए। वहां बौद्ध तांत्रिकों की प्रधानता थी। आचार्य ने वहां कुछ दिनों तक निवास कर वेदान्त सिद्धान्त का प्रचार किया। उन्होंने इस बात को सप्रमाण सिद्ध किया कि गौतम बुद्ध के सारे सिद्धान्त अद्वैत-सिद्धान्त पर ही आश्रित हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि वहां के लोग वेदोक्त रीति से धर्म-कर्म में प्रवृत्त होकर उपासना में अनुरक्त हुए। इसी प्रकार अयोध्या में भी उनका प्रवास हुआ। उन्होंने बंगाल का भी भ्रमण किया था। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता की नींव वैदिक ऋषियों ने रखी थी। शंकराचार्य ने आगे बढ़कर सांस्कृतिक एकता का विशाल भवन खड़ा किया। एक बार फिर जातिभेद, सांप्रदायिकता, आर्थिक गैरबराबरी, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर आचार्य शंकर जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की आवश्यकता है।

# हितों का गठजोड़ जो टूट चुका है



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

अमेरिकी राजनीति के विशाल और जटिल मंच पर कुछ समय से चल रहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला-एक्स-स्पेसएक्स साम्राज्य के मालिक एलन मस्क का रिश्ते कभी सामरिक गठजोड़ और सार्वजनिक समर्थन का प्रतीक था। अब रिश्तों में टकराहट के निशान वॉल स्ट्रीट से लेकर अंतरिक्ष तक जा पहुंचे हैं। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी और ठेके बंद करने की धमकी दी, तो मस्क ने जवाबी कार्रवाई में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की संभावना तक को हवा दे दी। जुलाई 2024 में जब पेंसिल्वेनिया में ट्रंप की चुनावी रैली पर हुई गोलीबारी ने पूरी दुनिया को हिला दिया तब मस्क ने ट्रंप को अपना समर्थन देने का ऐलान किया, और यह मात्र शब्दों तक सीमित नहीं रहा। इस तरह यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि अमेरिकी सत्ता, आर्थिक हितों और राजनीतिक विचारधाराओं के जटिल जाल का प्रतीक बन गया है। विभिन्न मौकों पर ट्रंप और मस्क ने एक-दूसरे की तारीफ़ों के पुल बांधे और उनके इस भाव को मीडिया हलकों में "ब्रोमांस" का नाम तक दे दिया गया।

यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के अहंकार की लड़ाई नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति में गहराते विभाजन और बदलती सत्ता संरचनाओं का संकेत भी है। ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' राष्ट्रवादी एजेंडा सुरक्षा, पारंपरिक उद्योग और सीमाओं पर केंद्रित है, जबकि मस्क जैसे टेक उद्योगपति नवाचार और वैश्विक व्यापार को प्राथमिकता देते हैं। पिछले दिनों जब ट्रंप ने नासा के प्रमुख पद के लिए मस्क के भरोसेमंद जेरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस लिया तो साफ हो गया कि यह गठजोड़ हितों का सौदा था जो टूट चुका है। इस विवाद का सबसे बड़ा आर्थिक असर टेस्ला के शेयरधारकों पर पड़ा। कंपनी के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे बाजार पूंजीकरण में 150 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ, जो टेस्ला के इतिहास की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट थी। इससे मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति में भी लगभग 26 अरब डॉलर की कमी आई।

इस राजनीतिक प्रेम कहानी के टूटने ने अमेरिकी लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल उठाए हैं। क्या सरकारी नीतियां व्यक्तिगत रिश्तों या आर्थिक ताकतों से प्रभावित होनी चाहिए? क्या कोई अरबपति चुनावी नतीजों को खरीद सकता है? और क्या सत्ता के नशे में राजनेता अपने सहयोगियों को धमकी दे सकते हैं? मस्क ने पहले ही एक नए राजनीतिक दल की संभावनाओं का संकेत दिया है, जबकि ट्रंप उनके व्यापार साम्राज्य को निशाना बना रहे हैं।

इस विवाद ने अमेरिकी राजनीति की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित किया है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'देखा, बड़े आदमी? राजनीति उतनी आसान नहीं, जितनी तुम्हें लगती थी। 'यह टकराव अब केवल घरेलू मुद्दा नहीं रह गया, यह एक वैश्विक राजनीतिक संस्कृति का प्रतिबिंब बन गया है, जहां सिद्धांतों की जगह व्यक्तिगत नाराजगी और आर्थिक हितों ने ले ली है। जब दो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति एक-दूसरे के खिलाफ हो जाते हैं, तो न सिर्फ उनका बल्कि उस लोकतंत्र का भी नुकसान होता है, जिसकी वे रक्षा का दावा करते हैं। ऐसे में एक पुरानी सीख फिर याद आती है: सत्ता के नशे में अक्सर दोस्ती दुश्मनी में बदल जाती है, और जिसकी बुनियाद निजी स्वार्थ पर टिकी हो, उसका अंत निश्चित है।

# महासागरीय जीवन पर गहराता संकट



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> 1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

यह सुखद रहा कि अभी गत वर्ष पहले ही 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीट्री के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है। लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रुप देने की कवायद तेज हो गई है लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है। उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरुआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई।

1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गयी है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है।

उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्रोत मौजूद हो। अंदरुनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं। गौर करें तो खनन का बहुत घटिया ट्रैक रिकार्ड है।

उदाहरण के लिए अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की मानें तो खनन ने पश्चिमी महाद्वीपीय अमेरिका में 40 फीसद से ज्यादा जलोत्सारण क्षेत्रों के नदी उद्गमों के हिस्से को प्रदूषित किया है और इस प्रदूषण का सर्वाधिक हिस्सा समुद्र में मिलता है। वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से भी समुद्र प्रदूषित हो रहा है। मसलन कृषि से सतह का अपवाह, साथ शहरी अपवाह और सड़कों, इमारतों, बंदरगाहों और खाड़ियों के निर्माण से हुआ अपवाह कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और खनिजों से लदे कणों और मिट्टी को अपने साथ ले जाता है। सड़कों और राजमार्गों से दूषित अपवाह तटीय इलाकों में जल प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है।

इसमें प्रवेश करने वाले 75 फीसद जहरीले रसायन, सड़कों, छतों, खेतों और अन्य विकसित भूमि से तूफानों के दौरान पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों की मानें तो जीवाश्म ईंधन का उपयोग, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन और जंगल की आग इत्यादि से समुद्री जीवन जहरीला बन रहा है। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि इनसे उत्सर्जित पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (पीएएचएस) नामक घातक रसायन की मात्रा समुद्र में लगातार बढ़ रही है और समुद्री जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इसके पीछे 90,000 टन पीएएचएस का उत्सर्जित होना है। उल्लेखनीय है कि पीएएचएस सौ से अधिक घातक रसायनों का समूह होता है, जो कि जीवाश्म ईंधन और लकड़ी के जलने से वातावरण में उत्सर्जित होता है। इन्हें जानलेवा प्रदूषक तत्वों की श्रेणी में रखा गया है।

स्पेन के वैज्ञानिकों ने बायो हेस्पिराइट्स नाम समुद्री शोध जहाज से ब्राजील, अफ्रीका, आस्टेलिया और हवाई द्वीप समेत कई देशों की समुद्री यात्रा कर इन्हें आंकड़ों में सहेजा है। जांच में टीम को 64 पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स मिले हैं जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर में पाए गए। इनमें से कुछ अत्यंत विषैले हैं जो समुद्र को जहरीला बनाने का काम कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि पीएएचएस की प्रति महीने उत्सर्जन की मात्रा इतिहास के सबसे बड़े तेल रिसाव की घटना से चार गुना अधिक खतरनाक है। तेल रिसाव के घातक परिणाम समुद्री जीवों के लिए बेहद नुकसानदायक है।

# तकनीक पर निर्भरता और बच्चों की रचनात्मकता



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

एक शिक्षक के नजरिए से अगर विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पिछले 25 वर्षों की यात्रा का आंकलन करें तो बदलाव साफ़ दिखाई देता है। एक समय था जब स्कूलों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी केवल मंच तक सीमित नहीं होती थी, वह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की एक समग्र प्रक्रिया होती थी। शिक्षक और छात्र मिलकर एक गीत की धुन निकालते थे, शब्दों का उच्चारण सुधारते थे, हारमोनियम, ढोलक, तबला जैसे वाद्य यंत्रों से अभ्यास करते थे। नृत्य की मुद्राएं स्थानीय लोक परंपराओं से आती थीं और हर प्रस्तुति के पीछे अभ्यास, समझ और रचनात्मकता की एक परत होती थी।

आज जब तकनीक हर हाथ में है और स्कूलों में माइक, स्पीकर और यूट्यूब की पहुंच ने तैयारी के श्रम को आसान बना दिया है, तो कला की वह गहराई भी धीरे-धीरे खोती जा रही है। अब अक्सर होता यह है कि शिक्षक शिक्षिकाएं यूट्यूब पर गाना चला देते हैं, बच्चों को उसी पर थिरकने को या डायलॉग मारने को कहा जाता है, और पूरी प्रस्तुति एक तयशुदा 'कॉपी-पेस्ट' प्रारूप में बदल जाती है। बच्चे न तो गीत का अर्थ समझते हैं, न उसकी धुन में अपना स्वर खोजते हैं, और न ही प्रस्तुति में अपनी मौलिकता जोड़ते हैं।

यह बदलाव केवल मंचीय प्रदर्शन की दिशा नहीं बदलता, यह बच्चों के रचनात्मक विकास पर भी असर डालता है। पहले जहां एक गीत या नृत्य की तैयारी के बहाने बच्चों में समर्पण, अनुशासन, टीमवर्क, आत्म-अभिव्यक्ति और सौंदर्य-बोध जैसे गुण विकसित होते थे, अब वे केवल दिखावे और प्रदर्शन तक सीमित हो गए हैं।

शिक्षक होने के नाते यह चिंता स्वाभाविक है कि यदि हम तकनीक को केवल सहारा बनाकर रखें तो वह एक वरदान है, लेकिन अगर उसी पर निर्भर हो जाएं, तो यह बच्चों की रचनात्मकता को कुंठित कर सकती है। हमें यह याद रखना होगा कि मंच पर चमकते हुए रंगीन परिधान और ऊंचे वॉल्यूम में बजता संगीत ही सांस्कृतिक शिक्षा नहीं है, बल्कि यह वह प्रक्रिया है जो बच्चे को भीतर से गढ़ती है। अगर हम इस प्रक्रिया को ही छोड़ देंगे, तो हमारी प्रस्तुतियां खोखली और सतही हो जाएंगी।

समय के साथ सुविधाएं बदली हैं, लेकिन मूल उद्देश्य अब भी वही होना चाहिए-बच्चों को संस्कृति से जोड़ना, न कि उन्हें सिर्फ किसी वीडियो की नकल करना सिखाना। शिक्षकों का दायित्व है कि हम बच्चों को मंच पर लाने से पहले आत्मा के स्तर पर कला को समझने का अवसर दें। यही शिक्षा की सच्ची सांस्कृतिक भूमिका है।

# सनातन संस्कृति में प्रकृति संरक्षण



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

अग्नि ऊर्जा, प्राण, समृद्धि के प्राकृतिक तत्वों की अपरिहार्य महिमा का निरूपण वेदों की प्रकृति-उपासना सार-वान् बनाता है। भारतीय संस्कृति व चिन्तन में पर्यावरण का वह महत्व है जो मानवीय शरीर में आत्मा का होता है। प्रकृति ने ही भारतीय संस्कृति को नया आयाम दिया है। वैदिक बहुदेववाद विभिन्न प्राकृतिक तत्त्वों के सापेक्षित महत्व के पर्यावरणीय तथ्य का प्रकारान्तर से प्रतिपादन करता है। पर्यावरण ही मानव-जीवन का मूल। भारत की सनातन संस्कृति जो वेदों से विकसित हुई, उन वैदिक ऋचाओं का मूल कथ्य ही प्रकृति के साथ सन्तुलन से जुड़ा है। वेदों में पंच महाभूतों को ही देवतुल्य स्थान दिया गया है और इन्हीं को सन्तुलित करना चराचर जगत के लिए कल्याणकारी बताया गया है। वायु को वेदों में प्राण कहा गया है, वायु जीवमात्र के जीवन का आधार है। इसी वायु को शुद्धीकरण के लिए जहां सनातन संस्कृति में होम-यज्ञ की विधि बताई है, वहीं प्राणवायु के मूल स्रोत वनस्पतियों के संरक्षण की बात कही गई है। सनातन संस्कृति में किसी भी मांगलिक कार्य से पहले कलश स्थापन का विधान है। कलश वस्तुतः हमारे ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। कलश के नीचे रखे जाने वाले जौ आदि धान्य पृथ्वी के, उसमें भरा जाने वाला जल, जल तत्व का, उसके समीप जलाया जाने वाला दीपक अग्नि तत्व का प्रतीक है। कलश के मुंह पर पंच पल्लव तथा इसमें डाली जाने वाली औषधीय वनस्पतियां हमारे पारिस्थितकीय तंत्र की ओर ईशारा करते हैं। इस प्रकार कलश में सभी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कर एक प्रकार से प्रकृति को ही नमन करते हैं।

मानव समष्टि कल्याण की भावना के साथ पर्यावरण से मित्रवत् व्यवहार करें। यजुर्वेद में चर-अचर सभी को मित्र की दृष्टि से देखने का संदेश दिया गया है-मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुष समीक्षा महे।/ यजुर्वेद मे ही एक और उदाहरण दृष्टव्य है- सुमित्रिया न आप ओषधयः संतु दुर्भित्रियास्तस्मै संतु योस्मान दृष्टि यं च वयं द्विष्मः।

जब पर्यावरण के प्रति मानव में मित्रता का भाव रहेगा, तभी वह पर्यावरण सुरक्षित रख सकेगा। अथर्ववेद में 'माता भूतिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' की भव्य-भावना से पृथ्वी की स्तुति की गई है- जिस भूमि पर समुद्र-नदी और नाना प्रकार के जल हैं। जिस पर अन्न आदि नाना प्रकार की खेती होती है, जिस पर यह जीता-जागता, चलता-फिरता संसार अन्न-जल-ग्रहण कर तृप्त होता है और प्राण-धारण करता है, वह भूमि हमें पूर्व-पुरूषों द्वारा प्राप्त करने योग्य उत्तम स्थान पर प्रतिष्ठित करे। जिसमें वृक्ष और विविध वनस्पतियां सदा स्थिर रूप से विराजती हैं, समस्त विश्व को धारण करने वाली उस स्थिर पृथ्वी की हम स्तुति करते है।

मानव के समान पशु-पक्षी भी ईश्वरीय कृति है, अतः समान सम्मान के अधिकारी है। प्रकृति के पंचमहाभूत-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर-भौतिक एवं जैविक पर्यावरण का निर्माण करते हैं। वेदों में मूलतः इन पंचमहाभूतों को ही दैवीय शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। आधुनिक विज्ञान भी प्रकृति के उन रहस्यों तक बहुत बाद में पहुंच सका है जिसे वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व अनुभूत कर लिया था। इतना ही नहीं, वेदों में प्राकृतिक तत्वों से अनावश्यक और अमर्यादित छेड़छाड़ करने के दुष्परिणामों की ओर भी संकेत किया गया है तथा मानव को सीख भी दी गई है कि पर्यावरण सन्तुलन को नष्ट करने के दुष्परिणाम समस्त सृष्टि के लिए हानिकारक होंगे।

# बाल श्रम की समाप्ति बड़ी चुनौती



डॉ. रिपुदमन सिंह
पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर

> यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है।

बाल श्रम एक ऐसी समस्या है जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेती है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करती है। हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है जहां काम नहीं किताबें बच्चों का अधिकार हों। प्रत्येक वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस दुनिया भर में बाल श्रम की समाप्ति के लिए चलाए जा रहे सतत संघर्ष की एक सशक्त स्मृति है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा 2002 में स्थापित यह दिवस, बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है। यह हमको सोचने पर भी मजबूर करता है कि तकनीक विकास और वैश्वीकरण के इस युग में भी करोड़ों बच्चे आज भी श्रम करने को विवश क्यों हैं? आईएलओ के अनुसार आज भी 16 करोड़ से अधिक बच्चे विश्व भर में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं और इनका एक बड़ा हिस्सा खतरनाक परिस्थितियों में काम कर रहा है। यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करता है। बाल श्रम बच्चों की शिक्षा में बाधा डालता है तथा जो बच्चे पढ़-लिख कर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं उन्हें अंतहीन, अंधकारमय भविष्य की ओर ढकेलता है। बाल श्रम के मूल में गरीबी, शिक्षा की कमी, सामाजिक असमानता, बेरोजगारी और कानूनों का शिथिल क्रियान्वयन है। जब एक परिवार की रोजी-रोटी की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होती हैं, तब उनके सामने सबसे आसान विकल्प बच्चों को काम पर भेजना बन जाता है। यही कारण है कि खेतों, कारखानों, ईंट-भट्टों, घरेलू कामकाज और निर्माण स्थलों पर मासूम बच्चे काम करते नजर आते हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद यह संकट और भी गहराया है। स्कूल बंद होने से लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए तथा बेरोजगार हुए परिवारों में बच्चों की पढ़ाई की अपेक्षा उनको काम पर भेज कर पैसा कमवाना अधिक उचित समझा। सन 2000 से सन 2019 के बीच वैश्विक स्तर पर बाल श्रम में 8.55 करोड़ बच्चों की कमी दर्ज की गई थी जो एक सकारात्मक संकेत था परन्तु कोविड-19 और आर्थिक असमानताओं ने इस प्रवृत्ति को उलट दिया और बाल श्रमिकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होती चली गई। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी झुग्गियों तथा प्रवासी मजदूर परिवारों में यह समस्या अत्यन्त गंभीर बनी हुई है। यह स्थिति इस बात पर जोर देती है कि इस गंभीर सामाजिक चुनौती से निपटने हेतु नवीन, समग्र, सामूहिक और ठोस प्रतिबद्धता की महती आवश्यकता है। बाल श्रम भारत के साथ-साथ सभी देशों में गैर कानूनी है। अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर सिर्फ बात न करके अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी समझें। बाल श्रम को जड़ से उखाड़ना हमारे लिए एक चुनौती है, जिस पर खरा उतरना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईएलओ द्वारा वर्ष 1992 से शुरू किया गया उपक्रम आईपीईसी बाल श्रम के क्रमिक उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय क्षमताओं को सशक्त करने और वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है, तथा संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों (सीडीजीएस) में लक्ष्य 8.7 विशेष रूप से 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। किन्तु इस अभियान में अपेक्षित सफलता अभी तक नहीं मिली है। भारत में बाल श्रम की समस्या बहुआयामी है। इस समस्या से निपटने के लिए शिक्षा एक माध्यम हो सकती है, जो किसी भी बच्चे को श्रम के कुचक्र से बाहर निकाल सकती है। सरकार की सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना जैसे प्रयास सराहनीय हैं पर इन्हें और व्यापक बनाकर समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचाना, बालश्रम को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कुछ एनजीओ गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज भी बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रयासरत हैं। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आन्दोलन (बीबीए) ने अब तक हजारों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया है। बीबीए द्वारा बच्चों को कानून के माध्यम से, समुदायों में जागरूकता फैलाकर शिक्षा और सामाजिक समर्थन प्राप्त किया गया है तथा बच्चों को पुनर्वासित कराया है।

उप्र सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए 12 जून 2025 से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य 2027 तक बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाना है। यह अभियान शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रम आदि विभागों की समन्वित भागीदारी से संचालित होगा। किन्तु 2011 की जनगणना के बाद से अब तक बाल श्रमिकों का कोई भी ताजा आंकड़ा उपलब्ध न होने से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए पंचायती राज विभाग को गांव स्तर पर बाल श्रमिकों की पहचान कर डाटा एकत्र करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सरकार यूनिसेफ के साथ मिलकर स्कीम बुकलेट तैयार कर रही है जिसमें उन योजनाओं का विवरण होगा, जो बाल श्रमिकों और उनके परिवारों की मदद के लिए उपलब्ध है। बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस एक जनजागरण का आवाह्न बनना चाहिए, क्योंकि यह केवल बच्चों की भलाई का मुद्दा नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण बचपन मिले।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मुल्क में अमन-चैन की दुआ के लिए एक साथ उठे हजारों हाथ

## शहर, कस्बों और गावों में परंपरागत ढंग से मनाया गया कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा, सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता प्रबंध, मस्जिदों में अदा की गयी नमाज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


शहर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम भाई। अमृत विचार


नमाज शुरू होने से पहले व्यवस्था देखते एसपी दीपक भूकर व अन्य अधिकारी।


बांगरमऊ में नमाजियों को खिताब करते शहर काजी जियाउल आरफीन।


सफीपुर में चेयरमैन प्रतिनिधि व अन्य से जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी।

**अमृत विचार।** कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा शहर व जिले भर में परंपरागत ढंग मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने सुबह नए कपड़े पहनकर ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की। इसके बाद तय स्थान पर कुर्बानी दी गई। इसके साथ लोगों ने एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया।

शहर के मुख्य मार्गों सहित मुस्लिम बहुल इलाकों में भोरपहर से बकरीद की नमाज व कुर्बानी की तैयारियां शुरू हो गई थीं। जिससे लोगों की आवाजाही बनी रही। करीब छह बजे से लोगों ने नमाज अदा करने के लिए घरों से निकलना शुरू कर दिया। ईदगाह से पहले कुछ मस्जिदों में नमाज अदा कराना मुकर्रर था। इसलिए त्योहार संबंधी सामग्री (दूध-दही) के कारोबारियों ने पहले ही नमाज अदा की। करीब सात बजे से शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित ग्रामीण इलाके से नमाज अदा करने बड़ी ईदगाह पहुंचने वालों का आवागमन शुरू कर दिया। सभी नए कपड़ों में टोपी लगाए हुए ईदगाह की ओर बढ़ते रहे, जिससे नमाज अदा करने के लिए अगली पंक्तियों में ही स्थान सुरक्षित किया जा सके। ईदगाह परिसर देखते ही देखते फुल हो गया। ईदगाह रोड पर दोनों ओर बड़ी संख्या में जरूरतमंद कतार से बैठे रहे, जिन्हें वहां से गुजरते हुए नमाजी जकात भेंट की। बकरीद की नमाज अदा करने को लेकर युवाओं व बच्चों में खासी खुशी दिखी। नमाज अदा कराने से पहले मौलाना निसार अहमद मिस्बाही ने इस्लामिक शिक्षाओं पर अमल की नसीहत देते हुए कहा कि सभी को किन्हीं कारणों से आर्थिक रूप से कमजोर रह जाने वाले परिवारों को खुशी उपलब्ध कराना हर सच्चे मुस्लमान का फर्ज बनता है। साथ ही देश व कौम की तरक्की के लिए दुआ भी मांगी गई। ईदगाह न पहुंच पाने वालों ने शहर की अलग-अलग मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा की।

**बांगरमऊ संवाददाता** के अनुसार, ईद-उल-अजहा का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के पश्चिमी छोर स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे इमामे ईदगाह काजी शहर सैयद जियाउल आरफीन ने नमाज अदा कराई। इसके बाद मुल्क की सलामती व भाईचारे की दुआ कराई। नमाज के बाद ईदगाह के बाहर लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ईदगाह से लौटकर लोगों ने कुर्बानी अदा की। नमाज़ से पूर्व ईदगाह में जमीअत उलेमा ए हिंद के जिला सदर फैसल बिलाल जामई ने कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डाला। ईदगाह में नायब काजी शहर हाफिज़ फीरोज खान, हाजी अब्दुल मन्नान, मौलाना अनस कमर नदवी, मोहम्मद खालिद, कुर्बान अली, हाजी लईक, पूर्व पालिकाध्यक्ष इजहार खान, दाऊद खान, अरकान सिद्दीकी व मौलाना अब्दुल रहमान, सरकार खान सहित हजारों लोगों ने नमाज अदा की। ईदगाह के अलावा नगर के नानामऊ तिराहा स्थित मस्जिद आलिम शाह, सैय्यदवाड़ा स्थित दरगाह यासीनिया वाली मस्जिद, मोहल्ला पुरबिया स्थित नूरी मस्जिद, नसीमगंज स्थित मस्जिद फारूक ए आज़म व मुकरियाना स्थित मदीना मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। ईदगाह के बाहर सपा नेता आलोक त्रिपाठी, संजीव त्रिवेदी एडवोकेट, डा. मुन्ना अल्वी, आलोक त्रिपाठी, सुरेश पाल, मोहम्मद इमरान सिद्दीकी व नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता, सलीमुर्रहमान, अनुभव शुक्ला व राहुल शुक्ला आदि ने शिविर लगाकर लोगों को बकरीद की बधाई देकर मुंह मीठा कराया। इसी क्रम में कस्बा गंजमुरादाबाद, फतेहपुर खालसा, फतेहपुर हमजा, रघुरामपुर, नेवल, सुल्तानपुर, हयात नगर, चाहोलिया, खमोली, मदारपुर, जोगीकोट, रसूलवापुर सुरसैनी, आसत, भठियापुर, अतरधनी व मदार नगर आदि गावों में भी नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास पुलिस और प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

**सफीपुर संवाददाता** के अनुसार, नगर व क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व प्रेम भाईचारा व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। एएसपी दक्षिणी प्रेमचन्द्र ने ड्रोन से निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था जांची। वहीं जिलाधिकारी गौरांग राठी ने ईदगाह पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था देखी और सभी को मुबारकबाद दी। बकरीद पर शनिवार को नगर की मुख्य ईदगाह में बकरीद की नमाज पढ़ी गई। इसके बाद होने वाली दुआ में मुल्क में अमन-चैन व भाईचारा की दुआएं मांगी गईं। सुबह से ही ईदगाह जाने वाले नमाजियों की लंबी कतारें लग गई थीं। नमाज के बाद ईदगाह के बाहर लोगों ने एक दूसरे के गले मिल मुबारकबाद दी। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई व एसडीएम शिवेंद्र कुमार वर्मा, सीओ मधुपनाथ मिश्र, एसओ एसएन त्रिपाठी, ईओ विनीत श्रीवास्तव ने नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी। हजरत मख़दूम शाह सफ़ी की मस्जिद में मौलाना हसमत उल्ला ने नमाज पढ़ाई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने सज्जादानशीन समदी मियां व अफ़ज़ाल मोहम्मद फारुखी के दारुल अमान स्थित घर पहुंचकर मुबारकबाद दी। इसी तरह हाता बाजार, सैय्यद वाड़ा, बस स्टाप दादा मियां की मजार स्थित मस्जिदों में भी नमाज पढ़ी गई। मन्नन्त के अनुसार मुश्लिम भाइयों ने कुर्बानी दी। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। जिसमे बड़ी संख्या में अन्य धर्मों के लोगों ने भाग लेकर यहां की गंगा-जमुनी संस्कृति को जीवंत बनाया। क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांव उनवां, दरौली, पीखी, जमालनगर, ददलहा, मुस्तफ़ाबाद में भी बकरीद की नमाज अदा की गई।

# अकीदत से अदा की गई बकरीद की नमाज

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


एक-दूसरे को मुबारकबाद देते बच्चे।

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम ने अमन ओ शांति की ख्वाहिश के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद मुस्लिम क्षेत्रों में कुर्बानियों का दौर शुरू हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसपी, एडीएम व एएसपी ने जायजा लिया।

कुबार्नी का त्योहार ईद उल अजहा पर्व कड़ी सुरक्षा के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान राजमार्ग स्थित जामा मस्जिद समेत तमाम छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन व सलामती की दुआ मांगी गई। राजमार्ग जामा मस्जिद में मौलाना शमीम अहमद ने नमाज पढ़ाई और मुल्क में भाईचारा व एकता बनाने की दुआ मांगी, गगांघाट क्षेत्र में मनोहर नगर, अहमद नगर मस्जिद अली नगर मस्जिद में रजा भाई, चम्पापुरवा में सैय्यद इरफान, गोताखोर, कर्बला मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग नये वस्त्र पहन कर मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने सुन्नतइ, वाहीम पर अमल करते हुए कुर्बानी का सिलसिला शुरू किया घरों में बकरों व सामूहिक रूप से बड़े जानवरों की कुर्बानी कर कुर्बानी का हिस्सा नातें रिश्तेदारों और समाज के गरीब लोगों में तकसीम किया गया। बकरीद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़ें प्रबन्ध किए गये थे। मस्जिदों के आसपास से लेकर अन्य मार्गों पर व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं सभी पार्टियों के कार्यकताओं ने बारी-बारी मस्जिदों पर जाकर नमाजियों को गले मिलाकर मुबारकबाद दी।

### इन मस्जिदों में हुई नमाज

जामा मस्जिद, मोहम्मदी एक मिनारी मस्जिद रहमत नगर, हसन मस्जिद हसन नगर, गौसिया मस्जिद गंगाघाट, टाटवाली मस्जिद अहमद नगर, बड़ी मस्जिद अहमद नगर, बड़ी मस्जिद मोहम्मद नगर गोताखोर, नूरानी मस्जिद मोहम्द नगर गोताखोर, शाही मस्जिद हुसैन नगर करबला, गौसिया मस्जिद मनोहर नगर, वारसी मस्जिद आलम नगर, गुलशाने तैयाब मस्जिद गंगानगर, रजा मस्जिद गंगानगर, हुसैनी मस्जिद मुस्लिम कालोनी श्रीनगर, बिलाल मस्जिद आलम नगर, नगीना मस्जिद रहमत नगर, मदनी मस्जिद हुसैन नगर कर्बला।


शनिदेव मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

## शनिदेव मंदिर में भव्य भंडारा, सपाइयों ने बांटा प्रसाद

**संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार को आनंद घाट स्थित शनिदेव मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी पार्टी के नेता राजन कनौजिया ने किया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। जिन्होंने भंडारे में शामिल होकर भक्तों को प्रसाद बांटा। इस मौके पर डॉ. अरुण सविता, सुनील तिवारी, विक्रम भदौरिया, शुभ गुप्ता, सुरेश निषाद, राकेश पांडे, सुनीता सिंह, सोना रावत, मीना यादव, उमा लाल यादव, रोहित साहू, सर्वेश राजपूत, सी के लाल, मुश्ताक नाटे, पप्पू, तिलक सिंह, आशा और रविंदर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पिंकी गिहार, सुरिंदर गिहार एवं समस्त गिहार परिवार द्वारा किया गया।

## अमरनाथ सेवा मंडल कलेक्शन सेंटर से दानपात्र चोरी, जांच-पड़ताल शुरू

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** राजमार्ग स्थित मन्नी बिहारी पुरम के पास श्री अमरनाथ सेवा मंडल की शाखा शुक्लागंज के कलेक्शन सेंटर में देररात चोरी हो गई। सेंटर में रखे दानपात्र से हजारों रुपये पार कर दिये गए। जानकारी के अनुसार, रात में मंडल कार्यालय बंद कर दिया गया था। तभी चोर बगल की बिल्डिंग से छत के रास्ते अंदर घुसा और दानपात्र में रखी नकदी चोरी कर फरार हो गया। शनिवार सुबह जब मंडल अध्यक्ष नितिन शर्मा पहुंचे तो उन्हें इसका पता चला। तत्काल उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। फुटेज में देररात 2:15 बजे एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस जांच शुरू कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

# बाबा बर्फानी के भंडारे को खाद्य सामग्री रवाना

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


बाबा के जयकारे लगाकर राशन सामग्री अमरनाथ भेजते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्लागंज से बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिए नगर की श्री अमरनाथ सेवा मंडल कि शाखा शुक्लागंज ने बीते दिनों कलेक्शन कर राशन का सामान बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिए इकट्ठा कर शनिवार को ट्रक से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। वहीं शर्बत वितरण कराया गया।

बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिए राजमार्ग स्थित मन्नी बिहारी पुलिस के पास कलेक्शन सेंटर खोला गया था। जहां शुक्लागंज के अलावा आसपास के लोगों ने राशन सामग्री दान की। जिसे शनिवार को ट्रक से भेजा गया। कलेक्शन में आटा, शक्कर, चाय पत्ती, सरसों तेल, नमक, दूध, कोल्डड्रिंक, दवाइयां, रिफांइड लेकर बाबा अमरनाथ के लिए शनिवार शाम ट्रक से रवाना किया गया। दोपहर में शर्बत वितरण भी हुआ। जहां लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। मंडल का भंडारा अमरनाथ की पवित्र गुफा, बालटाल, बुराड़ी टॉप, पंचतरिणी, शेषनाग और जम्मू के यात्री निवास में लगाया जाएगा। इस मौके पर नितिन शर्मा, सचिन ओमर, बब्लू शर्मा, अनिल पाल, राजकुमार गुप्ता, अमित सिंह, संतोष शर्मा, बॉबी पांडे, शिशिर श्रीवास्तव, रामकिशोर पाल, रामबाबू, अशोक सविता, महेन्द्र कुशवाहा, ज्ञानी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ऑटो की टक्कर से यातायात दरोगा व सवारियां घायल

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत सिविल लाइंस क्षेत्र में सवारी लेकर जा रहे ऑटो की टक्कर से बाइक सवार यातायात विभाग के दरोगा तिलक सिंह गंभीर घायल हो गया। वहीं ऑटो सवार माखी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी महिला का आठ वर्षीय बेटा शिवा सहित पुरवा कोतवाली के भगतखेड़ा गांव निवासी किशनलाल (55) व उसकी बेटी सोमवती को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाई। जहां ईएमओ आशीष सक्सेना ने प्राथमिक इलाज के बाद सभी घायलों को घर भेज दिया। वहीं घटना के बाद चालक ऑटो छोड़कर भाग निकला। चर्चा रही कि ऑटो चालक के अचानक ब्रेक लगाने से दरोगा की बाइक टकरा गई। जिससे हादसा हुआ।

### डीसीएम की टक्कर से कार सवार दो घायल, एक रेफर

**सफीपुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मुख्यमार्ग के हुलासी कुंआ गांव के पास बांगरमऊ से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। इसमें कार सवार हर्ष गुप्ता (30) पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी नौनिहालगंज कस्बा बांगरमऊ, यहीं के निवासी व्योम (25) पुत्र सुरेश तिवारी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद व्योम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि हर्ष को घर भेज दिया। डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है।

### इंटर जोनल ट्रायल मैचों के लिए चार खिलाड़ी हुए चयनित

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि अंडर-16 इंटर जोनल ट्रायल मैचों के लिये जिले के 4 खिलाड़ियों का चयन लखनऊ जोन की टीम में हुआ है। यह मैच 9 जून को रायबरेली जोन से व 11 जून को बहराइच जोन से लखनऊ के स्पोर्ट्स गैलेक्सी मैदान में होंगे। चयनित खिलाड़ियों में सुयश सिंह, अक्षत विश्वकर्मा, देवांश वर्मा व कृष्णा सोनी का नाम शामिल किया गया है। इसके अलावा साहिल वर्मा व अश्मित पटेल को स्टैंडबाई में जगह दी गई है।

### जेवर चोरी करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में महिला के घर से जेवर पार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए जेवर बरामद हुए हैं। सदर कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि बीती 6 जून को कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव की सुशीला पत्नी स्व. जगदीश नारायण अवस्थी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 3 जून को गांव निवासी राजू ने उसके घर से सोने के जेवर व नगदी पार कर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जिसमें मामला सही पाए जाने पर शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के एक ईंट भट्टे के पास से पुलिस ने राजू पुत्र पुतान अवस्थी को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के जेवर बरामद किए हैं। जिसमें सोने की चेन, कंगन व अंगूठी शामिल है। पुलिस ने माल बरामदगी की धारा बढ़ाते हुए राजू को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

### हादसे का शिकार हुए बाइक सवार की मौत

**परियर, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर बिठूर गंगापुल पर शनिवार शाम बाइक हादसे का शिकायत हो गई। इसमें बाइक चला रहा अभिमन्यु (30) पुत्र यशवंत निवासी हृदयपुर थाना बिठूर कानपुर नगर गंभीर घायल हो गया। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# गंगा में नहाने गए 5 किशोर डूबे, एक की मौत, एक लापता, 3 को बचाया गया


अनस। (फाइल फोटो)


दोस्तों के डूबने की जानकारी देते साथी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


गंगा में लापता किशोर की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकरीद की खुशियां शनिवार को उस समय मातम में बदल गईं जब कानपुर से घूमकर लौट रहे पांच किशोर गंगा नहाने के दौरान डूब गए। इसमें तीन को बचा लिया गया, जबकि दो चचेरे भाई गंगा में डूब गए। इनमें से एक का शव बरामद हो गया जबकि दूसरे की तलाश देरशाम तक जारी रही।

उन्नाव सदर कोतवाली के एबी नगर डीएसएन रोड मोहम्मदिया मस्जिद के पास रहने वाले महबूब आलम (14) पुत्र इस्लामुद्दीन ने बताया की शनिवार को बकरीद की नमाज़ के बाद सुबह 11 बजे वह पड़ोस में रहने वाले शमीम का 12 वर्षीय बेटा अहद, बब्लू का 13 वर्षीय बेटे अशद, लाला उर्फ शब्बीर का 12 वर्षीय बेटा अनस और उसके चचेरा भाई स्व. झुर्री का 14 वर्षीय बेटा समीर के साथ उन्नाव से ई बस से कानपुर जेड स्क्वायर घूमने गये थे। दोपहर करीब एक बजे जब वे लौट रहे थे, तो अनस और समीर के कहने पर गंगा नहाने का कार्यक्रम बना और पांचों रेलवे पुल के नीचे घाट पर पहुंचे। नहाने के दौरान अनस और समीर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें बचाने की कोशिश में अहद, अशद और महबूब भी डूबने लगे। घाट पर बैठे पंडा मकरध्वज तिवारी ने बच्चों की चीख-पुकार सुनते ही तुरंत गंगा में छलांग लगा दी और बहादुरी दिखाते हुए अहद, अशद और महबूब को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन तब तक अनस और समीर पानी में लापता हो चुके थे। पंडा द्वारा बच्चों को बचाकर किनारे लाए जाने के बाद तत्काल परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों की तलाश शुरू कराई। दो घंटे की मशक्कत के बाद करीब तीन बजे अनस का शव बरामद कर लिया गया। अनस का शव मिलने की सूचना पर उसके घर में कोहराम मच गया। मां शबीना, पिता लाला, बहन सिमरन और भाई रियाज, बिलाल व शहनवाज का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, समीर की बहन मुस्कान भाई के लापता होने की सूचना पाकर बेसुध हो गई। परिजनों ने अनस के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। देर शाम तक समीर की तलाश जारी थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली थी। इस हादसे ने पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ा दी है और बकरीद की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

# युवक की संदिग्ध हालात में हुई मौत, हत्या का आरोप

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मटेरिया गांव निवासी सर्वेंद्र (40) पुत्र संतोष कुमार को शुक्रवार देररात संदिग्ध परिस्थिति में मोहान-मलिहाबाद मार्ग मटरिया पुलिया के पास अचेत पड़ा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देररात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। यह सुनते ही पत्नी सुमन व भाई सतेंद्र सहित अन्य बेहाल हो गए। सर्वेंद्र मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी पत्नी सुमन ने गांव के चार लोगों पर पति को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। एसएसआई इशरत हुसैन ने बताया कि शुक्रवार देररात युवक को गंभीर हालत में सीएचसी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया था जहां उसकी मौत हो गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# सड़क पर अचेत मिला युवक, अस्पताल में हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** उत्तराखंड प्रांत के उधम सिंह नगर जिला के लोहिया हेड थाना क्षेत्र के खटीमा नगर निवासी गोपाल शर्मा (39) पुत्र भीखम लखनऊ के बुद्धेश्वर मंदिर के पास स्थित एक महाविद्याल के पास किराए का मकान लेकर परिवार के साथ रहता था। वह टायल लगाने का मिस्त्री था। शुक्रवार को वह अपने किसी परिचित की शादी में शामिल होने हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सेमरा गांव आया था। लौटते समय वह सेमरा गांव के मोड़ के पास मियागंज-लखनऊ मार्ग पर अचेत पड़ा मिला। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां भोरपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली सूचना पर बेटा कृष्णा व अन्य परिजन मोर्चरी पहुंचे और शव देखकर बेहाल हो गए। पति की मौत से पत्नी शशि और बेटियां कोमल तथा दिव्या बेहाल हैं। परिजनों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें सड़क हादसे में आई चोटों से मौत होने की बात सामने आई है।

# अनस और समीर की जिद के आगे झुक गए दोस्त

## गंगा तट पहुंचने के बाद हुआ हादसा, समीर पहले ही माता-पिता को खो चुका था, चाचा कर रहा था परवरिश

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** शनिवार को बकरीद की खुशियों के बीच एबी नगर की एक बस्ती में ऐसा मातम पसरा कि लोगों की आंखें नम हो गईं। पांच किशोर दोस्त कानपुर के जेड स्क्वायर मॉल घूमकर लौट रहे थे, तभी दो किशोरों की एक जिद ने उनकी जान पर बन आई। इन पांचों में से दो अनस और समीर अब बस्ती में नहीं हैं। एक की लाश गंगा से मिली, दूसरा अब भी लापता है। घटना शनिवार दोपहर की है। पांचों किशोर महबूब आलम, अहद, अशद, अनस और समीर मिलकर ई-रिक्शा से जेड स्क्वायर से लौट रहे थे। इसी बीच अनस और समीर ने गंगा नहाने की जिद ठानी। महबूब ने मना किया, लेकिन दोनों किसी की सुनने को तैयार नहीं हुए और ई-रिक्शा चालक को किराया देकर सीधे गंगा तट पहुंच गए। बाकी तीनों भी अनमने मन से उनके साथ हो लिए। पांचों दोस्त गहरे पानी में नहाने लगे। तभी अनस और समीर गहराई में चले गए और डूबने लगे। उन्हें बचाने की कोशिश में बाकी तीनों भी डूबने लगे। सौभाग्य से घाट पर मौजूद पंडा मकरध्वज तिवारी की नजर उन पर पड़ी, जिन्होंने तुरंत गंगा में छलांग लगाकर महबूब, अहद और अशद की जान बचा ली, लेकिन तब तक अनस और समीर गंगा में समा चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक-एक कर परिजन घाट पर पहुंचने लगे। खासकर जब पता चला कि अनस और समीर डूब गए हैं, तब तो पूरा मोहल्ला ही घाट पर उमड़ आया। करीब दो घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने अनस का शव बरामद किया, लेकिन समीर की तलाश देर शाम तक जारी रही। सभी दोस्त रोते हुए यही कह रहे थे, काश! अनस और समीर हमारी बात मान लेते, तो आज जिंदा होते। अनस, समीर, अहद और अशद कपड़े की दुकानों पर काम करते थे, जबकि महबूब अभी कक्षा पांच का छात्र है। सभी एक ही बस्ती के रहने वाले थे और हमेशा साथ रहते थे। इधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

### ढूंढने में लगे दर्जनभर गोताखोर

हादसे के बाद गंगाघाट पुलिस ने गोताखोरों की टीम को बुलाया। करीब एक दर्जन गोताखोर अनस और समीर की तलाश में गंगा में उतरे। दो घंटे की मेहनत के बाद अनस का शव मिल गया, लेकिन समीर का अब तक कोई सुराग नहीं लगा।

### समीर के माता-पिता की पहले ही हो चुकी है मौत

14 वर्षीय समीर के माता-पिता झुर्री और रेशमा का देहांत पहले ही हो चुका था। उसका पालन-पोषण चाचा लाला उर्फ शब्बीर कर रहे थे। अब अनस शब्बीर का बेटा और समीर दोनों की एक साथ डूबने से मौत होने पर उन्होंने फूट-फूटकर कहा, मेरे भाई का पूरा घर उजड़ गया।

### मातम में बदली त्योहार की खुशियां

बकरीद पर जहां लोग कुर्बानी देकर खुशियां मना रहे थे, वहीं जब अनस और समीर के डूबने की खबर मोहल्ले में पहुंची तो खुशी का माहौल मातम में बदल गया। करीब आधा सैकड़ा लोग भागकर गंगा तट पहुंचे। हर आंख नम थी और हर चेहरा गमगीन।

# बकरीद पर अदा की नमाज, गले मिल दी मुबारकबाद

## कड़ी सुरक्षा के बीच जिला मुख्यालय पर ईदगाह में पढ़ी गई नमाज, डीएम व एसपी सहित फोर्स रही मौजूद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही धर्म के लोगों ने मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा की। इसके बाद कुर्बानी की रस्म पूरी की। पुलिस ने नमाज के दौरान कस्बों की सुरक्षा की। जिला मुख्यालय पर डीएम, एसपी की मौजूदगी में नमाज पढ़ी गई।

जिला मुख्यालय के ईदगाह मस्जिद में सुबह के समय हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग जुटे और तय समय पर नमाज अदा कर एक दूसरे के गले मिल कर मुबारकबाद दी। ईदगाह समेत कई मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिये पर्याप्त पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया। इससे पहले उन्होंने खुद कोतवाली कन्नौज क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

शहर में ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई गई। उन्होंने ईदगाह व अन्य मस्जिदों का पैदल भ्रमण कर धर्मगुरुओं, नमाजियों, आमजन एवं राहगीरों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। एसपी के निर्देश पर पूरे जनपद में पुलिस क्षेत्राधिकारी, इंसपेक्टर, थाना कोतवाली प्रभारी के अलावा भारी पुलिस बल को लगाया गया था। ईदगाह कन्नौज में एसडीएम नवनीता राय के अलावा एडीएम आशीष सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शहर की ईदगाह मस्जिद पर मौजूद डीएम, एसपी, एडीएम, एसडीएम व अन्य अधिकारी कर्मचारी। अमृत विचार

### सौरिख में भी बकरीद की नमाज, मांगी दुआएं

● **सौरिख।** सुबह से ही ईद उल अजहा (बकरीद) की तैयारियां होने लगीं। सुबह 6:30 बजे जामा मस्जिद से झंडा ईदगाह के लिए रवाना हुआ। यहां पर नमाज़ हाफ़िज़ रेहान ने अदा कराई। राजापुर बंबा वाली ईदगाह में मौलाना खालिद ने, खेरे वाली मस्जिद में मौलाना मोहम्मद मेहदी कानपुरी ने शिया हज़रात को नमाज़ अदा कराई। कबीरपुर शिया मस्जिद में मोहम्मद मेहदी ने, राजापुर शिया मस्जिद में मौलाना मोहम्मद मेहदी हसन कानपुरी ने नमाज़ अदा कराई। सभी इमामों ने मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी और आपस में भाई चारा बना कर एक दूसरे की मदद करने की दुआ मांगी। नगर निकाय के कर्मचारियों ने साफ सफाई करके सभी रास्तों पर चूना डाला। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने सभी जगहों पर फोर्स लगाई। नमाज़ के बाद लोगों ने अपने अपने घरों में कुर्बानी का सिलसिला शुरू किया। इस मौके पर गुड्डू, तौसीफ यूसुफ, फ़ीरोज़ अख्तर, बारिद अली, अली अब्बास नकवी मेम्बर (ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड) आदि लोग मौजूद रहे।



गुरसहायगंज ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

## गुरसहायगंज में नमाज पढ़ की देश की खुशहाली की दुआ

**गुरसहायगंज।** अकीदतमंदों ने ईद-उल-अजहा पर नमाज पढकर देश के अमन चैन की दुआ मांगी। शनिवार को नगर व क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही नए कपड़े पहनकर अकीदतमंदों ने नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित खांडेदेवर, समधन, मझपुर्वा, डुण्डवाबुजुर्ग, इस्माइलपुर, जलालाबाद, जसोदा आदि स्थानों पर नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, नायाब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर, सीओ सिटी अभिषेक प्रताप अजेय, कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, चौकी प्रभारी दीपक कुमार, ईओ अनिल कुमार, आरपी सिंह, लेखपाल कौशल पांडेय आदि मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व सभासद मुनीर कुरैशी ने अधिकारियों को पुष्प भेंट कर उन्हें बधाई दी। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इसी प्रकार समधन में भी शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई।

# नमाज में अमन चैन को उठे हजारों हाथ

संवाददाता छिबरामऊ

● **ईदगाह में सुबह सात बजे नमाज अदा कराई गई**

**अमृत विचार।** ईदगाह परिसर सहित नगर की कई मस्जिदों में भी हजारों अकीदतमंद लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा करके अल्लाह के आगे हाथ उठाकर देश व नगर में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ की। इस के कुर्बानी दी गई।

फर्रुखाबाद रोड स्थित ईदगाह में शनिवार की सुबह सुबह 7 बजे पेश इमाम मौलाना सैय्यद फुरकान ने नमाज अदा कराई। ईदगाह के अलावा 7:30 बजे तक मोहल्ला विरतिया स्थित एक मीनारा मस्जिद में मौलाना जियाउल हक ने और जामा मस्जिद तथा अन्य मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई गई। ईदगाह रोड से लेकर चारों दिशाओं में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं ईओ सुनील कुमार सिंह, तहसीलदार अवनीश कुमार, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी के साथ ही नगर पालिका कर्मी और फायर ब्रिगेड टीम भी ईदगाह के पास तैनात रही। नमाज के बाद हाफिज एहतशामुद्दीन, मोहम्मद आकिल ओवैसी, मोहम्मद इमरान खान, समसुल कमर खां उर्फ राजू मास्टर, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीस, सभासद शब्बीर खान, चमन खां राजू सहित मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

### सूचना

मेरी पुत्री शालिनी चतुर्वेदी का आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम पावनी चतुर्वेदी अंकित हो गया है। पुत्री के आधार कार्ड में गलत नाम पावनी चतुर्वेदी के स्थान पर शालिनी अंकित किया जाए।

**प्रभाकान्त पुत्र सूबेदार चतुर्वेदी निवासी ड्योढ़ा उमर्दा जनपद कन्नौज**

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को प्रशिक्षण ले रहे बीआरपी

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

● **सौरिख- हसेरन के बीआरपी का शुरू हुआ सात दिवसीय प्रशिक्षण**

**अमृत विचार।** ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए नव चयनित बीआरपी सात दिवसीय प्रशिक्षण में तकनीकी जानकारी ले रहे है। शनिवार को शुरू हुए प्रषिक्षण में सभी ने सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान लालकपुर में शनिवार को नये प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ हुआ। यहां सत्र प्रभारी पूनम मिश्रा ने विद्या की देवी सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में सौरिख- हसेरन ब्लाक के बीआरपी को प्रषिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण में सरकार की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने वाली योजनाओं को लेकर प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण में बीआरपी महिलाओं को कैसे जागरूक किया जाये इस बावत तकनीकी जानकारी हासिल करेंगे। यह बीआरपी प्रशिक्षण लेने के बाद न्याय पंचायत स्तर पर महिलाओं को स्वरोजगार देने वाली योजनाओं का लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित करेंगे।

प्रशिक्षण शुरू होने से पहले सभी सरकार की योजनाओं को महिलाओं तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्हें प्रशिक्षण किट सौंपी गई। इस मौके पर डीआरपी महेष चन्द्र पाल, राधेश्याम पाल, राजेन्द्र कटियार, ललित शर्मा, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### डीजल पाइप फटने से कंटेनर में लगी आग, चालक झुलसा

**सौरिख, कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अचानक कंटेनर का डीजल पाइप फट जाने से आग लग गई। इससे चालक गंभीर रूप से जल गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। चालक मुकेश कुमार पुत्र ज्ञानेंद्र यादव निवासी दाऊदपुरी जनपद शिवपुरा बिहार कंटेनर लेकर नासिक से एक कंपनी की गाड़ियां लादकर रुद्रपुर जा रहा था। शनिवार की सुबह 11 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर थाना क्षेत्र के 152 किलोमीटर पर पहुंचते ही कंटेनर की डीजल पाइप फट गई जिसके चलते आग लग गई। चालक आग को बुझाने का प्रयास करने लगा जिससे वह जल गया। उसे यूपीडा कर्मियों द्वारा एंबुलेंस से सौरिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### रिश्तेदारों के सहयोग से युवती को भगाया

**गुरसहायगंज।** एक गांव निवासी पीड़ित युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 03 जून की रात 10 बजे पड़ोसी गांव बारामऊ बांगर निवासी शैलेंद्र उर्फ शालू ने अपने रिश्तेदार योगेंद्र और उसकी पत्नी साधना निवासी भावनपुर थाना सौरिख के सहयोग से उसकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

### अवैध शराब सहित पुलिस ने एक युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाई जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक हरीश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सदरपुर से ब्राहिमपुर रोड पर 20 लेमन ब्लू अवैध देशी शराब सहित सुभाष चंद्र पुत्र सहवीर सिंह निवासी ब्राहिमपुर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध दफा 60 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर करवाई की है।

### रंजिश को लेकर मारपीट में युवक घायल

**गुरसहायगंज।** रंजिश को लेकर दो पक्षों में अभद्रता के बाद जमकर लाठी डंडे चले। इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इस्माइलपुर निवासी सीमा बेगम पत्नी चांद मोहम्मद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पड़ोसी जनपद कानपुर के थाना बिल्हौर के ग्राम निवासी तीन लोगों ने उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नमाज के बाद पुलिस ने किया गश्त, सुरक्षा का भरोसा

**कन्नौज।** बकरीद की नमाज के बाद शहर में अमन चैन बरकरार रखने के लिये पुलिस ने पैदल गश्त किया। शनिवार को सीओ सिटी अभिषेक प्रताप अजेय ने कोतवाली पुलिस के साथ साम के समय शहर समेत मेहंदीघाट पर पैदल गश्त किया। इस दौरान जनता से बात की। उन्होंने शहर में लगी पुलिस की ड्यूटी चेक की। इस दौरान लोगों से कहा कि व भाईचारे के साथ पर्व मनायें। किसी तरह की अराजकता करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines
● Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
● Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
● Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
● Humanities and Journalism English
● Faculty of Pharmacy
● Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास मिली युवती की लाश

## जरिया थाना क्षेत्र के वीरा गांव के पास सर्विस रोड के किनारे नहर में मिला शव, फिलहाल नहीं हो सकी शिनाख्त

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- जरिया थाने की पुलिस युवती की पहचान कराने में जुटी
- अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर तहकीकात की

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नीचे शनिवार की सुबह नहर में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। करीब 25 साल की इस युवती की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है। जींस और टीशर्ट पहने युवती की पहचान कराने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की, मगर देर शाम तक कोई खास सुराग नहीं लग सका। जरिया पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवा दिया है।

जरिया थाना क्षेत्र के वीरा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड के किनारे नहर में शनिवार की सुबह युवती का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इसकी खबर फैलते ही ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर जरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक छानबीन करने के बाद पुलिस के उच्चाधिकारियों को सूचना दी। पुलिस ने सबसे पहले आसपास के गांव वालों के जरिए युवती की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उसका पहचान नहीं हो सकी। घटना की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक एमके गुप्ता ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात की। उन्होंने युवती की शिनाख्त कराने के निर्देश दिए।


नहर में युवती की लाश मिलने के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

नहर में पानी कम और कीचड़ अधिक होने के कारण युवती के दोनों पैर कीचड़ में धंसे हुए थे, जबकि कमर के ऊपर का हिस्सा पानी की सतह पर पड़ा था। पुलिस के मुताबिक प्रथमदृष्टया युवती के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाया। दोनों टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की। युवती की उम्र करीब 25 साल बताई गई है। वह नीले रंग की जींस और पीले रंग की टीशर्ट पहने थी।

### मांग में सिंदूर से शादीशुदा होने का अनुमान

नहर में जिस 25 वर्षीया युवती की लाश मिली है, वह जींस और पैंट पहने थी। देखने से किसी ठीकठाक घराने की मालूम पड़ती है, मगर में मांग में सिंदूर लगा होने से उसके शादीशुदा होने का अनुमान है। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि कहीं लव मैरिज करने के बाद उसकी हत्या तो नहीं की गई? या फिर झांसा देकर उसे अगवा करने के बाद उसके साथ घिनौना कृत्य कर मारा गया? फिलहाल पुलिस इन सवालों का जवाब तलाशने के लिए उसकी शिनाख्त कराने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरीला सीओ राजकुमार पांडेय का कहना है कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का रहस्य

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती ने आत्महत्या की है या फिर किसी ने हत्या कर शव को फेंका है। इस बात की संभावना अधिक है कि उसे कहीं बाहर से लाकर यहां फेंका गया है। उसके साथ दुराचार की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि दुराचार और मौत की वजह का रहस्य पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आएगा। फिलहाल युवती की शिनाख्त नहीं होने से शव को मर्च्युरी में रखा गया है। 72 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस संबंध में सरीला पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय का कहना है कि फिलहाल शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। शव की शिनाख्त होने के बाद मौत की तह तक पहुंचना आसान होगा।

## सार-संक्षेप

### मैदा मिल में पल्लेदार का शव पेड़ से लटका मिला

**तिर्वा (कन्नौज)।** बिहार के पल्लेदार ने गले में रस्सी से फंदा लगाकर पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद मधुबनी बिहार के थाना वासुक गांव वलाट निवासी अक्षय (33) पुत्र परमेश्वर अपने परिवार के साथ खुरदइया गांव के पास एक निजी मैदा मिल में रहकर मजदूरी करता था। किसी बात को लेकर उसने मिल के अंदर खड़े पेड़ से रस्सी का फंदा लगा कर जान दे दी। शनिवार की सुबह जब लोग जागे तो घटना का पता चला। घटना की जानकारी कर्मचारियों ने मिल मालिक को दी। सूचना पर पहुंचे उसके चचेरे भाई बहादुर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना का कारण नहीं पता चल सका है।

### इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से लाखों का सामान व नकदी गायब

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के छानी गांव में पवन कुमार की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। शुक्रवार की रात 9 :00 बजे दुकान को बंद कर घर चला गया। रात को चोर दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपयों का इलेक्ट्रॉनिक का सामान व गोलक में रखे 5000 रुपये चोरी कर ले गए है। सुबह दुकान आने पर दुकान का ताला टूटा पाकर चोरी का शक होने पर अंदर जाकर देखा तो हजारों रुपयों का इलेक्ट्रॉनिक का सामान व नगदी गायब मिली। वहीं मौदहा का सुरेंद्र कुमार वर्मा हाथ में पंखा की पंखुड़ी लिए हुए मिल गया। पूछने पर कबाड़ को बीनते समय पंखुड़ी मिलने की बात कहने लगा। इस पर उसने यूपी 112 को फोन किया। मौके पर आई पुलिस उसको गिरफ्तार कर थाना ले आई। एसआई जगत नारायण ने बताया कि युवक के खिलाफ कार्रवाई कर चालान कर दिया है।

### पति और सास पर हत्या का प्रयास करने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** विवाहिता ने पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध के चलते सास और पति पर हत्या करने के प्रयास का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी साधना पुत्री जगदीश निषाद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी कुरारा थानाक्षेत्र के ग्राम मंगलपुर में एक दशक पहले हुई थी। लेकिन उसके पति के एक महिला के साथ अवैध संबंध के चलते उसकी हत्या करना चाहते थे। इसी के चलते 30 मई को उसके पति ने फांसी लगाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की। जिसमें उसकी सास चुनबदिया ने उसका सहयोग किया और उसे लाठी डंडे से मारपीट कर बेहोश कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर बैक करते समय पहिये के नीचे आई महिला की मौत

**महोबा ।** कोतवाली चरखारी के ग्राम रिवई में शुक्रवार की शाम को दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली को बैक करते समय महिला ट्रैक्टर ट्राली के पहिये के नीचे आ जाने से घायल हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले गए। सांस लेने में दिक्कत होने पर महिला को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। कोतवाली चरखारी रिवई गांव निवासी सुधा 55 पत्नी रामपाल दरवाजे पर बैठी थी। दरवाजे के पास परिजनों की ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी, कुछ देर बाद सुधा का भतीजा राज कुमार किसी काम के लिए ट्रैक्टर ट्राली बैक करने लगा, बैक करते समय दरवाजे पर बैठी सुधा पिछले पहिये की चपेट में आ गई और बुरी तरह घायल हो गई। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और ट्रैक्टर को आगे कराकर महिला को निकाला। पहिये की नीचे दब जाने से महिला के गंभीर चोटे आने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले जाया गया। लेकिन सांस में दिक्कत बढ़ने से परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। लेकिन महिला की रास्ते में मौत हो गई।

### शहद के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**जसवंतनगर (इटावा)।** रामलीला रोड स्थित कंजड़ कॉलोनी में शहद के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि वह झगड़े में तब्दील हो गया। इस झगड़े में दो महिलाएं घायल हो गईं, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गुलेल से कंकड़-कंचों से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता सपना देवी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका पति प्रमोद शहद लेकर आया था, और उसका आपसी बंटवारा चल रहा था। इसी दौरान अजय, गौतम, सीटू और गटुआ ने शहद फैलाने का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और गुलेल में कंकड़-कंचे रखकर हमला किया गया। इस हमले में सपना देवी, सीमा और प्रमोद कुमार घायल हो गए। सपना देवी का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

# पेड़ में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- युवती की तय हो चुकी थी शादी सर्दी के सीजन में होनी थी
- पास में सुसाइड नोट भी मिला पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का गांव के बाहर खेत में नीम के पेड़ पर फंदे पर शव लटका मिला। युवती की शादी तय हो चुकी थी और सर्दी के सीजन में शादी होने वाली थी। बताते हैं कि युवती के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसकी पुलिस छानबीन कर रही है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव के रहने वाले भारत की 22 वर्षीया बेटी रचना का शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के बाहर स्थित खेत में नीम के पेड़ पर फंदे पर शव लटका मिला। ग्रामीणों ने युवती का शव फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गये। ग्रामीणों ने उसके घर सूचना भेजी तो परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। फिलहाल युवती के आत्महत्या करने की बात कही जा रही है।

युवती की मौत पर भाई कौशल के साथ सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि रचना की शादी राठ क्षेत्र के औंडेरा गांव में एक युवक के साथ तय हो गई थी। आगामी सर्दी के सीजन में उसका विवाह होना था। आखिर उसने आत्महत्या क्यों की? यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। ग्रामीणों की मानें तो युवती के शव के पास सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। कोतवाल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े सर्राफ के घर से जेवरात लूटे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राठ के कोट बाजार इलाके में दोपहर में हुई लूट की वारदात
- सर्राफ की पत्नी को चाकू दिखा कर लॉकर से जेवरात लूटे
- पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** कस्बे के मियापुरा कोट बाजार इलाके में शनिवार की दोपहर दिनदहाड़े दो नकाबपोश लुटेरों ने सर्राफ के घर में घुसकर पत्नी को चाकू दिखाकर अलमारी के लॉकर से करीब 100 ग्राम सोने की ज्वैलरी लूटकर फरार हो गए। इस वारदात से सराफा व्यवसाइयों में हड़कंप मच गया। लुटेरों के घर में घुसने और वारदात की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह ने घटना का जायजा लिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा हो है। पीड़ित सराफा व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के सराफा व्यापारी प्रमोद सर्राफ पुत्र नारायण दास मियांपुरा मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहते हैं। रानी गेट से बाजार जाने वाले मार्ग पर उनकी सराफा की दुकान है। प्रमोद ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब दो बजे वह दुकान पर बैठे थे। घर में उनकी पत्नी माया और बेटा था। माया ने बताया कि वह किचन में काम कर रही थी। बेटा कमरे में सो रहा था। अचानक मुंह में मास्क बांधे दो युवक आ धमके। एक लुटेरे ने चाकू दिखाकर बंधक बना लिया और दूसरे ने कमरे में रखी अलमारी खोलकर उसमें रखी करीब 100 ग्राम सोने की ज्वैलरी लूट ली। उनके चीखने-चिल्लाने पर उनका बेटा जाग गया। इसी दौरान एक लुटेरा छत के रास्ते करीब 15 फीट ऊंची छत से कूदकर भाग गया, जबकि दूसरा लुटेरा जिस रास्ते से आया, उसी रास्ते से भाग निकला। सराफा व्यवसायी ने जेवरात की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई है। घटना की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी में लुटेरों को मकान के अंदर घुसते और बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है। सूचना पर पहुंचे सीओ राजीव प्रताप सिंह, कोतवाल रामासरे सरोज ने बारीकी से घटना का जायजा लिया और लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। सीओ ने कहा कि शीघ्र ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


राठ में लूट की जानकारी देतीं सर्राफ की पत्नी माया देवी। अमृत विचार


जांच करते सीओ राजीव प्रताप सिंह।

# मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखीं

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार।** प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा ने मेडिकल कालेज पहुंच कर तैयार खड़े कैंसर अस्पताल व कार्डियोलॉजी भवन समेत इमरजेंसी का निरीक्षण किया। शनिवार की सुबह आगरा से लखनऊ जा रहे उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा अचानक मेडिकल कालेज पहुंच गए। यहां कालेज प्रशासन के साथ इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण करते हए भर्ती मरीजो से एलाज को लेकर जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजो को बेहतर उपचार दिलाया जाए। मरीजो से डाक्टर अच्छा बर्ताव करें। प्रमुख सचिव ने बताया कि कैंसर अस्पताल व कार्डियोलॉजी को जल्द ही चालू कराने के प्रयास सरकार की तरफ से किए जा रहे है। इनकें संचालति होने से स्थानीय मरीजों को सहूलियत होगी और उन्हें बाहर के जिलों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इसके साथ ही पैसों व समय की भी बचत होगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।


कैंसर अस्पताल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव। अमृत विचार

# दबंगों ने घर में घुसकर अधिवक्ता को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलाताल में एक मकान का विजिलेंस टीम द्वारा बिजली कनेक्शन काटे जाने पर गृहस्वामी ने एक अधिवक्ता पर आरोप लगाते हुए अधिवक्ता के घर में घुसकर उसकी लाठी डंडों पिटाई कर दी।

थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम बेलाताल निवासी अधिवक्ता यूसुफ घर से कुलपहाड़ तहसील कोर्ट जाने के लिए निकले ही थे तभी मोहल्ले में विजिलेंस टीम बिजली कनेक्शन काट रही थी। मोहल्ले के युवक ने कनेक्शन कटने का दोष अधिवक्ता पर मढ़ते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। जब अधिवक्ता ने विरोध किया, तो युवक ने हमला कर दिया। जान बचाकर अधिवक्ता घर में घुस गए लेकिन दबंग और उसकी मां व अन्य परिजन लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और अधिवक्ता की मारपीट करने लगे।

शोर सुनकर अधिवक्ता की पत्नी बीच बचाव करने पहुंचीं तो दबंगों ने उनके साथ भी अभद्रता की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दबगों ने एक तलाक के मुकदमे की पैरवी किए जाने को लेकर जान से मारने की धमकी दी थी। बताया कि अधिवक्ता एक तलाक के मुकदमे में मुस्कान नाम की महिला के पति की पैरवी कर रहे हैं। इसी रंजिश में यह हमला हुआ है। इस घटना के बाद अधिवक्ता संघ द्वारा थाना पहुंचकर तहरीर देते हुए दबंग परिवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# साहब! मैं जिंदा हूं, लिखी तख्ती लेकर मुख्यालय पहुंचा ग्रामीण

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अजब समय है। लोगों को खुद को जिंदा साबित करने के लिए भी गुहार लगानी पड़ रही है। शनिवार को एक युवक ,साहब मैं अभी जिंदा हू लिखी तख्ती गले में लटकाकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा ।

पहाड़ी थाना क्षेत्र के रघुवर पुरवा रेहुटा गांव के रहने वाले रमेश यादव ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसको मृत्यु दिखा कर उसकी पत्नी के नाम समूह बनाकर 35 हजार रुपये निकाल लिए। उसने बताया कि आरोपी उसके गांव का ही एक युवक है। उसने ऋण की किश्त न जमा करने के लिए उसका मृत्यु प्रमाणपत्र लगाया और साठगांठ कर माफ करा लिया। जब बैंक से उसके खाते में बीमा राशि आई तो ठगी का खुलासा हुआ। उसने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर उसका मृत्यु प्रमाणपत्र निरस्त कराने की गुहार की।



ग्रामीण रमेश यादव।

उसने बताया कि वह कई दिनों से शिकायत कर रहा है पर कोई सुनवाई नहीं की गई। इसके बाद वह जिंदा होने का सबूत देने के लिए गले में तख्ती लटका कर यहां आने को मजबूर हुआ। रमेश ने आरोप लगाया कि उसके गांव के ही सजातीय युवक ने उससे पैसे उधार मांगे थे जो उसने न होने का हवाला देकर मना कर दिया था। इस पर आरोपी ने उसको पत्नी के नाम समूह बनाकर पैसे निकालने की बात कही जिसपर वह सहमत हो गया और 35 हजार की धनराशि भी निकाल ली। कुछ उसकी किस्तें भी भरीं लेकिन बाद में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर ऋण माफ करा लिया। जब उसके खाते में 13 हजार की धनराशि और आई तो उसे आशंका हुई। इसके बाद वह बैंक पहुंचा तो यह जानकर सन्न रह गया कि बैंक में उसका मृत्यु प्रमाणपत्र लगा हुआ था।

**सरकारी अस्पताल का हाल** | आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से हायर सेंटर नहीं ले जा सके परिजन

# वेंटीलेटर न मिलने से बदायूं में 4 नवजातों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वेंटीलेटर की सुविधा न मिलने की वजह से शनिवार को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) में भर्ती चार नवजातों की मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार प्री मेच्योर होने की वजह से नवजातों का वजन कम था। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हालत गंभीर होने पर रेफर किया था, लेकिन परिजन आर्थिक समस्या होने की वजह से बच्चों को नहीं ले जा पाए। इस कारण शनिवार सुबह से लेकर शाम तक चारों नवजातों की मौत हो गई।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव समरेर निवासी रेनू देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति विपिन ने पांच जून को समरेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था। यहां सामान्य प्रसव से रेनू के जुड़वा बच्चे हुए थे। बच्चों की हालत खराब होने पर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। प्री मेच्योर डिलीवरी की वजह से बच्चों का वजन कम था। महिला की साढ़े सात महीने में डिलीवरी हुई थी। एक नवजात का वजन 1100 ग्राम और दूसरे का 1300 ग्राम था। उन्हें सांस लेने में परेशान हो रही थी। वहीं दातागंज क्षेत्र के गांव जयपालपुर निवासी प्रेमलता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति धर्मपाल ने उन्हें जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने बेटी को जन्म दिया। नवजात का वजन 780 ग्राम था। उसकी हालत गंभीर थी। उसे भी सांस लेने में परेशानी हो रही थी और इंफेक्शन भी था। उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी तराना पत्नी इम्तियाज के नवजात को भी सांस लेने में दिक्कत होने पर वार्ड में भर्ती किया गया। शनिवार को धीरे-धीरे चारों बच्चों ने दम तोड़ दिया। महिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संदीप वार्ष्णेय ने बताया कि बच्चे प्री मेच्योर्ड थे। सभी का जन्म समय से पहले हुआ था। बच्चों का वजन भी कम था। शुक्रवार को परिजनों को हायर सेंटर ले जाने को कहा गया, लेकिन परिजनों ने अनुमति नहीं दी थी। वेंटीलेटर और सीपेप न होने की वजह से दुर्भाग्यवश बच्चों की मौत हो गई।



जिला अस्पताल बदायूं का एसएनसीयू वार्ड।

> शासन से कई बार वेंटीलेटर की मांग की गई है। अस्पताल में वेंटीलेटर के अलावा तीन एनेस्थेटिक्स के साथ कम से कम आठ लोगों का स्टाफ जरूरी है
> -डॉ. इंद्रकांत वर्मा, सीएमएस

# लाठी और डंडों से पीटकर तेंदुआ को मार डाला

**अमरोहा।** मादा तेंदुआ के हमले में छह किसान घायल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तेंदुआ को घेरकर लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर हमीदपुर में शनिवार की सुबह किसान डालचंद सिंह अपने बेटे कौकिल के साथ खेत पर काम कर रहे थे। मादा तेंदुआ ने पिता-पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान व ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और तेंदुआ को घेर लिया। तेंदुआ इधर-उधर दौड़ता रहा। इस दौरान तेंदुआ ने हेतराम, कृपाल सिंह, अरविंद, धर्म सिंह और हेमराज को जख्मी कर दिया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने तेंदुआ को पीट-पीटकर मार डाला। नौगांवा सादात पुलिस और वन विभाग के डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा, वन दरोगा केपी सिंह मौके पर पहुंच गए। तेंदुए का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# इंटरनेट पर सतर्कता अपनी आदत बनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की महिला कमेटी की ओर से समसामयिक मुद्दों को लेकर कार्यशाला का आयोजन बरेली क्लब में हुआ, जिसमें लेब ग्रोन डायमंड, साइबर अपराध से सुरक्षा, बैंकिंग जागरूकता और शेयर बाजार में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई।

साइबर एक्सपर्ट शालू यादव ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इंटरनेट पर सतर्कता को अपनी आदत बनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें। बैंकिंग सत्र में दीपिका ने महिलाओं को खातों की सुरक्षा, अलग-अलग तरह की बचत योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के फायदे बताए। शेयर बाजार पर भी सत्र हुआ। इस दौरान निवेश सलाहकार राजीव सिंघल ने महिलाओं को शेयर बाजार के मूल सिद्धांत, जोखिम प्रबंधन, लंबी अवधि के लाभों के बारे में जानकारी दी।

महिला कमेटी की चेयरमैन अमिता अग्रवाल ने कहा कि आज की महिलाएं सिर्फ घर में ही नहीं बल्कि समाज, बाजार और डिजिटल दुनिया में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। यह कार्यशाला उन्हें इन सभी क्षेत्रों की समझ और आत्मविश्वास दिलाने की दिशा में एक अच्छी पहल है।

लेब ग्रोन डायमंड सत्र का संचालन करते हुए निधि अग्रवाल ने बताया कि किस प्रकार ये डायमंड पर्यावरण के अनुकूल हैं। नैतिक रूप से निर्मित हैं और पारंपरिक हीरों की तरह ही मूल्यवान होते हैं। अन्य महिलाओं ने उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए आभूषणों को देखा और कई तकनीकी सवाल पूछे, जिसके जवाब दिए गए। इसके बाद साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा पर विशेष सत्र हुआ।

# दुष्कर्म के आरोपी सहित तीन दबोचे

**इटावा।** एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना बढ़पुरा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ में एवं दो अन्य समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादिनी द्वारा थाना बढ़पुरा पर सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री के साथ नामजद व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किया गया एवं उसके दो साथियों द्वारा उसका सहयोग किया गया। पुलिस टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये कुल तीन आरोपियों विपिन , अंशुल व रोहित को गिरफ्तार कर पूछताछ में घटना मे अवैध तमंचा के प्रयोग की बात संज्ञान में आयी जिसपर आरोपी विपिन को घटना स्थल पर ले जाया गया जहां उसके द्वारा भागने का प्रयास करते हुये पेड़ के नीचे छिपा रखे तमंचा को निकालकर पुलिस टीम पर फायर किया गया जिस पर पुलिस टीमने जवाबी फायरिंग की तो एक गोली आरोपी बिपिन के दाहिने पैर में लगी।

# तेजी से फैलते मोटापे को हर हाल में रोकना होगा

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा- स्वस्थ भारत के लिए नमक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और कम तेल के सेवन का लें संकल्प

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर हर भारतीय को नमक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी करने का संकल्प लेना चाहिए। नड्डा के अनुसार, सही खान-पान के बारे में जागरूकता फैलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।



बेंगलुरु में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नड्डा।

नड्डा, बेंगलुरु में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष सात जून को मनाया जाता है। नड्डा ने कहा, हमें अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को ध्यान में रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कम से कम अपने घरों में हम तेल और नमक की खपत में 10 प्रतिशत की कमी ला सकें। यह सबसे जरूरी हिस्सा है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ रहने और सही खान-पान के लिए, भारत को अपने पारंपरिक खाद्य व्यवहारों पर फिर से विचार करना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमारे पारंपरिक भोजन में मोटे अनाज से बनी कई तरह की चीजें शामिल हैं। हमें इस परंपरा को पुनर्जीवित करना होगा। नड्डा ने कहा कि बदलाव तभी संभव है जब यह एक सतत प्रक्रिया हो। केवल विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर खाद्य सुरक्षा आदतों के बारे में बात करने से काम नहीं चलेगा। यह तभी काम करेगा, जब हम इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लेंगे।


### ई-मार्केट प्लेटफॉर्मों को भ्रामक अलर्ट, अनुचित व्यापार व्यवहार पर रोक लगाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि उनके नेटवर्क पर उपभोक्ताओं को अत्यावश्यक अलर्ट (सूचना) और भ्रामक विज्ञापनों या किसी प्रकार के अनुचित व्यापार व्यवहार में न फंसाया जाए। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा, सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को सलाह दी गई है कि वे परामर्श जारी होने के तीन महीने के भीतर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए स्व-ऑडिट करें और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं कि उनके प्लेटफॉर्म ऐसे डार्क पैटर्न से मुक्त हों। डार्क पैटर्न ऐसे भ्रामक प्रयासों को कहा जाता है, जिनमें ग्राहकों को स्टॉक खत्म होने या किसी प्रलोभन के जरिये माल की बुकिंग तत्काल करने के लिए उकसाया जाता है। सीसीपीए ने सब-ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को यह भी स्व-घोषणा देने के लिए प्रोत्साहित किया है कि उनका प्लेटफॉर्म किसी भी डार्क पैटर्न में लिप्त नहीं है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सरकार से नौ अहम सवालों पर मांगा जवाब

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु भगदड़



- स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई की
- सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने के लिए किसने अनुमति दी थी? यह निर्णय कब और कैसे लिया गया था? क्या आयोजकों ने आवश्यक अनुमति ली थी? ये वे प्रश्न हैं जिनके उत्तर कर्नाटक सरकार को चार जून को हुई भगदड़ के संबंध में 10 जून तक उच्च न्यायालय में दाखिल करने होंगे। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नौ महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ ने इस त्रासदी के मद्देनजर अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए, गुरुवार को ये सवाल पूछे। सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। यह भगदड़ चार जून की शाम को चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में भाग लेने के लिए उमड़े थे। इस घटना में 11 लोग मारे गए और 56 घायल हो गए। पीठ ने खेल आयोजनों और इस पैमाने के सार्वजनिक समारोहों के लिए 50,000 से अधिक लोगों की सभाओं के प्रबंधन के लिए एसओपी के अस्तित्व पर भी सवाल उठाया। पीठ की ओर से पूछे गए शेष प्रश्न राज्य की तैयारी और प्रतिक्रिया पर केंद्रित हैं, जैसे: आयोजन स्थल के आसपास यातायात को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए? भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या व्यवस्था की गई थी? मौके पर कौन सी चिकित्सा और आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध थीं? क्या पहले से उपस्थित लोगों की संख्या का अनुमान लगाया गया था? पीठ ने इसके अलावा पूछा कि, क्या घायलों को घटनास्थल पर तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई आदि सचसल पूछे।

## एक नजर

### ठाणे में किशोरी से दुष्कर्म में 20 साल सश्रम कारावास

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी 17 वर्षीय रिश्तेदार से दुष्कर्म और उसे गर्भवती करने को लेकर 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश हरणे ने आरोपी जीवन अशोक वडविंदे को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और बीएनएस की संबद्ध धाराओं के तहत दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

# तेजस्वी के काफिले को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 सुरक्षाकर्मी घायल

वैशाली (बिहार), एजेंसी

- घटना में राजद नेता बाल-बाल बचे घायलों को हालत स्थिर

बिहार के वैशाली जिले में राजद के नेता तेजस्वी यादव के काफिले की दो गाड़ियों को शुक्रवार देर रात को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में राजद नेता बाल-बाल बच गए लेकिन तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ट्रक से उस गाड़ी को टक्कर नहीं लगी जिसमें राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यादव सवार थे। अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे की है जब यादव का काफिला गोरौल के पास पटना-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चाय पीने के लिए रुका था। अधिकारी ने बताया कि वे मधेपुरा से पटना लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने कहा, यादव को किसी भी तरह की चोट नहीं आई है। तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## मुंबई फिर पानी-पानी


मुंबई में शनिवार को भारी बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़। एजेंसी

# आवैसी ने डीपफेक वीडियो को लेकर दर्ज कराई शिकायत

हैदराबाद, एजेंसी

- पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने वाले वीडियो को प्रसारित करने का मामला किया दर्ज

हैदराबाद पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने के लिए सोशल मीडिया मंच पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का एक 'डीपफेक' वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि एआई द्वारा तैयार किए गए इस फर्जी वीडियो में ओवैसी की छवि और नाम के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध हस्तियों का दुरुपयोग कर लोगों को गुमराह किया गया है, ताकि लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वह एक निवेश घोटाले को बढ़ावा दे रहे हैं। फर्जी वीडियो में प्रतिदिन 53,000 रुपये लाभ का वादा किया गया है। हैदराबाद के सांसद ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि वीडियो लोगों को एक घोटाले वाली वेबसाइट में निवेश करने का निर्देश देता है, जिससे निर्दोष व्यक्तियों के पैसे खोने का खतरा उत्पन्न होता है।

# वर्ष 2022 में कोविड से 86.5 लाख हुईं मौतें

नई दिल्ली, एजेंसी

- नागरिक पंजीकरण प्रणाली के नए आंकड़े से सामने आई जानकारी



वर्ष 2022 के दौरान देश में लगभग साढ़े 86.5 लाख लोगों की मौत हुई जो कोविड प्रभावित वर्ष 2021 में हुई 1.02 करोड़ से अधिक लोगों की मौत की तुलना में 15 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट को दर्शाता है। नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के नए आंकड़े से यह जानकारी मिली।

भारत के महापंजीयक कार्यालय द्वारा प्रदर्शित 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2021 के मुकाबले मौतों की संख्या में 15.74 लाख की गिरावट ने मृत्यु दर के आंकड़ों को मोटे तौर पर 2020 में देखी गई पूर्व-महामारी पैटर्न के अनुरूप ला दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में देश भर में 1.02 करोड़ लोगों की मौतों के साथ मृतक संख्या में तेज उछाल दर्ज किया गया था, जबकि यह आंकड़ा 2020 में 81.1 लाख, 2019 में 76.4 लाख और 2018 में 69.5 लाख था। रिपोर्ट में कहा गया है, पंजीकृत मौतों के मामले में, मौतों की संख्या 2021 में 102.2 लाख से घटकर 2022 में 86.5 लाख रह गई यानी 15.4 प्रतिशत की कमी आई। गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार और हरियाणा जैसे कुछ प्रमुख राज्यों ने पंजीकृत मौतों की संख्या में कमी लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लोकसभा में 29 जुलाई, 2022 को सरकार द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार, 26 जुलाई, 2022 तक कोविड-19 के कारण लगभग 5.26 लाख मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ ने भारत में कोविड-19 से जुड़ी 47 लाख से ज्यादा मौतों की रिपोर्ट दी थी, जिसका सरकार ने कड़ा विरोध किया था। रिपोर्ट ने यह भी दिखाया कि 2022 में 2.54 करोड़ से ज्यादा शिशुओं के जन्म पंजीकृत किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है, पंजीकृत शिशु जन्म की संख्या 2021 में 242.0 लाख से बढ़कर 2022 में 254.4 लाख हो गई, जो लगभग 5.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

## दिल्ली की सीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शराब के नशे में कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने को लेकर 30 वर्षीय व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। व्यक्ति से अलग रह रही उसकी पत्नी से संपर्क करने में उसकी मदद करने से पुलिस के इनकार करने के बाद, उसने यह धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी श्लोक त्रिपाठी को दिल्ली पुलिस और गाजियाबाद (उप्र) पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया।

# शाह से मिले नक्सल विरोधी अभियान के अधिकारी

- गृह मंत्री ने कहा- मोदी सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी


सुरक्षाबल के अधिकारियों को सम्मानित करते अमित शाह।

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारियों से शनिवार को मुलाकात की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे । शाह ने एक्स पर कहा, हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ ने हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कुर्रागुट्टा पहाड़ियों में संयुक्त रूप से तीन सप्ताह तक अभियान चलाया। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के तहत 31 कट्टर माओवादी मारे गए।

## कारोबार/कृषि

# तीन साल पुराना जीएसटी रिटर्न नहीं कर पाएंगे दाखिल

## जीएसटी करदाता के लिए जुलाई से बदल जाएंगे नियम

नई दिल्ली, एजेंसी




जीएसटी नेटवर्क ने शनिवार को कहा कि जुलाई कर अवधि की शुरुआत से, जीएसटी करदाता मूल फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल बाद मासिक और वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जुलाई, 2025 की कर अवधि का मतलब है कि करदाता इस साल अगस्त में मासिक रिटर्न दाखिल करेंगे।

एक परामर्श में, माल और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि करदाता फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल की समाप्ति पर जीएसटीआर-1, जीएसटीआर-3बी, जीएसटीआर-4, जीएसटीआर-5, जीएसटीआर-5ए, जीएसटीआर-6, जीएसटीआर-7, जीएसटीआर-8 और जीएसटीआर-9 दाखिल नहीं कर पाएंगे। समय सीमा के संबंध में माल और सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन वित्त अधिनियम, 2023 के माध्यम से प्रभावी किए गए थे। इस प्रकार, देयता के भुगतान से संबंधित रिटर्न, वार्षिक रिटर्न और स्रोत पर एकत्रित कर के अलावा जीएसटी आउटवर्ड सप्लाई रिटर्न समय-बाधित हो जाएंगे। जीएसटीएन द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है, तीन साल की समाप्ति के बाद रिटर्न दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी। उक्त प्रतिबंध जुलाई, 2025 कर अवधि से जीएसटी पोर्टल पर लागू किया जाएगा। इसने करदाताओं को सलाह दी कि यदि उन्होंने अब तक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया है तो वे अपने रिकॉर्ड का मिलान कर लें और जल्द से जल्द अपना जीएसटी रिटर्न दाखिल करें। इससे पहले अक्टूबर में, जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने करदाताओं को सचेत किया था कि कर प्रतिबंध का उक्त प्रावधान 2025 की शुरुआत में लागू किया जाएगा। भाषा अनुराग पाण्डेय

### मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म 3बी संपादन योग्य नहीं रहेगा

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शनिवार को कहा कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी जुलाई, 2025 की कर अवधि से गैर-संपादन योग्य हो जाएगा। एक परामर्श में, जीएसटीएन ने कहा कि करदाता उसी रिटर्न अवधि में अपना जीएसटीआर-3बी दाखिल करने से पहले जीएसटीआर-1ए में घोषित बाहरी आपूर्ति में बदलाव कर सकते हैं। इस तरह के बदलाव कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में स्वतः भर दिए जाएंगे। जीएसटीएन ने कहा, जुलाई, 2025 की कर अवधि से ऐसी ऑटो-पॉपुलेटेड' देयता गैर-संपादन योग्य हो जाएगी। जुलाई, 2025 कर अवधि के लिए अगस्त, 2025 में फॉर्म जीएसटीआर 3बी पेश किया जाएगा। उसने कहा, "इस प्रकार, करदाताओं को फॉर्म जीएसटीआर 1ए के माध्यम से संशोधन करके अपनी ऑटो-पॉपुलेटेड देयता में संशोधन करने की अनुमति होगी, जिसे जीएसटीआर 3बी दाखिल करने से पहले उसी कर अवधि के लिए दाखिल किया जा सकता है।" एक सारांश विवरण और मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी करदाताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए हर महीने की 20, 22 और 24 तारीख के बीच चरणबद्ध तरीके से दाखिल किया जाता है। वर्तमान में, जीएसटी पोर्टल एक प्री-फिल्ड जीएसटीआर-3बी प्रदान करता है, जहां जीएसटीआर-1/जीएसटीआर-1ए/आईएफएफ में घोषित बाहरी आपूर्ति के आधार पर कर देयता स्वतः भर जाती है।

# कृषि क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में बड़ा बदलाव आया, बजट पांच गुना हुआ : सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- किसानों को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक देश का नेतृत्व करने का मिला अधिकार



सरकार ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में विभिन्न सरकारी योजनाओं और बढ़े हुए बजटीय आवंटन के माध्यम से भारत के कृषि क्षेत्र में गहरा परिवर्तन हुआ है, जिससे किसानों को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक देश का नेतृत्व करने का अधिकार मिला है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परिवर्तन ने छोटे किसानों, महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों और संबद्ध क्षेत्रों का समर्थन करके समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि भारत को वैश्विक कृषि नेता के रूप में स्थापित किया है।

सरकार ने कहा, पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है, जो बीज से बाजार तक के दर्शन पर आधारित है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए बजट अनुमान 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,37,664.35 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग पांच गुना वृद्धि है। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2014-15 में 26.50 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 34.74 करोड़ टन हो गया है, जो कृषि उत्पादन में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी 2013-14 में 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2024-25 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गया, जबकि धान का मूल्य 2013-14 में 1,310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,369 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

फरवरी, 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना के तहत सरकार ने 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 7.71 करोड़ किसानों को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है। खरीद के आंकड़े विभिन्न फसलों में सुधार दर्शाते हैं।

# डाक विभाग ने डिजिपिन को बेहतर बनाने के लिए हितधारकों से भागीदारी का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपना डिजिपिन जानें और अपना पिन कोड जानें सेवाएं शुरू करने की घोषणा की



डाक विभाग ने अपनी जीपीएस आधारित पता सेवा डिजिपिन को बेहतर बनाने के लिए नागरिकों, विकासकर्ताओं और संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों से भागीदारी करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। डाक विभाग ने 27 मई को राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022 के अनुरूप अपना डिजिपिन जानें और अपना पिन कोड जानें सेवाएं शुरू करने की घोषणा की थी। बयान में कहा गया, डाक विभाग नागरिकों, विकासकर्ताओं, संस्थानों और अन्य हितधारकों को दोनों पोर्टलों की छानबीन करने और उन्हें बेहतर बनाने में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। डाक विभाग ने आईआईटी हैदराबाद और एनआरएससी, इसरो के सहयोग से डिजिपिन (डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर) विकसित किया है। बयान में कहा गया है कि डिजिपिन पहल का उद्देश्य स्थान मानचित्रण को सरल बनाना, लॉजिस्टिक और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाना और अंतिम छोर तक वितरण सुनिश्चित करना है। इसमें आगे कहा गया कि अपना पिन कोड जानें सेवा के जरिये डाक विभाग का लक्ष्य छह अंकों की पिन कोड प्रणाली की भौगोलिक सटीकता को आधुनिक बनाना है।

# इन्फोसिस को राहत: 32,400 करोड़ का कारण बताओ नोटिस किया बंद

- जीएसटी आसूचना महानिदेशक ने दी राहत




**नई दिल्ली।** जीएसटी आसूचना महानिदेशक ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के लिए आईटी कंपनी इन्फोसिस के खिलाफ कारण बताओ नोटिस की पूर्व कार्यवाही बंद कर दी है। इस मामले में 32,403 करोड़ रुपये की जीएसटी राशि शामिल है।

भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि डीजीजीआई से सूचना प्राप्त होने के साथ ही, यह मामला बंद हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा, जीएसटी पर 31 जुलाई, 2024; एक अगस्त, 2024 और तीन अगस्त, 2024 को हमारी पिछली सूचनाओं के क्रम में, यह सूचित करना है कि कंपनी को डीजीजीआई से एक संचार प्राप्त हुआ है, जिसमें वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के लिए पूर्व-कारण बताओ नोटिस कार्यवाही को बंद कर दिया गया है। कहा कि उसे रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत आईजीएसटी (का भुगतान न करने के मुद्दे पर जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए डीजीजीआई द्वारा जारी पूर्व-कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ था।

## अमेरिकी पिज्जा ब्रांड लिटिल सीजर्स भारत में करेगा प्रवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पिज्जा श्रृंखला लिटिल सीजर्स भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही है। सबसे तेजी से बढ़ते त्वरित सेवा रेस्तरां बाजारों में से एक भारत, लिटिल सीजर्स के लिए 30वां बाजार होगा। लिटिल सीजर्स दुनिया की सबसे बड़ी पारिवारिक स्वामित्व वाली पिज्जा श्रृंखला है, जिसके लिए इसने अपने फ्रैंचाइजी साझेदार के रूप में हार्नेसिंग हार्वेस्ट को शामिल किया है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, उसकी इस महीने दिल्ली-एनसीआर में अपना पहला रेस्तरां खोलने की योजना है।

# वैज्ञानिक उपकरणों व उपभोग्य सामग्री खरीद के नियमों में ढील

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले संस्थानों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के लिए वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के वास्ते वित्तीय सीमा बढ़ा दी है।

जीएफआर में विशेष प्रावधानों में संशोधन के अनुसार, विभिन्न शोध एवं विकास संस्थानों के कुलपति और निदेशक अब बिना किसी घोषित मूल्य प्रस्ताव के दो लाख रुपये तक के वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्री शोध के लिए खरीद सकेंगे, जिसकी पहले एक लाख रुपये की सीमा थी। इनके अनुसार क्रय समिति द्वारा माल की खरीद के लिए वित्तीय सीमा को मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। एलटीई और विज्ञापित निविदा पूछताछ का उपयोग करके माल की खरीद के लिए वित्तीय सीमा मौजूदा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी गई है। कुलपतियों और निदेशकों को केवल अनुसंधान प्रयोजनों के लिए आवश्यक वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए 200 करोड़ रुपये तक की वैश्विक निविदा जारी करने की मंजूरी देने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

# कोको गाफ ने पहली बार जीता फ्रेंच ओपन खिताब

## महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया अमेरिकी खिलाड़ी ने

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया।

अमेरिका की 21 साल की दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया।

बारह साल पहले सेरेना विलियम्स ने मारिया शारापोवा को हराकर खिताब जीता था। पिछले 30 साल में यह दूसरी बार है जब खिताबी भिड़ंत शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुई है। गाफ के दूसरे मैच पॉइंट पर सबालेंका के बैकहैंड शॉट के वाइड होने के साथ खिताब अपने नाम किया। वह जीत दर्ज करने के बाद पीठ के बल लेट गयी और अपने चेहरे को दोनों हाथों से ढक लिया।



संयुक्त राज्य अमेरिका की कोको गौफ फ्रेंच टेनिस ओपन का फाइनल जीतने के बाद जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी

उन्होंने फिर अपने सिर को कोर्ट पर टिकाया और नेट पर सबालेंका का अभिवादन करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद फिल्म निर्देशक स्पाइक ली को गले लगाया और अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। गाफ तीसरे सेट में अहम मौके पर अपने खेल का स्तर ऊंचा करने में सफल रही।

उन्होंने इस सेट के तीसरे गेम में शानदार रैली जीत कर बेलारूस की सबालेंका पर दबाव बनाये रखा। उनके ड्रॉप शॉट और रिटर्न को संभालने में सबालेंका लगातार संघर्ष करते दिखी। इससे पहले कांटे की टक्कर वाले शुरुआती सेट को 6-7 से गंवाने के बाद गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में 6-2 से जीता। उन्होंने दमदार बैकहैंड रिटर्न से सबालेंका की सर्विस को दो बार ब्रेक कर दबदबा कायम किया। सबालेंका शुरुआती सेट में 4-1 की बढ़त बनाने में सफल रही लेकिन उन्होंने लगातार गलतियों और डबल फॉल्ट कर गाफ को वापसी का मौका दे दिया।

गाफ ने स्कोर को 4-4 किया लेकिन सबालेंका ने अमेरिका की खिलाड़ी की सर्विस को ब्रेक कर फिर से 5-4 की बढ़त बना ली। गॉफ ने धैर्य और संयम बनाये रखते हुए एक बार फिर से स्कोर बराबर किया। लगभग 80 मिनट तक चले इस सेट का फैसला टाई ब्रेक से हुआ जिसमें सबालेंका एक समय 0-3 से पिछड़ रही थी लेकिन वह खराब शुरुआत से उबरने में सफल रही।इस सेट के बाद 27 साल की सबालेंका पर थकान हावी होती दिखी तो वहीं गाफ ने संयम और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया।


महिला व्हीलचेयर एकल फाइनल मैच के बाद ट्रॉफी के साथ जापान की यूई कामीजी। उन्होंने नीदरलैंड की एनीक वान कूट को हराया। ● एजेंसी


सर्बिया के नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए।

## जोकोविच का फ्रेंच ओपन में आगे खेलना अनिश्चित

**पेरिस, एजेंसी :** रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर से हारने के बाद इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि वह दोबारा फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं।

जोकोविच ने सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद अपना बैग नीचे रखा और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा मेरा मतलब है कि यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता था, इसलिए मुझे नहीं पता। इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक था। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच ने मैच हारने के बाद अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों, जहां वह तीन बार चैंपियन रहे थे। उन्होंने अपना बैग ऊपर खींचा, स्टैंड की तरफ देखा और फिर बाहर चले गए।

## खेल डायरी

### पुर्तगाली फुटबॉल रोनाल्डो क्लब विश्वकप में नहीं खलेंगे



**लिस्बन :** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि वह इस महीने होने वाले क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने कहा मैं क्लब विश्वकप में नहीं रहूंगा। कुछ टीमों ने मुझसे संपर्क किया। कुछ ने समझदारी दिखाई और कुछ ने नहीं, लेकिन आप हर चीज करने की प्रयास नहीं कर सकते। आप हर गेंद को नहीं पकड़ सकते।" 40 वर्षीय रोनाल्डो का जून के आखिर में सऊदी अरब के क्लब अल-नासर के साथ अनुबंध समाप्त हो रहा है। मई में, फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अल-नासर के क्वालीफाई करने में विफल होने के बाद रोनाल्डो के क्लब विश्वकप में खेलने वाली टीम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। स्ट्राइकर रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद 2023 में अल-नासर क्लब में शामिल हुए थे। उन्होंने क्लब के लिए 111 मैचों में 99 गोल किए हैं, जिसमें पिछले सत्र में 41 मैचों में 35 गोल शामिल हैं। रोनाल्डो ने बुधवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 की जीत में विजयी गोल करके पुर्तगाल को राष्ट्र लीग फाइनल में जगह दिलाई थी।

### वीरेंद्र कंवर भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के वीरेंद्र कंवर शनिवार को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों में यहां नगालैंड के प्रेम सिंह बाजोर को मात्र दो वोट से हराया। इन चुनावों में अंतरिम समिति का भी चयन किया गया। कंवर को 33 मत मिले जो बाजोर से दो ज्यादा थे। तीसरे उम्मीदवार बिहार के आनंद शंकर को एक भी मत नहीं मिला। राजस्थान के रामानंद चौधरी 33 वोट पाकर नए महासचिव बने, उन्होंने महाराष्ट्र के नीलेश जगताप को चार वोटों से हराया। तेलंगाना के एन वी हनमनाथ और असम के सुशांत विश्वा 36-36 मतों के साथ उपाध्यक्ष चुने गये जबकि हरि सिंह चौहान (मध्य प्रदेश) ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। आनंद शंकर और कुलदीप वत्स ने दो संयुक्त सचिव पदों पर जीत हासिल की। बिनॉय जोश, मिथलेश कुमार, उत्तम राज, एस रामदास और पार्थ दास को कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया।

### इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया

**चेस्टर ली स्ट्रीट (इंग्लैंड) :** पूर्व कप्तान जोस बटलर केवल चार रन से शतक से चूक गए। उनकी धमाकेदार पारी और लंबे समय बाद वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन की शानदार गेंदबाजी की मदद से इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बटलर ने अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखी तथा 59 गेंद पर 96 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बैथेल ने नाबाद 23 रन का योगदान दिया।

### केएलएम ओपन में शर्मा कट से चूके, अहलावत रिटायर हुए

**एम्सटर्डम :** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां केएलएम ओपन के दूसरे दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में असफल रहे। शर्मा ने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाया था। अंधेरा होने के कारण दूसरे दिन का खेल पूरा नहीं हो पाया था। हालांकि अनुमानित कट चार ओवर पर निर्धारित है, लेकिन शर्मा का स्कोर आठ ओवर पर है और उनका कट से चूकना निश्चित है। उन्होंने अपने दूसरे राउंड में दो बर्डी बनाई और एक बोगी की। इस बीच वीर अहलावत पहले दिन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रिटायर हो गए। उन्होंने पहले दौर में 78 का कार्ड खेला था।

## याराजी ने 100 मीटर बाधादौड़ में मारी बाजी

**ताइपे सिटी, एजेंसी**

ताइवान ओपन



एशियाई चैंपियन ज्योति याराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन में शनिवार को महिलाओं की सौ मीटर बाधा दौड़ में अव्वल रही और भारत के छह एथलीटों को स्वर्ण पदक मिला।

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी याराजी ने 12.99 सेकंड का समय निकाला। जापान की असुका तेराडा (13.04 सेकंड) और चिसातो कियोयामा (13.10 सेकंड) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। याराजी ने 29 मई को दक्षिण कोरिया में एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था जिसमें उन्होंने 12.96 सेकंड का समय निकाला था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस सिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.52 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ताइवान के सियेह युआन केइ (13.72 सेकंड) को रजत और कुइ रू चेन (13.75) को कांस्य पदक मिला। भारत की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन) ने स्वर्ण पदक जीता। वे अपने ही 38.69 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सेकंड के 600वें हिस्से से चूक गए। वे हालांकि तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क से भी चूक गए।

## कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

● विश्व चैंपियन डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे

विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के कारण नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने यहां रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता।

गुकेश ने 2018 के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कारूआना के खिलाफ समय समाप्त होने के कारण एक बड़ी गलती की इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि मौका उनके हाथ से निकल गया है।




गत विजेता कार्लसन ने शुक्रवार को 10वें राउंड में भारत के अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाई और इस तरह से खिताब अपने नाम पक्का किया। कारूआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे जबकि एरिगैसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एरिगैसी ने स्थानीय खिलाड़ी कार्लसन के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक जीता, लेकिन अंत में इसका कोई महत्व नहीं रहा। महिला वर्ग मे दो बार की विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियन, यूक्रेन की अन्ना मुज़ीचुक ने अंतिम राउंड में भारत की आर वैशाली से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारने के बावजूद 16.5 अंकों के साथ खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ियों में कोनेरू हम्पी 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही जबकि वैशाली टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने 11 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

## ब्रिटेन पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ब्रिटेन पहुंच गई है। यह सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारतीय टीम शुक्रवार की रात को मुंबई से ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, जो रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद एक नए युग की शुरुआत होगी। कई भारतीय खिलाड़ी भारत ए टीम के हिस्से के रूप में पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। भारत ए अभी इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैचों की अनधिकृत टेस्ट सीरीज में भाग ले रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किए गए साई सुदर्शन ने कहा भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है विशेषकर टेस्ट श्रृंखला के लिए। ब्रिटेन में आपका स्वागत है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इसके बाद बर्मिंघम (2-6 जुलाई), लॉर्ड्स (10-14 जुलाई), मैनचेस्टर (23-27 जुलाई) और ओवल (4-8 अगस्त) में मैच खेले जाएंगे।


इंग्लैंड रवाना होने से पहले मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम। ● एजेंसी

### भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के तीन विकेट पर 192 रन

**नॉर्थम्पटन :** तेज गेंदबाजी हरफनमौला शार्दुल ठाकुर और नीतिश कुमार रेड्डी कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके और भारत ए के 348 रन के जवाब में इंग्लैंड लायंस ने चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 46 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बना लिये जब खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी रोकना पड़ा। भारतीय टीम प्रबंधन ठाकुर और रेड्डी को विकेट नहीं मिलने से चिंतित होगा क्योंकि दोनों इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम में तेज गेंदबाजी हरफनमौला के एकमात्र स्थान के दावेदार हैं। कैंटरबरी में पहले चार दिवसीय मैच में ठाकुर ने 28 ओवर में 105 रन देकर दो विकेट लिये थे जबकि रेड्डी ने 14 .5 ओवर में 63 रन देकर एकमात्र विकेट पाया था।

### गिल को लंबे समय तक टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी देनी चाहिए : पोंटिंग

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत ने टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपकर सही फैसला किया है और अब इस युवा बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए। पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय टीम मौजूदा बदलाव के दौर को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से निपट सकती है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा मुझे लगता है कि यह सही कदम है। बहुत से लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बुमराह को कप्तान क्यों नहीं बनाया गया और उन्होंने शुभमन को क्यों चुना, पर मुझे लगता है कि इसे समझना बहुत ही सरल है। बुमराह कुछ वर्षों से चोटिल होते रहे हैं और इसी वजह से वह इस दौड़ में थोड़े पीछे चले गए।


## डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए नयी चुनौती होगी: लियोन

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि सभी प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अनुभव होने के बावजूद उनकी टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना एक अलग चुनौती होगी क्योंकि यह मुकाबला ड्यूक गेंद के साथ विदेशी परिस्थितियों में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया 11 जून से लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में गत विजेता के रूप में उतरेगा। उनकी टीम में पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल के अलावा 2015 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2023 वनडे विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईसीसी ने लियोन के हवाले से कहा हमारी टीम में तीन (50 ओवर) विश्व कप और टी20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ दो साल पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतने वाले खिलाड़ियों का अनुभव है। यह अनुभव और बड़े मैचों के दबाव झेलने की क्षमता हमारे पक्ष में है।

## मेसी निश्चित रूप से केरल का दौरा करेंगे

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



● केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने कहा-प्रायोजक ने मैच फीस का भुगतान किया

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को कहा कि सरकार की पहले की घोषणा के मुताबिक महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम निश्चित रूप से राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्टूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाये रखने की कोशिश की है। अब्दुरहीमान और प्रायोजक (रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी) दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने शुक्रवार को फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि 'मेसी आएंगे'। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में 'रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी' को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने शनिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रायोजक द्वारा मैच फीस के भुगतान में कुछ देरी हुई थी और अब यह मामला सुलझ गया है।

## प्रो लीग यूरोप चरण के पहले मैच में नीदरलैंड से हारी भारतीय टीम

**एम्सटेलवीन, एजेंसी**

एक गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के पहले मैच में शनिवार को ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के हाथों 2-1 से हार गई। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दागकर भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन नीदरलैंड के लिए थीज वैन डैम ने दो फील्ड गोल (25वां और 58वां मिनट) करके भारत के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया।




भुवनेश्वर में खेले गए प्रो लीग के घरेलू चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करके भारत तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिये भारतीय टीम की नजरें यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने पर लगी हैं लेकिन आगाज जीत के साथ नहीं हो सका। भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की और अच्छे पास देकर गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा। पहले आठ मिनट में दोनों टीमों ने रक्षात्मक हॉकी दिखाई। भारत को इसके बाद गोल करने का सुनहरा मौका मिला जब डच सर्कल के भीतर दिलप्रीत सिंह को गेंद मिली लेकिन उसे गोलकीपर मौरित्ज विसेर ने बचा लिया। वहीं नीदरलैंड ने जवाबी हमला बोला और थियरी ब्रिंकमैन दाहिने फ्लैंक से भारतीय सर्कल में सेंध लगाने घुसे लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने चुस्ती दिखाई। दूसरे क्वार्टर में 17वें मिनट में स्टेन वान हेइजिनिंगजेन का वार भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने बचा लिया। भारत को जवाबी हमले में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर हरमनप्रीत ने गोल दागा। भारत की बढत हालांकि ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही और पांच मिनट बाद ही वैन डैम ने बराबरी का गोल दाग दिया। हाफटाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था। दूसरे हाफ में भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति में तालमेल का अभाव दिखा और गोल करने के मौके भी नहीं बन सके।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप में खेलेगी

**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में आठ से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेलेगी।

भारतीय टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जहां से वह सीधे बेल्जियम के लिए रवाना हो गई थी। भारत यूरोप के अपने दौरे की शुरुआत एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज प्लीन में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

## धोखाधड़ी में 30 पहलवान निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● उम्र में हेरफेर करने का मामाला डब्ल्यूएफआई ने की कार्रवाई

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए पिछले महीने 400 से अधिक ऐसे मामलों की जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि हरियाणा के कई पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके यह दिखाया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में पैदा हुए हैं और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के पात्र हैं।

इनमें दो पहलवान ऐसे हैं जिन्होंने हाल में बिहार में आयोजित खेलो इंडिया खेल में पदक जीते थे।

डब्ल्यूएफआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई को बताया हम पहलवानों का करियर खराब नहीं करना चाहते, इसलिए हमने उन्हें जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं जैसे अंडर-18 और कैडेट स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। अगर वे 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं तो उन्हें सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्हें अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

उन्होंने कहा उन्हें डब्ल्यूएफआई से अपने कृत्य और धोखाधड़ी के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए। हम उनके मामलों पर विचार करेंगे। यह कुछ समय से चल रहा है। पिछले 30-40 दिनों में हमने एक-एक करके लगभग 30 ऐसे पहलवानों को निलंबित किया है। डब्ल्यूएफआई अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकतर पहलवानों ने हरियाणा में अपने प्रशिक्षकों के बहकावे में आकर दिल्ली के नरेला और रोहिणी क्षेत्र से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए रिश्वत दी। उन्होंने कहा ऐसे 436 मामलों में से करीब 300 मामले नरेला क्षेत्र से थे, जबकि बाकी मामले सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी जैसे क्षेत्र से थे जो रोहिणी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकतर पहलवान बेगमपुरा से आयु प्रमाण पत्र हासिल कर रहे थे। अधिकारी ने कहा वे सभी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे, क्योंकि हरियाणा की टीम में चयन होना आसान नहीं है। हमने शिकायतें मिलने के बाद एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड से संपर्क किया तथा जांच और सत्यापन के बाद यह साबित हो गया कि उनके प्रमाण पत्र फर्जी थे। उन्होंने कहा इसके लिए कोच जिम्मेदार हैं।

# किडनी मरीज की उड़ान छूटी, शिंदे ने अपने चार्टर्ड विमान से पहुंचाया मुंबई

ठाणे, एजेंसी



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किडनी की बीमारी से जूझ रही महिला की उड़ान छूटने पर मदद करते हुए अपने चार्टर्ड विमान से जलगांव से मुंबई पहुंचाया। मुंबई में महिला का किडनी प्रत्यारोपण होना था।

शिंदे के कार्यालय ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार रात जलगांव हवाई अड्डे पर हुई। उपमुख्यमंत्री शिंदे जलगांव के मुक्तैनगर में संत मुक्ताबाई पालखी प्रस्थान समारोह में गए थे। मुंबई लौटते समय जलगांव हवाईअड्डे पर उनकी उड़ान थोड़ी देर से रवाना हुई। यही देरी एक महिला मरीज के लिए जीवन बचाने वाली साबित हुई, जिसे तुरंत किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत थी। शीतल बोर्डे नामक महिला को सर्जरी के लिए मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया जाना था, लेकिन जब वह हवाई अड्डा पहुंचीं, तब तक उसकी उड़ान प्रस्थान कर चुकी थी। इससे उसे अपनी सर्जरी असंभव प्रतीत होने लगी। जब बोर्डे ने अपनी परेशानी हवाईअड्डे पर मौजूद कार्यकर्ताओं को बताई, तो उन्होंने तुरंत राज्य के मंत्री गिरीश महाजन से संपर्क किया। महाजन ने उपमुख्यमंत्री शिंदे से मदद की अपील की। शिंदे ने महिला और उसके पति को अपने चार्टर्ड विमान में मुंबई ले जाने की अनुमति दी। यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने खुद महिला से बातचीत की और उसके इलाज के बारे में जानकारी ली।

### शिंदे के विमान को पायलट ने उड़ाने से किया इन्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का विमान पायलट ने यह कहते हुए उड़ाने से मना कर दिया कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया है, जिससे वहां हड़कंप मच गया। नेता और एयरपोर्ट के अधिकारियों के मनाने के बाद वह पायलट उड़ाने ले जाने को तैयार हो गया। शिंदे मुंबई से शाम को जलगांव पहुंचे और रात में वहां से मुंबई आना था, लेकिन पायलट ने उड़ान भरने से मना कर दिया और कहा कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया। इसके बाद मंत्री गिरीश महाजन, गुलाबराव पाटिल और जिला कलेक्टर और विमानन प्राधिकरण के अधिकारी, पायलटों को मनाने की कोशिश करने लगे। पायलटों से शिंदे की बंद कमरे में बातचीत हुई।

# डॉक्टर इंटरनेट कर रहा बीमार

## बढ़ा रहा जान का जोखिम

आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोग स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टरों के बनाए रील्स और वीडियो कई बार उपयोगी जानकारी देते हैं, लेकिन कई लोग इन्हें देखकर खुद ही अपना इलाज करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति बेहद खतरनाक हो सकती है क्योंकि हर व्यक्ति की बीमारी, शारीरिक स्थिति और दवा की प्रतिक्रिया अलग होती है। खुद इलाज करने से गलत दवाएं लेना, बीमारी का सही निदान न होना और गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग ऑनलाइन जानकारी को केवल संदर्भ के रूप में लें और किसी भी इलाज से पहले योग्य डॉक्टर से परामर्श करें। यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इससे बचने के लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है...



### रील्स देखकर इलाज करना घातक

इंटरनेट पर मौजूद डॉक्टरों के रील्स या वीडियो जनता को आसान भाषा में स्वास्थ्य की जानकारी देते हैं, लेकिन जब लोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के इलाज करना शुरू कर देते हैं, तब यह बेहद खतरा होता है। इसमें गलत दवा का सेवन, लक्षणों के आधार पर गलत बीमारी का अनुमान, गंभीर बीमारियों का समय पर पता न चलना, दवाओं के दुष्प्रभाव या एलर्जी की आशंका बढ़ जाती है।

### जागरूकता

लोगों को यह समझना बेहद ज़रूरी है कि डॉक्टर की सलाह केवल स्क्रीन देखकर नहीं ली जा सकती। स्वास्थ्य से जुड़ी ऑनलाइन सामग्री को जानकारी के लिए देखें, इलाज के लिए नहीं। सोशल मीडिया पर साझा की जानकारी के स्रोत और प्रमाण की जांच करें। डॉक्टर की सलाह को प्राथमिकता दें। स्कूल, कॉलेज व पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा पर बल देना चाहिए।

### सरकार की भूमिका

सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रयास करना होगा ताकि इसको रोका जा सके। भ्रामक मेडिकल सामग्री को हटाने के लिए कड़े नियम लागू होने चाहिए। डॉक्टरों को रील्स बनाते समय सामान्य जानकारी मात्र जैसे डिस्क्लेमर अनिवार्य करना चाहिए। सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से प्रमाणित जानकारी देने वाले पोर्टल्स को बढ़ावा दे सकती है।

### कानूनी प्रावधान

भारत में ड्रग एंड मैजिक रैमेडिस एक्ट, 1954 और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत झूठे इलाज का प्रचार–प्रसार दंडनीय अपराध है। गलत या भ्रामक इलाज दिखाने पर सजा या जुर्माना हो सकता है। बिना रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के इलाज बताना कानून गलत है। साइबर अपराध कानून के तहत भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### हाल ही में हुई घटनाएं

**मथुरा : स्वयं सर्जरी का प्रयास–** मार्च 2025 में मथुरा के वृंदावन के राजा बाबू ने पेट दर्द से परेशान होकर यूट्यूब वीडियो देखकर खुद सर्जरी करने का प्रयास किया। उन्होंने मेडिकल स्टोर से सर्जिकल उपकरण और दवाएं खरीदीं, और अपने पेट पर सात इंच का चीरा लगाकर 11 टांके लगाए। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

**मैनपुरी : डॉक्टर की लापरवाही से मौत–** जनवरी 2025 में, मैनपुरी के महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल में महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जब ऑन–ड्यूटी डॉक्टर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील्स देखने में व्यस्त थे। परिजनों के आग्रह के बावजूद डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा।

**पुणे : फिटनेस रील्स से चोट–** पुणे के निवासी ने सोशल मीडिया पर फिटनेस विशेषज्ञ की रील देखकर कंधे और पेट की एक्सरसाइज की, जिससे उनके कंधे में चोट लग गई और उन्हें दो महीने तक फिजियोथेरेपी करानी पड़ी।

## एक नजर

### रूसी हमले में यूक्रेन के 3 लोगों की मौतः अधिकारी

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर को निशाना बनाकर शनिवार को ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी बमबारी में घातक हवाई 'ग्लाइड बम' भी इस्तेमाल किए गए। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने 215 मिसाइल और ड्रोन से हमले किए तथा यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने 87 ड्रोन और सात मिसाइल को मार गिराया एवं उन्हें निष्क्रिय कर दिया।

### जासूसी में गिरफ्तार यूट्यूबर की हिरासत दो दिन बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब में मोहाली की अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह की पुलिस हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। यूट्यूबर को चार जून को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को, तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया। सिंह के वकील ने बताया कि पुलिस ने उसे सात दिन की रिमांड में देने का अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने दो दिन के लिए ही हिरासत में भेजा। पुलिस के अनुसार, यूट्यूबर सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' ज्योति मल्होत्रा के कथित रूप से संपर्क में था, जो पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में अभी हिरासत में है।

### अमेरिका : आव्रजन उल्लंघन पर 44 लोग गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियम के उल्लंघन पर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया। एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प देखी गई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर–बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। गृह मंत्रालय की प्रवक्ता यास्मीन पिट्स ओ'कीफ ने बताया कि आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारियों और एजेंटों ने तीन स्थानों पर तलाश अभियान चलाया।

### नेपाल में सोना रखने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक भारतीय को 274 ग्राम सोना लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल के महादेव सामंत को शुक्रवार को काठमांडू जा रही बस में सुरक्षा जांच के दौरान चंद्रगिरि नगर पालिका के नागधुंगा से गिरफ्तार किया गया। भारतीय नागरिक बिना सीमा शुल्क चुकाए सोना लेकर आया था।

# अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने के लिए भारत तैयार नहीं : विदेश मंत्री

## जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान की टिप्पणी

- जयशंकर के साथ वार्ता करने से पहले ब्रिटिश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में बैठक के दौरान ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एस जयशंकर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान शनिवार को कहा कि भारत अपने सहयोगी देशों से यह अपेक्षा करता है कि वे उसकी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को समझे और वह (भारत) कभी भी 'अपराध करने वालों' को पीड़ितों के समकक्ष रखने को स्वीकार नहीं करेगा। जयशंकर की यह टिप्पणी वैश्विक समुदाय को स्पष्ट संदेश देने की कोशिश प्रतीत होती है।

विदेश मंत्री की यह टिप्पणी उस पृष्ठभूमि में आई है जब पिछले माह भारत और पाकिस्तान के बीच हुए चार दिन के संघर्ष के बाद कई देशों द्वारा दोनों को एक ही तराजू पर तौलने को लेकर नयी दिल्ली में असहजता महसूस की जा रही है। लैमी दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के कई पहलुओं की समीक्षा करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर आज सुबह नयी दिल्ली पहुंचे। ब्रिटेन की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आर्थिक और प्रवासन संबंधों को मजबूत करना तथा ब्रिटिश व्यवसायों के लिए और अधिक विकास के अवसर प्रदान करना, ब्रिटेन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा की शीर्ष प्राथमिकता होगी।

जयशंकर के साथ वार्ता करने से पहले ब्रिटिश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। लैमी के साथ बैठक के दौरान टेलीविज़न पर प्रसारित संबोधन में जयशंकर ने पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए ब्रिटेन का आभार व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में लंदन द्वारा दिखाई एकजुटता और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हैं और सहयोगी देशों से अपेक्षा करते हैं कि वे इसे समझे। साथ ही, हम कभी भी अपराधियों को पीड़ितों के समकक्ष रखने को स्वीकार नहीं करेंगे। ब्रिटेन उन देशों में शामिल था जो पिछले माह 7-10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान तनाव को कम करने के प्रयास में भारत और पाकिस्तान दोनों के संपर्क में थे। लैमी 16 मई को इस्लामाबाद की दो दिवसीय यात्रा पर गए थे जिस दौरान उन्होंने सैन्य संघर्ष रोकने के लिए भारत तथा पाकिस्तान के बीच 10 मई को बनी सहमति का स्वागत किया।

### दोनों देशों में हुए समझौते मील का पत्थरः जयशंकर

जयशंकर ने हाल में हुए भारत–ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते और दोहरे अंशदान समझौते को मील का पत्थर बताया। जयशंकर ने कहा, इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, बल्कि हमारे संबंधों के अन्य रणनीतिक पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। ब्रिटेन के विदेश सचिव लैमी ने प्रवासन साझेदारी, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा के लिए चल रहा कार्य है, में हुई प्रगति का भी स्वागत किया। प्रवासन से निपटना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बनी हुई है, और लैमी घरेलू स्तर पर ब्रिटेन की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूप से काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लैमी ने कहा, विदेश मंत्री के तौर पर मेरे पहले विदेशी दौरों में भारत भी शामिल रहा और तब से यह हमारी परिवर्तनकारी योजना को क्रियान्वित करने में एक प्रमुख भागीदार रहा है।

## सुरक्षा का नया द्वार



तिरुवनंतपुरम के विझिनजाम में भारतीय तटरक्षक बल की नई जेटी का शनिवार को उद्घाटन हुआ। यह आधुनिक जेटी समुद्री निगरानी और तटीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाएगी। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। एजेंसी

# पाकिस्तान को चीन देगा अत्याधुनिक विमान और मिसाइल रक्षा प्रणाली

बीजिंग/इस्लामाबाद, एजेंसी

- जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली देगा चीन

चीन और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों को और मजबूत करते हुए बीजिंग ने इस्लामाबाद को अपने उन्नत जे-35 स्टील्थ विमानों के साथ केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की पेशकश की है।

संघीय सरकार द्वारा एक्स पर साझा की जानकारी के अनुसार चीनी सरकार ने 40 जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एडब्ल्यूएसीएस) सिस्टम और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। समा टीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चीन के शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (एसएसी) द्वारा निर्मित यह चेंगदू जे-20 विमान के बाद चीन में दूसरा 5वीं पीढ़ी का विमान है।

चीनी मीडिया के अनुसार विमान उन्नत सेंसर, बहु-भूमिका क्षमता आधारित एवियोनिक विशेषताओं, सटीक निर्देशित मिसाइल प्रणालियों, एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से सुसज्जित है जिन्हें विशेष रूप से ईएमपी हथियारों से जामिंग को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और ड्रोन तथा अन्य विमानों के साथ नेटवर्क लिंक हैं।

# ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में आपातकालीन शक्तियों का किया जमकर इस्तेमाल

वाशिंगटन, एजेंसी



- ट्रंप का दावा- उनके नेतृत्व में संकट से उबर रहा है अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल में आपातकालीन शक्तियों का जिस तरह से इस्तेमाल किया, वैसा किसी भी पूर्व राष्ट्रपति ने नहीं किया है।

ट्रंप का दावा है कि उनके नेतृत्व में अमेरिका संकट से उबर रहा है, लेकिन उन्होंने कड़े आयात शुल्क लगाने, सीमा पर सैनिकों की तैनाती और पर्यावरण नियमों को दरकिनार करने जैसे फैसलों में उन नियमों और कानूनों का सहारा लिया, जिन्हें सिर्फ युद्ध या राष्ट्रीय आपात जैसी असाधारण परिस्थितियों के लिए बनाया गया था। एसोसिएटेड प्रेस के विश्लेषण में सामने आया है कि ट्रंप के 150 कार्यकारी आदेशों में से 30 में किसी न किसी प्रकार की आपातकालीन शक्ति का हवाला दिया गया है। यह आंकड़ा उनके हालिया पूर्ववर्तियों की तुलना में काफी अधिक है। इसका परिणाम यह हुआ है कि राष्ट्रपति का उनकी शक्तियों का इस्तेमाल करने का तरीका पूरी तरह बदल गया है। ट्रंप अप्रत्याशित संकट का सामना करने के बजाय आपातकालीन शक्तियों का उपयोग संसद के अधिकार को कमजोर करने और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। इल्या सोमिन ने कहा, ट्रंप की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने आपातकालीन शक्तियों का जो उपयोग किया, उसका पैमाना और विस्तार बहुत बड़ा है, जो किसी भी हाल के राष्ट्रपति के कार्यकाल से कहीं अधिक है। इल्या सोमिन उन पांच अमेरिकी व्यवसायों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिन्होंने प्रशासन पर मुकदमा दायर किया था और दावा किया था कि ट्रंप के कथित 'लिबरेशन डे' शुल्क से उन्हें नुकसान हुआ है।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

## प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने किया समर्थन



अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ सांसद शशि थरूर।

अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडाउ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। यह प्रतिनिधिमंडल पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए अमेरिका आया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां लैंडाउ से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख वार्ताकारों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की अमेरिकी उप विदेश मंत्री लैंडाउ के साथ अच्छी और स्पष्ट बातचीत हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम हमले की क्रूरता और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

लैंडाउ ने एक्स पर कहा कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक शानदार थी। उन्होंने कहा, मैंने फिर से पुष्टि की कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। हमने दोनों देशों में विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने समेत अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि लैंडाउ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत के लिए अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों में आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के महत्व पर लैंडाउ के साथ चर्चा की।

**बदलती तस्वीर** विश्व बैंक के अनुसार गरीबी दर 2011–12 में 27 .1% से घटकर 2022–23 में 5 .3% हुई

# एक दशक में कम हुई भारत में अत्यधिक गरीबी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत की अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1% से एक दशक में तेजी से घटकर 2022-23 में 5.3% रह गई। हालांकि, विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित कर तीन डॉलर प्रति दिन कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा कि 2017 और 2021 के बीच भारत की मुद्रास्फीति दर को देखते हुए, तीन डॉलर की संशोधित अत्यधिक गरीबी रेखा 2021 की कीमतों में व्यक्त 2.15 डॉलर की सीमा से 15 प्रतिशत अधिक होगी और इसके परिणामस्वरूप 2022-23 में गरीबी दर 5.3 प्रतिशत होगी।

रिपोर्ट अनुसार भारत में 2024 में 54,695,832 लोग तीन डॉलर प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन कर रहे थे। तीन डॉलर प्रतिदिन (2021 पीपीपी- प्रतिशत जनसंख्या) पर गरीबी दर 2024 में 5.44% है। 2011-12 और 2022-23 के बीच अत्यधिक गरीबी की दर 16.2 से घटकर 2.3% हो गई, जबकि निम्न मध्यम आय वाले देश (एलएमआईसी) में गरीबी दर में 33.7% अंकों की गिरावट आई। मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण से गरीबी में कमी आई और ग्रामीण-शहरी गरीबी का अंतर कम हुआ। पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 54% अत्यंत गरीब लोग रहते हैं। अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत की वास्तविक जीडीपी महामारी-पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग पांच प्रतिशत कम थी। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को व्यवस्थित तरीके से हल किए जाने की स्थिति में 2027-28 तक वृद्धि धीरे-धीरे संभावित स्तर पर वापस आ जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, परिदृश्य में महत्वपूर्ण नकारात्मक जोखिम हैं, क्योंकि वैश्विक स्तर पर नीतिगत बदलाव जारी रह सकते हैं। बढ़ते व्यापार तनाव से भारत के निर्यात की मांग कम होगी और निवेश में सुधार में और देरी होगी।

### 2026-28 के दौरान जीडीपी के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद

चालू खाता घाटा 2026–28 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद है और पूंजी प्रवाह द्वारा पर्याप्त रूप से वित्तपोषित रहेगा। साथ ही, विदेशी मुद्रा भंडार सकल घरेलू उत्पाद के 16 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत ने 2011–12 और 2022–23 के बीच के दशक में 17 .1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है।

### मीठी नदी सफाई घोटाला

## ईडी ने अभिनेता और बीएमसी अधिकारियों को किया तलब

**मुंबई।** ईडी ने मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े घोटाले से संबंधित धन शोधन में अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई तथा बीएमसी के कुछ अधिकारियों समेत आठ लोगों को अगले सप्ताह पूछताछ के लिए बुलाया है।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ये नोटिस संघीय एजेंसी द्वारा शुक्रवार को मुंबई और केरल के कोच्चि में इन लोगों से जुड़े 15 से अधिक परिसरों की तलाशी के बाद जारी हुए हैं। अभिनेता, उनके भाई सेंटिनो और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों समेत करीब आठ से नौ लोगों को अगले सप्ताह अलग-अलग तारीखों पर मुंबई स्थित ईडी कार्यालय में एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है।

# नए पोप के सामने आमदनी की चुनौती

वैटिकन सिटी, एजेंसी



- रोमन कैथोलिक चर्च की केंद्रीय सरकार की आमदनी में आ रही लगातार गिरावट

दुनिया के सबसे छोटे देश वेटिकन के सामने बजट की बड़ी समस्या है। वेटिकन अपने निवासियों पर कर नहीं लगाता है या बांड जारी नहीं करता है। रोमन कैथोलिक चर्च की केंद्रीय सरकार मुख्य रूप से दान से चलती है, जिसमें लगातार गिरावट हो रही है। इसके अलावा वैटिकन संग्रहालयों के लिए टिकट बिक्री, निवेश से होने वाली आय और रियल एस्टेट से कुछ आमदनी हो जाती है।

रोमन कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी की केंद्रीय प्रशासनिक संस्था होली सी के 2021 में आमदनी 87.8 करोड़ डॉलर थी। हालांकि खर्च ज्यादा था। पोप लियो 14वें के सामने सबसे बड़ी चुनौती वेटिकन को घाटे से निकालने की है। कोई भी वेटिकन को पैसे दान कर सकता है, लेकिन नियमित स्रोत दो मुख्य रूपों में आते हैं। कैनन कानून के अनुसार दुनिया भर के बिशपों को वार्षिक शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। वेटिकन के अनुसार सालाना एकत्र किए 2.2 करोड़ डॉलर में एक तिहाई से अधिक का योगदान अमेरिकी बिशपों ने दिया। वार्षिक दान का दूसरा मुख्य स्रोत आम कैथोलिकों के लिए अधिक जाना-पहचाना है- पीटर्स पेंस। यह एक विशेष संग्रह है, जो आमतौर पर जून के आखिरी रविवार को लिया जाता है। अमेरिका से इस मद में औसतन 2.7 करोड़ डॉलर मिले, जो वैश्विक संग्रह के आधे से अधिक है। हालांकि इसमें लगातार गिरावट हो रही है। वेटिकन के अपने संस्थान भी अंशदान कम कर रहे हैं।

कैथोलिक यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के बिजनेस स्कूल में चर्च प्रबंधन कार्यक्रम के निदेशक रॉबर्ट गहल ने कहा कि लियो को अमेरिका के बाहर से दान जुटाना होगा, जो छोटा काम नहीं है। यूरोप में व्यक्तिगत रूप से परोपकार की परंपरा (और कर लाभ) बहुत कम है। वेटिकन के पास इटली में 4,249 संपत्तियां हैं। लंदन, पेरिस, जिनेवा और स्विट्जरलैंड में 1,200 से अधिक संपत्तियां हैं। इनका पांचवां हिस्सा ही उचित बाजार मूल्य पर किराए पर दिया जाता है। 2023 में इन संपत्तियों से केवल 3.99 करोड़ डॉलर का लाभ हुआ। अमेरिका स्थित पापल फाउंडेशन के अध्यक्ष वार्ड फिट्जगेराल्ड ने कहा कि वेटिकन को भी कुछ संपत्तियां बेचने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिनका रख-रखाव करना बहुत महंगा है।